अधिकतम :30°C
न्यूनतम: 22°C
81,721.08
24,853.15
98,900
99,900

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

हल्द्वानी, सोमवार 26 मई 2025 हल्द्वानी संस्करण: वर्ष 22 अंक 275 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष 14 विक्रमी सम्वत् 2082 27 ज़ीक़ादा 1446 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



**ट्रम्प का एपल के बहाने भारत पर निशाना**

विस्तृत खबर देश-विदेश पर



**वापस लौटे हेजलवुड आरसीबी से जुड़ेंगे**

विस्तृत खबर खेल टाइम्स पर

# पहलगाम के बाद अमरनाथ यात्रा में हाई सिक्योरिटी

## 60 किमी के रूट पर 35 हजार जवान, 4 हजार सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे

पहलगाम, वार्ता

**पहलगाम आतंकी** हमले के बाद इस साल अमरनाथ यात्रा अपने इतिहास की सबसे कड़ी हाई सिक्योरिटी में होने जा रही है। सीनियर पुलिस अधिकारी ने बताया कि 2024 में जहां कुल 40 हजार जवान तैनात थे। वहीं इस बार 35 हजार जवानों की तैनाती 60 किमी वाले दोनों यात्रा रूट पर ही रहेगी। इसके अलावा, जम्मू से पवित्र गुफा तक की सुरक्षा एक लाख जवान संभालेंगे।

दोनों रूट हाई रेजोल्यूशन और फेस रिकग्निशन टेक्नोलॉजी वाले 4 हजार सीसीटीवी कैमरों से लैस रहेंगे। इन्हें 6 कंट्रोल रूम से जोड़ा जाएगा। बंकर भी बनाए जा रहे हैं। जम्मू से पवित्र गुफा तक दो यात्रा रूट हैं। पहला- 14 किमी लंबा बालटाल रूट, जो बेस कैंप से गुफा तक 14 किमी लंबा है। दूसरा- पहलगाम रूट जो बेसकैंप से गुफा तक 46 किमी लंबा है। 3 जुलाई से शुरू होने वाली इस तीर्थयात्रा के लिए देशभर से 4 लाख से अधिक श्रद्धालु रजिस्ट्रेशन करा चुके हैं। श्री अमरनाथ श्राइन बोर्ड के अधिकारी कई विभागों के साथ पहलगाम और बालटाल के दोनों मार्गों पर ट्रैक को साफ करने और सुविधाओं को लेकर काम कर रहे हैं। बालटाल मार्ग से बालटाल, नीलग्रथ डोमेल, ब्रारी मार्ग, संगम, लोअर गुफा और पवित्र गुफा पर शिविर स्थापित किए जा रहे हैं। पहलगाम मार्ग से नंदीवान, चंदनवाड़ी, पिसु टाप, शेषनाग और पंचतरणी पर भी कैंप बन रहे हैं। बालटाल और नंदीवान बेस कैंप में दो नए यात्री भवन का निर्माण शामिल है। श्रीनगर के पंथाचौक स्थित 6 मंजिला यात्री निवास की दो और मंजिलें इस साल शुरू होने वाली हैं। इसकी क्षमता 1,000 लोगों की है। स्वच्छता सेवाओं का काम ग्रामीण विकास विभाग को सौंपा गया है। 5,000 शौचालय स्थापित किए जा रहे हैं, 2,000 कर्मचारी तैनात किए जाएंगे। सुरक्षा के अलावा, तीर्थयात्रा के सुचारू संचालन को सुविधाजनक बनाने के लिए भी तैयारियां चल रही हैं।

- चार लाख श्रद्धालुओं ने रजिस्ट्रेशन करवाया



# चार राज्यों में पहुंचा मानसून, महाराष्ट्र में तेज बारिश

शाह टाइम्स ब्यूरो

- जून के पहले हफ्ते में मप्र में एंट्री संभव, दिल्ली में 49 फ्लाइट्स डायवर्ट, हिमाचल में बादल फटा
- गाजियाबाद में एसीपी ऑफिस में बने कमरे की छत गिरने से एसआई की दबकर मौत

**नई दिल्ली।** केरल, कर्नाटक, तमिलनाडु के बाद मानसून की एंट्री महाराष्ट्र में हो गई है। रविवार को पश्चिमी महाराष्ट्र के जिलों में बारिश हो रही है। मौसम विभाग ने इन जिलों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है।

मौसम विभाग ने रायगढ़, रत्नागिरी, सिंधुदुर्ग, सातारा, पुणे, कोल्हापुर सहित पहाड़ी इलाकों में बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। मुंबई और कोंकण में प्री-मानसून बारिश ने दस्तक दे दी है। मध्य प्रदेश में भी समय से पहले मानसून की एंट्री हो सकती है। जून के पहले हफ्ते में तेज बारिश का दौर शुरू होगा। आमतौर पर राज्य में मानसून की एंट्री 16 जून के आसपास होती है। पिछले साल 21 जून को मानसून आया था। दिल्ली में शनिवार रात आंधी-तूफान के साथ तेज बारिश हुई। इसके चलते 100 से ज्यादा फ्लाइट प्रभावित हुईं। दिल्ली एयरपोर्ट ने बताया कि रात 11:30 बजे से सुबह 4:00 बजे तक 49 फ्लाइट्स डायवर्ट की गईं। मौसम विभाग ने बताया कि रात 11:30 बजे से सुबह 5:30 बजे तक 82 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से आंधी चली और 3.2 इंच (81.2 -शेष पृष्ठ दो पर

## तटरक्षक बल और नौसेना ने लाइबेरियाई पोत पर सवार सभी 24 लोगों को बचाया

**नई दिल्ली।** भारतीय तटरक्षक बल और नौसेना ने खतरनाक सामान से लदे एक लाइबेरियाई कंटेनर पोत के केरल तट के पास डूबने पर चालक दल के सभी 24 सदस्यों को रविवार को बचा लिया। रक्षा मंत्रालय ने रविवार को बताया कि लाइबेरियाई कंटेनर पोत एमएससी ईएलएसए 3 रविवार सुबह सात बजकर 50 मिनट पर कोच्चि तट पर बाढ़ के कारण डूब गया। पोत पर सवार चालक दल के सभी 24 सदस्यों को बचा लिया गया, जिनमें से 21 को तटरक्षक बल ने और तीन को नौसेना के पोत आईएनएस सुजाता ने बचाया। यह पोत 640 कंटेनरों के साथ डूब गया। पोत पर 13 में खतरनाक सामान और 12 में कैल्शियम कार्बाइड वाले कंटेनर थे। कंटेनरों में 84.44 टन डीजल और 367.1 टन फर्नेस ऑयल भी भरा हुआ था। केरल के तट पर संवेदनशील समुद्री पारिस्थितिकी तंत्र को देखते हुए तटरक्षक बल ने प्रदूषण संबंधित कार्रवाई की तैयारी शुरू कर दी है। तेल रिसाव का पता लगाने वाली उन्नत प्रणालियों से लैस विमान हवाई निगरानी कर रहा है ।

## मणिपुर शब्द हटाने पर प्रदर्शनकारियों और सुरक्षाबलों के बीच झड़प

**इंफाल।** मणिपुर में रविवार को उस समय तनाव बढ़ गया जब प्रदर्शनकारियों और सुरक्षाबलों के बीच झड़प हो गई। यह झड़प उस वक्त हुई जब प्रदर्शनकारी राज्य परिवहन की एक बस से 'मणिपुर' शब्द हटाए जाने के विरोध में राजभवन की घेराबंदी करने जा रहे थे। कोआर्डिनेटिंग कमेटी आन मणिपुर इंटेग्रिटी (सीओसीओ एमआई) के आह्वान पर बड़ी संख्या में लोग ख्वैराम्बंद बाजार में एकत्र हुए और वहां से लगभग 500 मीटर की रैली निकाल कर राजभवन की ओर बढ़ने लगे। सुरक्षाबलों ने उन्हें रोकने की कोशिश की। इस दौरान दोनों पक्षों में झड़प हो गई। प्रदर्शनकारियों की मांग थी कि राज्यपाल अजय कुमार भल्ला इस अपमानजनक कृत्य के लिए माफी मांगें।

## राजग के मुख्यमंत्रियों ने किया जातीय जनगणना का समर्थन

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों और उपमुख्यमंत्रियों की रविवार को यहां हुई बैठक में सुशासन के मुद्दों पर चर्चा की गई और जातीय जनगणना कराने के केन्द्र सरकार के फैसले का पूरी तरह समर्थन किया गया। पीएम मोदी की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में राजग शासित राज्यों के सभी 20 मुख्यमंत्रियों और 18 उपमुख्यमंत्रियों के अलावा भाजपा के अध्यक्ष जेपी नड्डा, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और गृह मंत्री अमित शाह भी मौजूद थे। बैठक के बाद श्री नड्डा ने कहा कि बैठक में दो प्रस्ताव पारित किए गए। पहला प्रस्ताव 'ऑपरेशन सिंदूर' पर था, जिसमें प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व और हमारी सेना के काम की प्रशंसा की गई तथा सेना द्वारा दिखाई गई बहादुरी की अत्यधिक सराहना की गई। यह प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया गया।

## 'मन की बात' में मोदी का दावा

# सिर्फ सैन्य अभियान ही नहीं, बदलते भारत की तस्वीर है ऑपरेशन सिंदूर

शाह टाइम्स ब्यूरो



- बोले- देश के हर नागरिक ने संकल्प लिया है आतंकवाद को हर हाल में खत्म करना ही है

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने रेडियो शो 'मन की बात' के जरिये लोगों से बात की। कार्यक्रम का रविवार को 122वां एपिसोड प्रसारित हुआ। पीएम मोदी ने कई मुद्दों पर बात की। इस दौरान उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर, भारतीय सेना के पराक्रम पर बात की।

उन्होंने कहा कि देश के हर नागरिक ने संकल्प लिया है कि आतंकवाद को खत्म करना ही है। उन्होंने यह भी कहा कि ऑपरेशन सिंदूर सिर्फ एक सैन्य अभियान नहीं है, यह बदलते भारत की तस्वीर है। प्रधानमंत्री ने कहा कि मेरे प्यारे देशवासियों, नमस्कार! आज पूरा देश आतंकवाद के खिलाफ एकजुट है। आक्रोश से भरा हुआ है। संकल्पबद्ध है। आज हर भारतीय का यही संकल्प है, हमें आतंकवाद को खत्म करना ही है। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान हमारी सेनाओं ने जो पराक्रम दिखाया है, उसने हर हिंदुस्तानी का सिर ऊंचा कर दिया है। जिस स्पष्टता के साथ, जिस सटीकता के साथ हमारी सेनाओं ने सीमा पार के आतंकवादी ठिकानों को ध्वस्त किया, वो अद्भुत है। ऑपरेशन सिंदूर ने दुनिया-भर में आतंक के खिलाफ लड़ाई को नया विश्वास और उत्साह दिया है। पीएम मोदी ने कहा कि हमारे जवानों ने आतंक के अड्डों को तबाह किया, यह उनका अदम्य साहस था और उसमें शामिल थी, भारत में बने हथियारों, उपकरणों और तकनीक की ताकत। उसमें आत्मनिर्भर भारत का संकल्प भी था। हमारे इंजीनियर, हमारे टेक्नीशियन हर किसी का पसीना इस विजय में शामिल है। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर सिर्फ एक सैन्य मिशन नहीं है, ये हमारे संकल्प, साहस और बदलते भारत की तस्वीर है और इस तस्वीर ने पूरे देश को देश-भक्ति के भावों से भर दिया है, तिरंगे में रंग दिया है। आपने देखा होगा, देश के कई शहरों में, गावों में, छोटे-छोटे कस्बों में, तिरंगा यात्राएं निकाली गई। हजारों लोग हाथों में तिरंगा लेकर देश की सेना, उसके प्रति वंदन-अभिनंदन करने निकल पड़े। कितने ही शहरों में नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवक बनने के लिए बड़ी संख्या में युवा एकजुट हो गए और हमने देखा कि चंडीगढ़ के वीडियो तो काफी वायरल हुए थे। पीएम मोदी ने कहा कि सोशल मीडिया पर कविताएं लिखी जा रही थीं, संकल्प गीत गाए जा रहे थे। छोटे-छोटे बच्चे पेंटिंग्स बना रहे थे, जिनमें बड़े संदेश छुपे थे। मैं अभी तीन दिन पहले बीकानेर गया था। वहां बच्चों ने मुझे ऐसी ही एक पेंटिंग भेंट की थी। ऑपरेशन सिंदूर ने देश के लोगों को इतना प्रभावित किया है कि कई परिवारों ने इसे अपने जीवन का हिस्सा बना लिया है। बिहार के कटिहार में, यूपी के कुशीनगर में, और भी कई शहरों में, उस दौरान जन्म लेने वाले बच्चों का नाम 'सिंदूर' रखा गया है।

## राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए आत्मनिर्भरता अनिवार्य: भागवत

**नागपुर।** आरएसएस के सरसंघचालक मोहन भागवत ने रविवार को राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए आत्मनिर्भरता की अनिवार्यता पर जोर दिया और कहा कि भारत को किसी भी खतरे से स्वतंत्र रूप से अपनी रक्षा करने में सक्षम होना चाहिए , भले ही देश के खिलाफ कई शक्तियां एकजुट हों। आरएसएस की शताब्दी के अवसर पर 'ऑर्गनाइजर' के साथ विस्तृत साक्षात्कार में श्री भागवत ने कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए हमें दूसरों पर निर्भर नहीं होना चाहिए। हमें अपनी रक्षा करने में सक्षम होना चाहिए। कोई भी हमें जीतने में सक्षम नहीं होना चाहिए , भले ही कई शक्तियां एक साथ आ जाएं। उन्होंने जोर दिया कि सच्ची ताकत भीतर से आती है और इसे गलत दिशा में हिंसा से बचने के लिए सद्गुणों के साथ संतुलित किया जाना चाहिए। एक सद्गुणी व्यक्ति सिर्फ अपने सद्गुणों के कारण सुरक्षित नहीं है , इसलिए सदगुणों को शक्ति के साथ जोड़ा जाना चाहिए। केवल क्रूर शक्ति दिशाहीन हो सकती है, जिससे स्पष्ट हिंसा हो सकती है। इसलिए शक्ति को धर्म के साथ जोड़ा जाना चाहिए। श्री भागवत ने स्पष्ट किया कि संघ की शक्ति की दृष्टि वैश्विक प्रभुत्व के उद्देश्य से नहीं है, बल्कि सभी के लिए शांति और सम्मान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से है।

# पाक एजेंट अदिति के शिकंजे में गुजरात का सहदेव

अहमदाबाद, वार्ता



- एटीएस ने कच्छ से पाकिस्तानी जासूस सहदेव सिंह गोहिल को किया गिरफ्तार
- पाकिस्तानी एजेंसी को भेज रहा था कच्छ के बीएसएफ व नेवी की फोटो और वीडियो

**गुजरात एटीएस** ने कच्छ से एक पाकिस्तानी जासूस सहदेव सिंह गोहिल को अरेस्ट किया है। सहदेव कच्छ जिले के लखपत तालुका में संविदा पर तैनात था। वह बीएसएफ व नेवी की मौजूदा सैन्य इकाइयों की फोटो-वीडियो व्हाट्सएप के जरिये पाकिस्तानी एजेंट को भेज रहा था।

एटीएस के मुताबिक, इसके लिए जून 2023 में एक महिला ने खुद को अदिति भारद्वाज बताकर गोहिल से व्हाट्सएप पर संपर्क किया था। बताया जा रहा है कि पहली बार उसे संवेदनशील सूचनाएं भेजने पर 40 हजार रुपये नकद मिले थे। इससे पहले एटीएस ने 7 जुलाई 2023 को भी कच्छ के एक युवक को अदिति नाम की लड़की के लिए ही जासूसी करने के आरोप में गिरफ्तार किया था। भारत से गद्दारी कर दुश्मन देश पाकिस्तान के लिए भारत में रहकर जासूसी करने वाला सहदेव पाकिस्तानी जासूसी एजेंसी के संपर्क में कैसे आया और कितने समय तक संपर्क में रहा? सहदेव सिंह को किस तरह की सूचनाएं देने का काम सौंपा गया था।

# लालू ने तेजप्रताप को पार्टी और परिवार से किया बेदखल

- कहा: तेजप्रताप ने सामाजिक न्याय को किया कमजोर

**पटना।** राष्ट्रीय जनता दल (राजद) प्रमुख लालू प्रसाद यादव ने अपने बड़े बेटे तेजप्रताप यादव को पार्टी और परिवार से निष्कासित कर दिया है। श्री यादव ने एक महिला के साथ तेजप्रताप यादव का फोटो और वीडियो वायरल होने के बाद रविवार को सोशल नेटवर्किंग साइट फेसबुक पर पोस्ट करके अपने बड़े पुत्र को पार्टी और परिवार से निष्कासित किए जाने की जानकारी दी।

उन्होंने फेसबुक पर लिखा कि निजी जीवन में नैतिक मूल्यों की अवहेलना करना हमारे सामाजिक न्याय के लिए सामूहिक संघर्ष को कमजोर करता है। ज्येष्ठ पुत्र की गतिविधि, लोक आचरण तथा गैर जिम्मेदाराना व्यवहार हमारे पारिवारिक मूल्यों और संस्कारों के अनुरूप नहीं है। अतएवं उपरोक्त परिस्थितियों के चलते उसे पार्टी और परिवार से दूर करता हूं। अब से पार्टी और परिवार में उसकी किसी भी प्रकार की कोई भूमिका नहीं रहेगी। उसे पार्टी से छह साल के लिए निष्कासित किया जाता है। राजद प्रमुख ने आगे लिखा कि अपने निजी जीवन का भला-बुरा और गुण-दोष देखने में वह स्वयं सक्षम है। उससे जो भी लोग संबंध रखेंगे वो स्वविवेक से निर्णय लें। लोकजीवन में लोकलाज का सदैव हिमायती रहा हूं। परिवार के आज्ञाकारी सदस्यों ने सार्वजनिक जीवन में इसी विचार को अंगीकार कर अनुसरण किया है। धन्यवाद। तेजप्रताप यादव के फेसबुक अकाउंट से एक लड़की के साथ तस्वीर पोस्ट करते हुए लिखा गया था, 'मैं तेजप्रताप यादव और मेरे साथ इस तस्वीर में जो दिख रही हैं उनका नाम अनुष्का यादव है। हम दोनों पिछले 12 सालों से एक दूसरे को जानते है।

## चार राज्यों की पांच विस सीटों के लिए उपचुनाव 19 जून को

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने गुजरात की दो और केरल , पंजाब और पश्चिम बंगाल की एक-एक विधानसभा सीटों के लिए उपचुनाव 19 जून को कराने की रविवार को घोषणा की। आयोग की एक विज्ञप्ति के अनुसार गुजरात विधानसभा की कादी (अनुसूचित जाति) और विसावदार , केरल की निलम्बूर , पंजाब की लुधियाना (पश्चिम) और पश्चिम बंगाल की कालीगंज विधानसभा सीट के लिए उपचुनाव की अधिसूचना सोमवार 26 मई को जारी की जाएगी। इन उपचुनावों के लिए नामांकन दो जून तक भरे जा सकेंगे। नामांकन पत्रों की जांच तीन जून को की जाएगी और नामांकन पांच जून तक वापस लिए जा सकेंगे। इन सीटों पर मतदान 19 जून को कराया जाएगा और मतगणना 23 जून को कराई जाएगी। आयोग ने कहा है कि इन रिक्त पड़ी सीटों के उपचुनाव की पूरी प्रक्रिया 25 जून तक सम्पन्न हो जाएगी। उपचुनाव की घोषणा के साथ वहां आदर्श चुनाव संहिता लागू कर दी गई है। ये सीटें निर्वाचित प्रतिनिधियों के निधन या इस्तीफे के कारण रिक्त है।

# श्री हेमकुंड साहिब के कपाट खुले

शाह टाइम्स ब्यूरो



- पंच प्यारों की अगुवाई में सिख श्रद्धालुओं का पहला जत्था पवित्र निशान साहिब के साथ हुआ रवाना

**गोपेश्वर।** सिख धर्म की आस्था के प्रमुख केंद्र और पवित्र तीर्थस्थल श्री हेमकुंड साहिब जी के कपाट रविवार को विधि-विधान के साथ श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए गए हैं। इसी के साथ श्री हेमकुंड साहिब की वार्षिक यात्रा का विधिवत शुभारंभ हो गया है।

कपाट खुलने की प्रक्रिया के तहत शनिवार को गोविन्दघाट गुरुद्वारे से पंच प्यारों की अगुवाई में सिख श्रद्धालुओं का पहला जत्था भारी पुलिस सुरक्षा, बैंड-बाजों की धुन और पवित्र निशान साहिब के साथ हेमकुंड साहिब के लिए रवाना हुआ था। इस जत्थे ने रात्रि विश्राम घांघरिया गुरुद्वारे में किया। रविवार प्रात: यह जत्था जयकारों के साथ हेमकुंड साहिब के लिए आगे बढ़ा और प्रात: शुभ मुहूर्त में श्री हेमकुंड साहिब के कपाट आम श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ खोल दिए गए। सिख आस्था के इस प्रमुख स्थल के साथ ही हिंदुओं की आस्था के प्रतीक लोकपाल मंदिर (लक्ष्मण मंदिर) के कपाट भी विधि-विधान के साथ श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए गए हैं। श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुगम यात्रा सुनिश्चित करने के लिए जनपद चमोली पुलिस द्वारा पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। हेमकुंड साहिब यात्रा मार्ग के मुख्य पड़ावों पर विशेष रूप से एसडीआरएफ की टीमें भी तैनात की गई हैं।

# विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बना भारत

## इकोनॉमिक पॉलिसी के चलते हासिल की उपलब्धि, जापान को पीछे छोड़ा

नई दिल्ली, वार्ता



- भारत आज जापान से बड़ा है, केवल संयुक्त राज्य अमेरिका, चीन और जर्मनी ही हैं हमसे बड़े

**भारत अब** आधिकारिक तौर पर जापान को पीछे छोड़कर दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। भारत ने यह उपलब्धि अपनी इकोनॉमिक पॉलिसी के कारण हासिल की है। नीति आयोग की 10वीं गवर्निंग काउंसिल की बैठक के बाद नीति आयोग के सीईओ बीवीआर सुब्रह्मण्यम ने देश की अर्थव्यवस्था पर टिप्पणी की है।

नीति आयोग के सीईओ ने कहा कि हम दुनिया में चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था हैं। इंटरनेशनल मानेटरी फंड यानी आईएमएफ के आंकड़ों का हवाला देते हुए सुब्रह्मण्यम ने कहा कि हम 4 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था हैं और यह मेरा डेटा नहीं है। यह आईएमएफ का डेटा है। भारत आज जापान से बड़ा है। केवल संयुक्त राज्य अमेरिका, चीन और जर्मनी ही हमसे बड़े हैं। अगर हम जो सोचा जा रहा है, उस पर टिके रहते हैं, तो अगले 2.5 से 3 वर्षों की बात है, हम तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएंगे। सुब्रह्मण्यम ने कहा कि भारत एक ऐसे चरण में है, जहां यह बहुत तेजी से विकास कर सकता है, जैसा कि अतीत में कई देशों ने किया है। भारत को अगले 20 से 25 वर्षों के लिए जनसांख्यिकीय लाभांश का वरदान मिला है, जिससे हम तेजी से विकास कर सकते हैं। प्रधानमंत्री ने सभी राज्यों से अपने स्तर पर विजन दस्तावेज तैयार करने का आह्वान किया है। इसमें भारत के विकास का खाका पहले से ही दिख रहा है। नीति आयोग के प्रमुख ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जिक्र करते हुए कहा कि पीएम ने राज्यों से विकसित भारत का आह्वान इसलिए किया है, क्योंकि यह एक लंबी यात्रा है। केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने भी कहा कि भारत जापान से आगे निकलकर दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है।



## संक्षिप्त समाचार

### दिल्ली वाले परेशान मंत्री यूएस में: आप

**नई दिल्ली।** दिल्ली में 25 मई की रात आए तेज आंधी-तूफान और मूसलाधार बारिश के बाद कई इलाकों में जलभराव की समस्या पैदा हो गई, जिसकी वजह से रविवार को लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। इस बीच आम आदमी पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने दिल्ली सरकार और पीडब्ल्यूडी मंत्री प्रवेश वर्मा पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा है कि लोग वॉटर लॉगिंग और पानी की कमी से परेशान हो रहे हैं और मंत्री अमेरिका में हैं। आप नेता ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर किया है, जिसमें उन्होंने कहा कि अगर किसी मंत्री को विदेश यात्रा करनी है, तो उसे गृह मंत्रालय से अनुमति लेनी पड़ती है और फाइल सीएम और एलजी के माध्यम से जाती है। इसलिए सभी जानते हैं कि प्रवेश वर्मा भारत में नहीं है। इसके आगे उन्होंने कहा कि भाजपा और उसका नेतृत्व इस तथ्य को क्यों छिपा रहा है कि इस संकट के समय दिल्ली में पानी की कमी और जलभराव में उनके पीडब्ल्यूडी मंत्री अमेरिका में हैं?

### भारत-नेपाल सीमा पर बढ़ाई गई सुरक्षा

**बहराइच।** भारत-नेपाल अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर सुरक्षा कड़ी कर दी गई है, क्योंकि खुफिया रिपोर्ट में 30 से अधिक पाकिस्तानी और बंगलादेशी नागरिकों द्वारा भारत में घुसपैठ की फिराक में होने की सूचना है। इस सूचना के बाद सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) को उच्च सतर्कता बरतने का आदेश दिया गया है। पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव के बीच इन संदिग्ध व्यक्तियों के नेपाल पहुंचने की आशंका जताई जा रही है। एसएसबी की 42वीं वाहिनी के सेनानायक गंगा सिंह उदावत ने बताया कि 35 से 37 बंगलादेशी और पाकिस्तानी नागरिक अपने देशों से सीमा पार कर नेपाल आ गए हैं। उनकी योजना खुली सीमा के जरिए भारत में घुसपैठ करने की है, लेकिन सुरक्षा बल उन्हें तुरंत पकड़ने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। कमांडेंट उदावत ने बताया कि एसएसबी ने गश्त तेज कर दी है और चौबीसों घंटे जांच अभियान चलाया जा रहा है। जवान सड़कों, जंगलों और सीमा के समीप गांवों में पैदल और वाहनों से गश्त कर रहे हैं।

### सरकार बेरोजगारी पर भी ध्यान दे: कांग्रेस

**नई दिल्ली।** भारत दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था 4 ट्रिलियन डॉलर को लेकर एक ओर भाजपा नेता इसका श्रेय पीएम मोदी को दे रहे है, वहीं दूसरी तरफ कांग्रेस इसको लेकर भाजपा पर निशाना साध रही है। कांग्रेस का कहना है कि सरकार को बेरोजगार और मध्य वर्ग की परेशानियों पर भी ध्यान देना चाहिए। विपक्षी नेताओं ने नीति आयोग के इस ऐलान के बाद मोदी सरकार को कटघरे में खड़ा किया है। कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने सरकार से सवाल पूछते हुए कहा कि सरकार मध्यम वर्ग की परेशानी और बेरोजगारी पर कितना ध्यान दिया गया। आरजेडी नेता मनोज झा ने सरकार से कहा कि क्या अर्थव्यवस्था बढ़ने से आम आदमी पर कुछ असर पड़ेगा? कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने कहा कि सरकार को यह देखना चाहिए कि इससे आम नागरिकों को कितना फायदा हो रहा है। सरकार को प्रति व्यक्ति आय, अमीर और गरीब के बीच बढ़ती खाई, ईएमआई चुकाने में संघर्ष कर रहे मध्यम वर्ग, एमएसएमई क्षेत्र, बेरोजगारी जो 45 साल का रिकॉर्ड तोड़ रही है।

# मदरसों के खिलाफ कार्रवाई कोर्ट की अवमानना

**नई दिल्ली, वार्ता**



■ सुप्रीम कोर्ट की तीन सदस्यीय बेंच ने लगाई थी रोक: मदनी

जमीयत उलेमा-ए-हिंद के अध्यक्ष मौलाना अरशद मदनी की याचिका पर पिछले साल 21 अक्टूबर 2024 को पूर्व चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ के नेतृत्व में 3 सदस्यीय बेंच ने इस्लामी मदरसों के खिलाफ किसी भी कार्रवाई और उन सभी नोटिसों पर रोक लगा दी थी, जो विभिन्न राज्यों खासतौर पर उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा मदरसों को जारी किए गए थे। उसमें कहा गया था कि कोर्ट द्वारा नोटिस जारी किए जाने के समय तक इस संबंध में अगर कोई नोटिस या आदेश केंद्र या राज्य सरकार की ओर से जारी होता है तो उस पर भी विधिवत रोक जारी रहेगी।

मौलाना अरशद मदनी कहा कहना है कि सुप्रीमकोर्ट की इस रोक के बावजूद उत्तर प्रदेश के उन सभी मुस्लिम बहुल ज़िलों में जिनकी सीमाएं नेपाल से मिलती हैं, मदरसों ही नहीं दरगाहों, ईदगाहों और कब्रिस्तानों के खिलाफ एकतरफा कार्रवाई धड़ल्ले से न केवल जारी है, बल्कि अब तक सैकड़ों मदरसों को असंवैधानिक घोषित करके सील किया जा चुका है। कई मदरसों को ध्वस्त भी किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि दुख की बात तो यह है कि वैध दस्तावेज़ होने के बावजूद यह अभियान जारी है, जिसको लेकर मुसलमानों में डर का माहौल पैदा हो गया है। उन्होंने कहा कि जमीअत उलमा-ए-हिंद की ओर से दाखिल की गई याचिका पर ही सुप्रीमकोर्ट ने मदरसों के खिलाफ कार्रवाई पर रोक लगाई थी और अब मदरसों के खिलाफ जो नया अभियान शुरू हुआ है, जमीअत उलमा-ए-हिंद उसके खिलाफ अपना कड़ा विरोध दर्ज कराने और मदरसों के ज़िम्मेदारों की सलाह और परामर्श की रणनीति तय करने के उद्देश्य से 1 जून 2025 को आजमगढ़ के सराय मीर में स्थित जामिया सुरैया फैजुल उलूम में मदरसा सुरक्षा सम्मेलन आयोजित करने जा रही है। बताया जा रहा है कि इस सम्मेलन में सभी मदरसों के जिम्मेदारों और संबंधित लोगों को बुलाया गया है। सम्मेलन के आयोजन और प्रबंधन की पूरी ज़िम्मेदारी जमीअत उलमा उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष मौलाना अशहद रशीदी को सौंपी गई है।

# मन की बात: मोदी ने की यूपी के युवाओं की तारीफ

**नई दिल्ली, वार्ता**



■ खेल के मैदान से शहद उत्पादन तक की सराहना

पीएम मोदी ने अपने कार्यक्रम 'मन की बात' के 122वें एपिसोड में यूपी के युवाओं की तारीफ की। उन्होंने खेल के मैदान से लेकर शहद उत्पादन तक में यूपी के युवाओं की मेहनत और उपलब्धियों को पूरे देश के सामने रखा। बरेली के कादिर खान, वाराणसी के शेख जीशान और बिजनौर के तुषार चौधरी जैसे युवाओं के रिकॉर्डतोड़ प्रदर्शन की पीएम मोदी ने खुले दिल से सराहना की।

नई दिल्ली में नीति आयोग की बैठक में शामिल होने पहुंचे सीएम योगी आदित्यनाथ ने भी पीएम का यह कार्यक्रम सुना और युवाओं को बधाई दी। सीएम योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में 'खेलो इंडिया' मिशन को नई ऊर्जा मिली है और आज यूपी के खिलाड़ी देश के लिए गर्व बन रहे हैं। कादिर खान ने 400 मीटर दौड़ में दो बार राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ा। बरेली के एफआर इस्लामिया इंटर कॉलेज में पढ़ने वाले कादिर का सपना है कि वह ओलंपिक में भारत का प्रतिनिधित्व करें। वहीं शेख जीशान वाराणसी के रहने वाले हैं। ट्रिपल जंप में उन्होंने नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाकर स्वर्ण पदक जीता। उनके पिता ऑटो चलाते हैं, लेकिन जीशान ने कभी हार नहीं मानी। इनके अलावा तुषार चौधरी बिजनौर के किसान परिवार से हैं। उन्होंने वेटलिफ्टिंग (102 किलोग्राम वर्ग) में 289 किलोग्राम वजन उठाकर गोल्ड मेडल जीता। इन युवाओं ने हाल ही में बिहार में आयोजित 'खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025' में हिस्सा लिया था, जिसमें उन्होंने अपने प्रदर्शन से सभी को चौंका दिया। पीएम मोदी ने उत्तर प्रदेश में शहद उत्पादन में हो रही प्रगति की भी चर्चा की। उन्होंने बताया कि यूपी में हनी उद्यमियों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। सीएम योगी ने इसे 'मधुमय अभियान' का नाम दिया और कहा कि यह मिशन सिर्फ शहद उत्पादन तक सीमित नहीं, बल्कि यह स्वास्थ्य, स्वरोजगार और आत्मनिर्भरता का भी जरिया बन चुका है।

### माओवादी हिंसा की सफलता के बाद प्रभावित जगहों पर सामान्य सुविधाएं पहुंचने लगी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि माओवादी हिंसा के खिलाफ सामूहिक लड़ाई की सफलता बाद अब हिंसा से प्रभावित जगहों पर सामान्य सुविधाएं पहुंचने लगी हैं और दंतेवाड़ा जैसे जिले खेल एवं शिक्षा के क्षेत्र में ऊंचाई हासिल कर रहे हैं। मोदी ने आकाशवाणी पर प्रसारित होने वाले मासिक कार्यक्रम 'मन की बात' के 122वें अंक में कहा कि बस से कहीं आना-जाना कितनी सामान्य बात है। लेकिन मैं आपको एक ऐसे गांव के बारे में बताना चाहता हूं जहां पहली बार एक बस पहुंची। इस दिन का वहां के लोग वर्षों से इंतजार कर रहे थे और जब गांव में पहली बार बस पहुंची, तो लोगों ने ढोल-नगाड़े बजाकर उसका स्वागत किया।

## यूपी के गांवों के लोगों को नई तकनीक से दक्ष बनाया जाएगा: योगी

# ग्राम पंचायतों में डिजिटल क्रांति लाएगी सरकार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



■ 278 करोड़ से बनेगा वर्कफोर्स और लर्निंग सेंटर
■ राष्ट्रीय ग्राम अभियान के तहत चलाई जा रही है योजना

**लखनऊ।** यूपी की योगी सरकार अब गांवों को डिजिटल रूप से और मजबूत बनाने जा रही है। सरकार की योजना है कि ग्राम पंचायतों को तकनीक से जोड़कर न सिर्फ जन सुविधाएं बेहतर की जाएं, बल्कि गांव के लोगों को भी नई तकनीकों के इस्तेमाल में दक्ष बनाया जाए।

इसी उद्देश्य से प्रदेश में 278 करोड़ रुपये की लागत से एक बड़ी योजना शुरू की जा रही है, जिसमें डिजिटल वर्कफोर्स तैयार की जाएगी और जिला पंचायत रिसोर्स सेंटर तथा पंचायत लर्निंग सेंटर की स्थापना की जाएगी। यह पूरी योजना राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के तहत चल रही है, जिसका मकसद गांवों में पारदर्शिता, जवाबदेही और सुशासन को बढ़ाना है। सीएम योगी के निर्देश पर पंचायती राज विभाग ने इसकी विस्तृत कार्ययोजना तैयार की है। इसके तहत राज्य, जिले और विकास खंड स्तर पर कर्मचारियों को प्रशिक्षित किया जाएगा, ताकि वे डिजिटल प्लेटफार्मों पर बेहतर काम कर सकें और सरकारी योजनाओं का लाभ आम जनता तक सही तरीके से पहुंचा सकें। प्रदेश सरकार की इस योजना का फोकस पंचायत कर्मचारियों की क्षमता बढ़ाने और तकनीकी प्रशिक्षण पर है। पंचायत लर्निंग सेंटरों के जरिए कर्मचारियों को कंप्यूटर, मोबाइल ऐप्स और अन्य डिजिटल टूल्स के इस्तेमाल की ट्रेनिंग दी जाएगी। इसके लिए अलग-अलग स्तरों पर मानव संसाधनों की तैनाती की जाएगी। इससे योजनाओं को लागू करने की रफ्तार भी बढ़ेगी और ग्राम पंचायतें पहले से अधिक सक्षम हो सकेंगी। योगी सरकार ने हाल ही में प्रदेश में एआई प्रज्ञा कार्यक्रम शुरू किया है, जिसके तहत 10 लाख लोगों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के उपकरणों और तकनीकों में दक्ष बनाया जाएगा। अब यह योजना गांवों तक भी पहुंचेगी। ग्राम पंचायतों, ब्लॉकों और जिलों में काम करने वाले कर्मचारियों को भी एआई टूल्स की जानकारी दी जाएगी। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में तकनीकी समझ बढ़ेगी और काम की गुणवत्ता में सुधार होगा। इस योजना को सुचारु रूप से लागू करने के लिए चार स्तरों पर समितियां बनाई जाएंगी।

इनमें राज्य स्तर पर पंचायती राज मंत्री की अध्यक्षता में सलाहकार समिति, मुख्य सचिव की अध्यक्षता में संचालन समिति, प्रमुख सचिव पंचायती राज की अध्यक्षता में कार्यकारी समिति और निदेशक पंचायती राज की अध्यक्षता में अनुश्रवण समिति कार्य करेंगी। राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान केंद्र सरकार की एक प्रमुख योजना है, जिसका उद्देश्य ग्राम पंचायतों को सशक्त, पारदर्शी और जवाबदेह बनाना है। इसकी शुरुआत वर्ष 2018 में की गई थी और इसका उद्देश्य ग्रामीण भारत में स्थानीय शासन प्रणाली को मजबूत करना है। उत्तर प्रदेश में इस योजना के तहत पहले भी कई तरह के प्रशिक्षण और डिजिटल पहलें चलाई जा चुकी हैं।


### यूपी के प्रमुख शहरों में बनेंगे रिंग रोड बाईपास और फ्लाईओवर: पीडब्ल्यूडी

■ एक लाख से ज्यादा आबादी वाले शहर को मिलेगा फायदा

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की जनता को यातायात जाम की समस्या से राहत दिलाने के लिए प्रदेश के प्रमुख शहरों में रिंग रोड, बाईपास और फ्लाईओवर बनाए जाएंगे, जिससे जाम से निजात मिलेगी और यातायात पहले से ज्यादा बेहतर और सुगम हो सकेगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) ने इसकी विस्तृत योजना तैयार कर ली है। इस काम के लिए 6,124 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे और वित्तीय वर्ष 2025-26 में 62 परियोजनाओं पर काम शुरू होगा। यह योजना खासतौर पर उन शहरों के लिए है, जहां की आबादी एक लाख से ज्यादा है और जहां ट्रैफिक का दबाव बहुत अधिक रहता है। लोक निर्माण विभाग ने बताया है कि इस परियोजना में यातायात के दबाव और जनसंख्या को आधार बनाकर प्राथमिकता तय की गई है। इस समस्या को देखते हुए सरकार ने फैसला लिया है कि बड़े और व्यस्त इलाकों में बाईपास और फ्लाईओवर बनाए जाएंगे, ताकि भारी वाहनों को शहरों में न आना पड़े और शहर के अंदरूनी रास्तों पर दबाव कम हो। योगी सरकार का सपना है कि उत्तर प्रदेश को देश की पहली 1 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाया जाए। इसके लिए सड़क और परिवहन नेटवर्क को मजबूत करना जरूरी है। प्रदेश में औद्योगिक पार्क, लॉजिस्टिक्स हब और एक्सप्रेस-वे पहले से ही बनाए जा रहे हैं। अब रिंग रोड और बाईपास जैसी परियोजनाओं से फ्रंट मूवमेंट भी आसान होगा और व्यवसायिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा। इस योजना के तहत सिर्फ उन्हीं शहरों में काम होगा जहां से राष्ट्रीय राजमार्ग नहीं गुजरता। जिन शहरों में राजमार्ग हैं, वहां राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण खुद रिंग रोड और बाईपास बनाएगा। लोक निर्माण विभाग ने साफ किया है कि एक लाख से ज्यादा आबादी वाले नगर निकाय अगर प्रस्ताव भेजते हैं, तो आबादी और ट्रैफिक की प्राथमिकता के अनुसार उन्हें योजना में शामिल किया जाएगा। इससे छोटे शहरों में भी बड़ा सुधार देखने को मिलेगा।

# सीएम अब्दुल्ला घाटी में करेंगे सरकारी बैठकें

**श्रीनगर, वार्ता**



■ जम्मू-कश्मीर में पर्यटकों का भरोसा जगाने के लिए उमर की पहल

पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के बाद पर्यटकों की संख्या में गिरावट आई है, इसको लेकर जम्मू एवं कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला पर्यटकों में विश्वास पैदा करने के लिए घाटी के लोकप्रिय पर्यटन स्थलों पर आधिकारिक बैठक करेंगे। बैठक के लिए सबसे पहले गुलमर्ग को चुना गया है। 28 मई बुधवार को सीएम की अध्यक्षता में एक उच्च स्तरीय बैठक होगी।

जम्मू-कश्मीर सरकार के सामान्य प्रशासन विभाग ने नोटिस जारी कर सभी संबंधित अधिकारियों को बैठक में शामिल होने के लिए कहा है। मुख्यमंत्री 28 मई को दोपहर 12 बजे गुलमर्ग में एक बैठक की अध्यक्षता करेंगे। तदनुसार अधिकारियों से बैठक में उपस्थित होने का अनुरोध किया गया है। उमर के अलावा उपमुख्यमंत्री सुरिंदर कुमार चौधरी और कैबिनेट मंत्री तथा मुख्यमंत्री के सलाहकार नासिर असलम वानी भी बैठक में शामिल होंगे। शीर्ष अधिकारियों में जम्मू-कश्मीर के मुख्य सचिव, 30 से अधिक विभागों के सभी प्रशासनिक सचिव, कश्मीर के संभागीय आयुक्त, कश्मीर के पुलिस महानिरीक्षक, उत्तरी कश्मीर के डीआईजी, पंद्रह विभागों के निदेशक, बारामुल्ला के उपायुक्त तथा दर्जनों अन्य अधीनस्थ अधिकारी बैठक में शामिल होंगे। सत्तारूढ़ पार्टी के विधायक और मुख्य प्रवक्ता तनवीर सादिक ने कहा कि मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला दरवाजे पर शासन पहल के तहत गुलमर्ग और पहलगाम सहित विभिन्न स्थानों पर कैबिनेट बैठकों का नेतृत्व करेंगे।

सादिक ने रविवार 25 मई को श्रीनगर में संवाददाताओं से कहा कि मुख्यमंत्री गुलमर्ग, पहलगाम और अन्य क्षेत्रों में भी बैठकें करेंगे और व्यक्तिगत रूप से विकास कार्यों की निगरानी करेंगे। वह सभी सार्वजनिक मुद्दों को संबोधित करने के लिए हर दरवाजे तक पहुंचने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

## अर्थ व्यापार

# जीडीपी आंकड़ों पर रहेगी बाजार की नजर

**मुंबई, वार्ता**



वैश्विक स्तर पर भू-राजनैतिक तनाव और बॉन्ड बाजारों में उथल-पुथल से हुई भारी बिकवाली के दबाव में बीते सप्ताह आधे प्रतिशत से अधिक लुढ़के घरेलू शेयर बाजार की नजर अगले सप्ताह अमेरिका के बजट घाटे, मुद्रास्फीति आंकड़े और बेरोजगारी दावों के साथ ही समाप्त वित्त वर्ष के भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) आंकड़ों पर रहेगी।

बीते सप्ताह बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 609.51 अंक अर्थात 0.74 प्रतिशत का गोता लगाकर सप्ताहांत पर 81721.08 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 166.65 अंक यानी 0.7 प्रतिशत की गिरावट लेकर 24853.15 अंक पर आ गया। समीक्षाधीन सप्ताह में बीएसई की दिग्गज कंपनियों के विपरीत मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में मिलाजुला रुख रहा।

इससे मिडकैप 144.42 अंक अर्थात 0.32 प्रतिशत कमजोर होकर सप्ताह के अंतिम कारोबारी दिवस को 44861.42 अंक पर आ गया, जबकि स्मॉलकैप 475.68 अंक यानी 0.93 प्रतिशत की तेजी के साथ 51521.42 अंक हो गया। विश्लेषकों के अनुसार बीते सप्ताह घरेलू शेयर बाजार ने काफी उतार-चढ़ाव देखा। इसका मुख्य कारण वैश्विक बॉन्ड बाजारों में उथल.पुथल और भू.राजनीतिक तनाव रहे। सप्ताह की शुरुआत मजबूत रही, लेकिन अमेरिका में कमजोर ट्रेजरी नीलामी और बॉन्ड ईल्ड में बढ़ोतरी ने वैश्विक जोखिम, मुक्त धारणा को प्रबल किया, जिससे सप्ताह के मध्य में सेंसेक्स और निफ्टी में तेज बिकवाली देखने को मिली।

अमेरिका और जापान दोनों में बढ़ते बॉन्ड ईल्ड से निवेशकों की चिंता गहराई क्योंकि इससे उभरते बाजारों से विदेशी पोर्टफोलियो निवेश (एफपीआई) का सुरक्षित परिसंपत्तियों की ओर पलायन हो सकता है। इस बीच अमेरिका द्वारा कंपनियों को चीन खासकर हुवेई टेक्नोलॉजीज के निर्मित कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) चिप्स को इस्तेमाल से रोकने के फैसले ने चीन के साथ व्यापार तनाव को और बढ़ा दिया। चीन के वाणिज्य मंत्रालय ने इस कदम को 'एकतरफा बदमाशी' बताते हुए तीखी प्रतिक्रिया और सख्त प्रतिशोध की चेतावनी दी।

### विदेशी मुद्रा भंडार गिरकर 685.7 अरब डॉलर पर

**मुंबई।** स्वर्ण भंडार, विशेष आहरण अधिकार और अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष के पास आारक्षित निधि में भारी कमी होने से 16 मई को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 4.9 अरब डॉलर लुढ़ककर 685.7 अरब डॉलर पर आ गया। वहीं इसके पिछले सप्ताह देश का विदेशी मुद्रा भंडार 4.6 अरब डॉलर के इजाफे के साथ 690.6 अरब डॉलर पर रहा था। रिजर्व बैंक की ओर से जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार 16 मई को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 27.9 करोड़ डॉलर की मजबूती के साथ 581.7 अरब डॉलर पर पहुंच गई। वहीं इस अवधि में स्वर्ण भंडार 5.1 अरब डॉलर की भारी गिरावट आई।

# खाद्य तेलों में मिलाजुला रुख, चावल-दाल महंगी

**नई दिल्ली, वार्ता**



विदेशी बाजारों के मिश्रित रुझान के बीच स्थानीय स्तर पर मांग सामान्य रहने से बीते सप्ताह दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेलों में मिलाजुला रुख रहा, जबकि उठाव बढ़ने से चावल और अरहर दाल महंगी हो गई, वहीं अन्य जिंसों में स्थिरता रही।

**तेल-तिलहन :** वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का जून वायदा सप्ताहांत पर 12 रिंगिट फिसलकर 3825 रिंगिट प्रति टन पर आ गया। वहीं जून का अमेरिकी सोया तेल वायदा 1.47 सेंट की तेजी के साथ 49.63 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान खाद्य तेलों में मिलाजुला रुख रहा। सरसों तेल 366 रुपये, मूंगफली तेल 512 रुपये, सोया रिफाइंड 73 रुपये और वनस्पति तेल 439 रुपये प्रति क्विंटल उतर गया जबकि सूरजमुखी तेल 219 रुपये और पाम ऑयल 147 रुपये प्रति क्विंटल चढ़ गया।

सप्ताहांत पर सरसों तेल 15385 रुपये प्रति क्विंटल, मूंगफली तेल 17802 रुपये प्रति क्विंटल, सूरजमुखी तेल 16703 रुपये प्रति क्विंटल, सोया रिफाइंड 14652 रुपये प्रति क्विंटल, पाम ऑयल 14066 रुपये प्रति क्विंटल और वनस्पति तेल 15677 रुपये प्रति क्विंटल पर रहा। दाल-दलहन: बीते सप्ताह दाल-दलहन के बाजार में अरहर दाल में 100 रुपये प्रति क्विंटल की तेजी को छोड़कर अन्य दालों में टिकाव रहा। चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल और उड़द दाल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ और वे पिछले सत्र के स्तर पर पड़े रहे। सप्ताहांत पर चना 6100-6200, दाल चना 7100-7200, मसूर काली 7650-7750, मूंग दाल 9850-9950, उड़द दाल 9250-9350, अरहर दाल 8600-8700 रुपये प्रति क्विंटल रही। अनाज: अनाज मंडी में मिलाजुला रुख रहा। इस दौरान चावल 50 रुपये प्रति क्विंटल महंगा हो गया, जबकि गेहूं के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे। इस दौरान (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2950-3050 रुपये और चावल 3600-3700 रुपये प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़ : बीते सप्ताह मीठे के बाजार में स्थिरता रही।

### सिक्किम और उत्तराखंड में स्थानीय कलाओं को संवारना जीवन को सच्चा अर्थ देना: मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूर्वोत्तर में सिक्किम और उत्तराखंड में स्थानीय कलाओं को संवारने को जीवन को सच्चा अर्थ देना करार दिया है। मोदी ने आकाशवाणी पर प्रसारित होने वाले मासिक कार्यक्रम 'मन की बात' के 122वें अंक में कहा कि दो-तीन दिन पहले ही मैं पहली उभरता पूर्वोत्तर शिखर सम्मेलन में गया था। उससे पहले हमने पूर्वोत्तर के सामर्थ्य को समर्पित 'अष्टलक्ष्मी महोत्सव' भी मनाया था।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

**चार राज्यों में...**

एमएम) तक बारिश हुई। मिंटो रोड, मोती बाग और दिल्ली एयरपोर्ट टर्मिनल-1 की सड़कों पर पानी भर गया। यूपी के गाजियाबाद में एसीपी ऑफिस में बने कमरे की छत गिरी, जिसमें एसआई वीरेंद्र मिश्रा की मौत हुई है। हिमाचल प्रदेश के कुल्लू में शनिवार शाम बादल फटने के कारण बाढ़ की स्थिति बन गई। इससे 25 से ज्यादा वाहनों को नुकसान पहुंचा। पहाड़ों से गिर रहे मलबे से हिंदुस्तान-तिब्बत रोड और नेशनल हाईवे-5 बंद हो गया। राजस्थान के खैरथल-तिजारा जिले में घर की दीवार गिरने से दो लोगों की मौत हो गई। बीकानेर, सीकर और झुंझुनू में शनिवार देर रात आंधी की वजह से इलेक्ट्रिक पोल और पेड़ उखड़ गए। 24 मई को मानसून की एंट्री के बाद से केरल के सभी जिलों में भारी बारिश जारी है। 25 मई को भी तेज हवा और बारिश हुई है। इसके कारण कई पेड़ उखड़ गए, घर क्षतिग्रस्त हो गए, कई नदियों के उफान पर होने के चलते बांध ओवरफ्लो हो गए। इसके चलते कुछ बांधों के शटर खोले गए। वायनाड के लैंडस्लाइड प्रभावित इलाके चूरलमाला में 24 मई की रात से तेज बारिश हुई है। लोगों को दोबारा लैंडस्लाइड का डर सता रहा है। चूरलमाला-मुंडक्कई इलाके से गुजरने वाली पुन्नपुझा नदी का वाटर लेवल बढ़ा है। वहीं, मौसम विभाग ने रविवार को देश के 21 राज्यों में आंधी-बारिश का अलर्ट जारी किया है। इसके अलावा उत्तराखंड में ओले गिरने और राजस्थान में धूल भरी आंधी-हीटवेव की चेतावनी दी है। वहीं रविवार से नौतपा की भी शुरुआत हो गई है, जो 2 जून तक रहेगा। इस दौरान भीषण गर्मी होती है।

# पीएम मोदी बदजुबान नेताओं पर नहीं करते कार्रवाई: खड़गे

**नई दिल्ली, वार्ता**



■ भाजपा के नेता और मंत्री सेना का कर रहे अपमान: कांग्रेस अध्यक्ष

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी नेता और मंत्री पहलगाम मुद्दे पर सेना और शहीदों का अपमान कर रहे हैं, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उनके खिलाफ कार्रवाई करने की बजाय खामोश हैं।

खड़गे ने कहा कि भाजपा के नेताओं में पहलगाम के पीड़ितों और बहादुर सेना पर लांछन लगाने की होड़ चल रही है। भाजपा के राज्यसभा सांसद रामचंद्र जांगड़ा के शर्मनाक बयान से एक बार फिर आरएसएस भाजपा की ओछी मानसिकता को उजागर कर दिया। मध्य प्रदेश के उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने हमारी जांबाज़ सेना का अपमान किया पर मोदी ने कोई कार्रवाई नहीं की। मध्य प्रदेश के मंत्री विजय शाह ने हमारी वीर कर्नल पर भद्दी टिप्पणी की पर आज तक बर्खास्त नहीं हुए। उन्होंने कहा कि जब पहलगाम में शहीद नौसेना ऑफ़िसर की पत्नी को सोशल मीडिया पर ट्रोल किया जा रहा था, तब भी मोदी जी चुप थे। मोदी आप कहते हैं कि आपकी रगों में सिंदूर है, अगर ऐसा है, तो आपको महिलाओं के सम्मान के लिए अपने इन बदज़ुबानी नेताओं को बर्खास्त करना चाहिए। कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने कहा कि भाजपा नेता लगातार सेना और शहीदों का अपमान कर रहे हैं, जो उनकी ओछी मानसिकता को उजागर करते हैं। राज्यसभा सांसद रामचंद्र जांगड़ा का यह शर्मनाक बयान बताता है कि सत्ता के नशे में चूर भाजपा इतनी संवेदनहीन हो चुकी है कि पहलगाम आतंकी हमले में शहीद हुए जवानों के बलिदान के लिए सुरक्षा चूक को जिम्मेदार ठहराने के बजाय भाजपा सांसद शहीदों एवं उनकी पत्नियों पर ही सवाल उठा रहे हैं। विजय शाह और देवड़ा जैसे नेताओं पर आज तक कोई कार्रवाई नहीं हुई, अब ये नया बयान घोर आपत्तिजनक है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी और भाजपा नेतृत्व की चुप्पी को इन बयानों की मौन स्वीकृति क्यों न माना जाए। हमारी मांग है कि प्रधानमंत्री इस शर्मनाक बयान पर माफी मांगें और सांसद रामचंद्र जांगड़ा को पार्टी से बाहर करें।

### 'ऑपरेशन सिंदूर' का श्रेय मोदी को देने की होड़ में जुटे भाजपा नेता: अलका

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने रविवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी और उसके नेता नैतिकता को ताक पर रखकर 'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता का श्रेय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को देने की होड़ में बहादुर सेना तथा हमले के पीड़ितों को अपमानित कर रहे हैं, लेकिन उन पर कोई करवाई नहीं हो रही है। महिला कांग्रेस अध्यक्ष अलका लांबा ने रविवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि भाजपा नेता एक के बाद एक पहलगाम हमले के पीड़ितों और सेना के खिलाफ बदजुबानी कर रहे हैं लेकिन श्री मोदी और भाजपा नेतृत्व उनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं कर रहा है। लांबा ने कहा कि भाजपा नेता 'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता का श्रेय मोदी को देते हुए उनका गुणगान करके सेना और पीड़तों को जिस तरह से अपमानित कर रहे हैं, ऐसा लगता है कि शीर्ष नेतृत्व से आदेश पाकर वे जहां मौका मिले 'ऑपरेशन सिंदूर' का श्रेय प्रधानमंत्री को दे रहे हैं और इस होड़ में भाजपा नेताओं की जुबान बिगड़ गई है। महिला कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि श्रेय देने की होड़ में भाजपा यानी बदजुबान पार्टी के नेता संयम खोते हुए अपनी भाषा भूल गए।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
हैल्थ प्लस सिरप
खून की कमी, भूख ना लगना, विटामिन व हार्मोन्स की कमी, शारीरिक दुर्बलता, गर्भवती महिला, दूध का कम बनना, लीवर व पेट की समस्याओं में उपयोगी
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

### मुख्यमंत्री परिषद की बैठक में सीएम पुष्कर धामी ने दिया यूसीसी पर प्रस्तुतिकरण

# अन्य राज्यों का भी मार्गदर्शन करेगा उत्तराखंड का यूसीसी

■ मार्गदर्शन व सहयोग के लिए प्रधानमंत्री व गृह मंत्री को धन्यवाद दिया ■ राज्य के लगभग 98 प्रतिशत गांवों से आवेदन प्राप्त किए जा चुके हैं



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली/देहरादून।** उत्तराखंड की पुष्कर धामी सरकार द्वारा लागू किया गया यूसीसी यानी समान नागरिक सं‍हिता अब देश के अन्य प्रदेशों के लिए भी प्रेरणा और मार्गदर्शन का काम करेगी। यूसीसी को लेकर अन्य प्रदेशों ने भी काफी जिज्ञासा दिखाई है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में नई दिल्ली में आयोजित मुख्यमंत्री परिषद की बैठक में प्रतिभाग किया। मुख्यमंत्री ने उत्तराखंड में लागू समान नागरिक संहिता पर प्रस्तुतिकरण देते हुए कहा कि यूसीसी लागू करने के लिए मजबूत सिस्टम का निर्माण किया गया है।

प्रक्रिया को जनसामान्य के लिए अधिक सुलभ और सहज बनाने के लिए एक पोर्टल और समर्पित मोबाइल ऐप भी विकसित किया गया है। साथ ही ग्राम स्तर पर 14,000 से अधिक कॉमन सर्विस सेंटर्स को इससे जोड़ा गया है। मुख्यमंत्री ने जानकारी देते हुए कहा कि समान नागरिक संहिता जाति, धर्म, लिंग आदि में अन्तर के आधार पर कानूनी मामलों में होने वाले भेदभाव को खत्म करने का एक संवैधानिक उपाय है। संविधान के अनुच्छेद 342 के अंतर्गत वर्णित हमारी अनुसूचित जनजातियों को इस संहिता से बाहर रखा है, जिससे कि उन जनजातियों का और उनके रीति रिवाजों का संरक्षण किया जा सके।

#### यूसीसी में चार माह में डेढ़ लाख से अधिक आवेदन मिले: धामी

मुख्यमंत्री ने बताया कि रजिस्ट्रेशन के समय आने वाली परेशानियों को दूर करने के लिए ऑटो एस्केलेशन और ग्रीवेंस रिड्रेसल सिस्टम भी लागू किया गया है। व्यापक डिजिटल और भौतिक नेटवर्किंग के परिणामस्वरूप केवल चार माह की अवधि में समान नागरिक संहिता के अंतर्गत राज्यभर से लगभग डेढ़ लाख से अधिक आवेदन प्राप्त हुए हैं। इतना ही नहीं, राज्य के लगभग 98 प्रतिशत गाँवो से आवेदन प्राप्त किए जा चुके हैं, जो ये दर्शाता है कि यूसीसी को जनता का भरपूर समर्थन प्राप्त हो रहा है। मुख्यमंत्री ने यूसीसी के सफलतापूर्वक लागू करने में मार्गदर्शन और सहयोग के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को धन्यवाद देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व और मार्गदर्शन में 2022 के विधानसभा चुनाव में अपने दृष्टि पत्र के माध्यम से राज्य की जनता को ये वचन दिया था कि यदि जनादेश मिला, तो उत्तराखंड में समान नागरिक संहिता लागू की जाएगी।

nirf Ranking 2024 RANKED AMONG TOP 50 UNIVERSITIES IN INDIA
THE World University Rankings 2025 RANKED 7TH IN INDIA
UPES UNIVERSITY OF TOMORROW
100+ Programs
Engineering | Computer Science | Business | Law
Design | Health Sciences | Liberal Studies and Media
B.Tech. | BBA | LL.B. | B.Des. | B.Sc. (Hons.) and more.
| Lifetime Placement^ | Start-up Support
25% fee concession for bonafide Uttarakhand students^
Merit Scholarship^ | Exclusive Scholarship for Girl Students^
^T&C apply
LAST DATE TO APPLY - MAY 29, 2025
UPES Dehradun | upes.ac.in | 040 68440685 (10 am to 7 pm)

### एआई तकनीक से डिजिटल क्राइम की रोकथाम

# टिहरी की छात्रा ने बनाया 'कॉप्स' एप साइबर पीड़ितों के लिए बनेगा सहारा



■ स्टार्टअप बूट कैंप में उभरी युवाओं की नवाचारी सोच ■ डिजिटल सुरक्षा को मिलेगा नया आयाम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व और जिलाधिकारी मयूर दीक्षित के मार्गदर्शन में टिहरी जिले में युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने और उन्हें नवीन अवसरों से जोड़ने की दिशा में निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में हाइड्रो पावर अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संस्थान, भागीरथीपुरम में आईआईटी रुड़की और जिला उद्योग केंद्र टिहरी के संयुक्त तत्वावधान में उत्तराखंड स्टार्टअप बूट कैंप का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में आईआईटी रुड़की और उद्योग विभाग से जुड़े कई अनुसंधानकर्ता भी शामिल हुए, जहां नवाचार और तकनीकी समाधान को प्रोत्साहन देने पर बल दिया गया।

इस अवसर पर हाइड्रो इंजीनियरिंग कॉलेज भागीरथीपुरम की छात्रा अंशिका गुप्ता ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित एक अभिनव मोबाइल एप "एआई कॉप्स" का मॉडल प्रस्तुत किया, जिसे डिजिटल अपराधों के शिकार लोगों की मदद के उद्देश्य से तैयार किया गया है। अंशिका ने बताया कि वर्तमान समय में डिजिटल फ्रॉड, सोशल मीडिया स्कैम और अन्य साइबर अपराधों की संख्या तेजी से बढ़ रही है, जिससे आम लोगों की मानसिक, सामाजिक और आर्थिक स्थिति पर गंभीर प्रभाव पड़ता है। ऐसे में यह एप पीड़ितों के लिए एक प्रभावशाली समाधान बन सकता है। अंशिका ने बताया कि "एआई कॉप्स" एप का मुख्य उद्देश्य केवल साइबर अपराधों की पहचान और रोकथाम तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि यह विशेष रूप से पीड़ितों की रिकवरी पर ध्यान केंद्रित करेगा। उन्होंने एप के इंस्टालेशन, सब्सक्रिप्शन प्रक्रिया, इसके मुख्य फीचर्स और इसके माध्यम से समस्याओं के समाधान की विस्तृत जानकारी दी। एप में एक टोल-फ्री हेल्पलाइन नंबर भी उपलब्ध रहेगा, जिसके माध्यम से पीड़ित व्यक्ति त्वरित सहायता प्राप्त कर सकेगा। इस तकनीक के जरिए डिजिटल अपराधों में फंसे लोग मानसिक और भावनात्मक रूप से भी राहत महसूस कर सकेंगे। इस अवसर पर जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने कहा कि प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के दिशा-निर्देशों के अनुरूप प्रदेश भर के जनपदों में बच्चों के लिए लर्निंग सेंटर स्थापित किए जा रहे हैं।

# मन की बात में देवभूमि के कलाकार का जिक्र प्रेरणादायक : भट्ट

■ लोकल फॉर वोकल पर प्रधानमंत्री मोदी के मन की बात, भाजपा घर घर पहुंचाएगी

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून ।** उत्तराखंड भाजपा, लोकल फॉर वोकल को लेकर पीएम के मन की बात घर घर पहुंचाएगी। प्रदेशाध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट ने हस्तकला में राज्य के जीवन चन्द्र जोशी के जिक्र को प्रेरणादायी बताते हुए पीएम का आभार व्यक्त किया है।



दुनिया के सर्वाधिक लोकप्रिय कार्यक्रम पीएम के मन की बात के 122वें एपिसोड को संगठन द्वारा राज्य में बूथ स्तर पर जनसहभागिता के साथ सुना गया। आज के कार्यक्रम में दिल्ली प्रवास के दौरान शिरकत करते हुए प्रदेशाध्यक्ष भट्ट ने कहा, मोदी जी के मन की बात देशवासियों को सदैव प्रेरित करती है। लेकिन आज का एपिसोड उत्तराखंडवासियों के लिए उस समय बेहद खास बन गया, जब पीएम ने हस्तकला के क्षेत्र अभूतपूर्व योगदान देने वाले हल्द्वानी निवासी जोशी का जिक्र किया। वैसे तो अपनी शारीरिक कमी के बावजूद उन्होंने चीड़ की छाल से जो अदभुत कलाकृतियां बनाई हैं वो समाज को प्रेरणा देने का काम तो करती ही हैं, लेकिन मोदी के जिक्र से देश दुनिया में उनके इस योगदान की प्रासंगिकता अधिक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

उन्होंने कहा, यूं तो प्रधानमंत्री का लोकल फॉर वोकल सिद्धांत देश की तरह उत्तराखंड के विकास में अहम योगदान दे रहा है। लेकिन जिस तरह ऑपरेशन सिंदूर में स्वदेशी हथियारों ने पाक सेना और आतंकवादियों के छक्के छुड़ाएं उसने दुनिया में भारतीय रक्षा उत्पादों की श्रेष्ठता को स्थापित किया है। 80 फीसदी हथियारों के देश में निर्माण से रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता के समान प्रत्येक राज्य की तरह उत्तराखंड को भी स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने की जरूरत है। पार्टी कार्यकर्ता भी लोकल फॉर वोकल की नीति पर आगे बढ़ने के लिए आम लोगों को जागरूक करने का कार्य करेंगे।

देवभूमिवासियों के हाथों में जादू और सामर्थ्य है, वहीं हमारे अघोषित ब्रांड एंबेसडर भी स्वयं मोदी जी हैं। बस हमें स्थानीय उत्पाद की खपत और निर्माण में अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान देने की जरूरत है।

इस दौरान जिलाध्यक्ष आशुतोष शर्मा, पूर्व विधायक एवं मंत्री स्वामी यतीश्वरानंद सहित वरिष्ठ पदाधिकारीगण एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# अपराधों से बचाने के लिए लिव-इन का पंजीकरण जरूरी

■ मुख्यमंत्री धामी ने दिल्ली में मुख्यमंत्रियों के सम्मेलन में दी जानकारी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली/देहरादून।** वर्तमान स्थिति को ध्यान में रखते हुए, युवा पीढ़ी विशेष रूप से युवक-युवतियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने और उन्हें संभावित सामाजिक जटिलताओं एवं अपराधों से बचाने के उद्देश्य से इसमें लिव-इन रिलेशनशिप के लिए पंजीकरण को अनिवार्य किया गया है। ये बात मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने दिल्ली में मुख्यमंत्रियों के सम्मेलन में कही है। उन्होने कहा कि पंजीकरण कराने वाले युगल की सूचना रजिस्ट्रार उनके माता-पिता या अभिभावक को देगा, ये जानकारी पूर्णतः गोपनीय रखी जाएंगी। यूसीसी के माध्यम से जन्म एवं मृत्यु के पंजीकरण की भांति विवाह और विवाह-विच्छेद दोनों का पंजीकरण भी किया जा सकेगा। समान नागरिक संहिता लागू करने के साथ ही इसके क्रियान्वयन हेतु एक प्रभावी एवं स्पष्ट नियमावली को भी लागू कर दिया है।

इन कानूनों के अंतर्गत सभी धर्म और समुदायों में बेटी को भी संपत्ति में समान अधिकार प्रदान किए गए हैं। इसके साथ ही, संपत्ति के अधिकार में बच्चों में किसी भी प्रकार का भेद नहीं किया गया है, अर्थात प्राकृतिक संबंधों के आधार पर, सहायक विधियों द्वारा या लिव इन संबंधों द्वारा जन्मे बच्चों का भी संपत्ति में बराबर अधिकार माना जाएगा। यूसीसी के अंतर्गत बच्चों की संपत्ति में माता-पिता को भी अधिकार प्रदान किया गया है, जिससे बुजुर्गों की आर्थिक सुरक्षा सुनिश्चित हो सके और उन्हें सम्मान पूर्वक जीवन यापन का अधिकार प्राप्त हो।

# उत्तरकाशी: हादसे का रविवार, दुर्घटनाओं में 3 की मौत, 4 घायल

## नगाण गांव-कुर्सिल मोटर मार्ग पर मैक्स वाहन दुर्घटना में चालक की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उत्तरकाशी।** तहसील बड़कोट के नगाण गांव-कुर्सिल मोटर मार्ग पर एक मैक्स बुलेरो वाहन दुर्घटना ग्रस्त होने से चालक की दर्दनाक मौत की सूचना है।



घटना रविवार सुबह की है। मैक्स बुलेरो चालक संतोष पुत्र बूटाराम ग्राम स्यालब वाहन में दुर्घटना के वक्त अकेले थे। इधर उधर घटना की सूचना पर पुलिस फोर्स घटना स्थान हेतु रवाना हो चुकी है। वहीं चिन्यालीसौड़ के बंनचौरा की तरफ से धरासु की ओर आते हुए एक ट्रक अनियंत्रित होकर ग्राम मोरगी के पास धरासु- बंचौरा रोड से लगभग 30 फीट नीचे ग्राम मोरगी रोड पर गिर गया है। जिसमे ड्राइवर सहित कुल 4 लोग बैठे थे। घटना की सूचना पर राजस्व टीम, पुलिस , एसडीआरएफ टीम घटनास्थल पर मौजूद थी।

1.चालक संजय थापा पुत्र गो. कुल थापा उम्र 44 वर्ष निवासी धारवाली आरकेडिया ग्रांट मोहेब्बेवाला देहरादून। सहित 2. चन्दन मेहतो पुत्र सुग्रीव मेहतो निवासी बेरिया, तिवारी टोला, बेतिया, बिहार उम्र 21 वर्ष,

3.बीर मेहतो पुत्र लक्मी मेहतो निवासी लाल गढ़, बेतिया, बिहार उम्र 50 वर्ष ओर 4.प्रकाश चौहान पुत्र स्व श्री अत्तर सिंह चौहान निवासी कांदीसोंड थाना छाम टिहरी गढ़वाल उम्र 36 वर्ष सवार थे। चालक संजय थापा की मौके पर मृत्यु हो गयी है शेष तीनो व्यक्ति(चंदन महतो,वीर महतो , प्रकाश चौहान)घायल हैं जिन्हे एम्बुलेंस 108 के माध्यम से सीएचसी चिन्यालीसौड़ भेजा गया रहा है। ओर चालक संजय थापा के शव को भी सीएचसी चिन्यालीसौड़ ले जाया जा रहा है। अस्पताल जाकर अग्रिम कार्यवाही अमल में लायी जायेगी।

## पेड़ गिरने के चपेट में युवक की दर्दनाक मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उत्तरकाशी।** मोरी प्रखंड के जंगलों में भेड़-बकरी चराने गए एक युवक की देवदार का पेड़ गिरने से दर्दनाक मौत हो गई। ग्रामीणों से मिली जानकारी के मुताबिक मोरी विकासखंड के ढाटमीर गांव निवासी जयवीर सिंह (42 वर्ष), पुत्र तालीराम, रविवार सुबह भेड़-बकरियों के साथ जंगल गये थे।

खराब मौसम के चलते अचानक एक विशाल देवदार का पेड़ गिरने से जयवीर सिंह उसकी चपेट में आ गया जिससे उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। ग्रामीणों ने घटना की सूचना स्थानीय प्रशासन को दी, सूचना पर राजस्व उपनिरीक्षक ने घटना स्थल पर जाकर मौका मुआयना किया। जयवीर सिंह की मौत से गांव में मातम पसरा है। इधर क्षेत्रीय विधायक दुर्गेश्वर लाल ने घटना पर दु:ख ब्यक्त करते हुए पीड़िघ्त परिवार की हर सम्भव सहायता करने का आश्वासन दिया है।

# हाउस ऑफ हिमालयाज एक अम्ब्रैला ब्रांड : जोशी

■ ग्राम्य विकास मंत्री ने किया हाउस ऑफ हिमालयाज के कॉर्ट का उद्घाटन



**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** ग्राम्य विकास मंत्री गणेश जोशी ने रविवार को देहरादून स्थित हाथीबड़कला स्थित मॉल में हाउस ऑफ हिमालयाज के कार्ट का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर उन्होंने स्टॉल पर प्रदर्शित उत्पादों का निरीक्षण किया और हाउस ऑफ हिमालयाज के तहत उपलब्ध विभिन्न स्थानीय उत्पादों की जानकारी ली। उन्होंने डिजिटल पेमेंट के माध्यम से कार्ट से खरीददारी भी की।

इस दौरान ग्राम्य विकास मंत्री जोशी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की डिजिटल इंडिया मुहिम का उल्लेख करते हुए कहा कि आज गांव की महिलाएं भी तकनीक से जुड़ रही हैं और डिजिटल माध्यम से लेन-देन कर रही हैं, जो कि एक सशक्त और समावेशी भारत की दिशा में सकारात्मक संकेत है। उन्होंने कहा कि यह पहल ग्रामीण समुदाय विशेषकर महिलाओं के सतत आर्थिक विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। जोशी ने विशेष रूप से फिल्म्स, परफ्यूम्स, उत्तराखंड रेशम के शॉल और स्टोन प्रोडक्ट्स की सराहना की और सुझाव दिया कि इन प्रीमियम उत्पादों को इस प्रकार प्रदर्शित किया जाए ताकि वे आमजन को आकर्षित कर सकें और मॉल की प्रकृति के अनुसार उपयुक्त स्थान पर प्राइम लोकेशन में रखे जाएं। ग्राम्य विकास मंत्री ने बताया कि हाउस ऑफ हिमालयाज एक अम्ब्रेला ब्रांड है, जिसका उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिसंबर 2023 को वोकल फॉर लोकल और लोकल टू ग्लोबल अभियान के तहत किया था। इस दौरान अपर सचिव झरना कमठान, मण्डल अध्यक्ष प्रदीप रावत, भावना चौधरी, ज्योति कोटिया, उपायुक्त ग्राम्य विकास एके राजपूत सहित कई अन्य लोग उपस्थित रहे।

#### वर्तमान में बन चुकी 1.63 लाख महिलाएं लखपति दीदी

प्रदेश के ग्राम्य विकास मंत्री जोशी ने कहा कि राज्य में अब तक लगभग 67 हजार स्वयं सहायता समूह गठित किए जा चुके हैं, जो करीब 4.92 लाख ग्रामीण परिवारों की महिलाओं को संगठित करते हैं। वर्तमान में 1.63 लाख महिलाएं लखपति दीदी बन चुकी हैं, जो वार्षिक एक लाख रुपये से अधिक की आय अर्जित कर रही हैं। हाउस ऑफ हिमालयाज के माध्यम से अब तक करीब 1.50 करोड़ से अधिक के उत्पादों की बिक्री हो चुकी है।

## जनपद देहरादून में अब तक डेंगू के 67 मामले आए सामने

**देहरादून ( मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स )।** जनपद देहरादून में अब तक डेंगू के 67 पॉजिटिव केस सामने आ चुके हैं, जिनमें 38 देहरादून और 29 अन्य स्थानों पर मिले हैं। इनमें से 57 मरीज पूरी तरह रिकवर हो चुके हैं। डेंगू के 10 केस अभी एक्टिव हैं ,जिनमें से 6 का इलाज श्री महंत इंद्रेश हॉस्पिटल, दो एचआईएचटी जोलीग्रांट , एक एम्स और एक का ग्राफिक एरा अस्पताल में इलाज चल रहा है। रविवार को 28 सैंपल इकट्ठा किए गए जिसमें से कोई केस सामने नहीं आया।

### सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा 2025 आयोजित

# कटऑफ 90 से 92 तक जाने के आसार

■ अर्थशास्त्र के सवालों ने अभ्यर्थियों को उलझाया इतिहास और पर्यावरण ने भी ली परीक्षा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** संघ लोक सेवा आयोग की ओर से आयोजित सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा 2025 का आयोजन रविवार को देशभर के 80 परीक्षा केंद्रों पर सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। लाखों अभ्यर्थियों ने इस प्रतिष्ठित परीक्षा में हिस्सा लिया। परीक्षा दो पालियों में आयोजित की गई, जिसमें अभ्यर्थियों की सामान्य अध्ययन और मानसिक योग्यता की परख की गई। परीक्षा का आयोजन दो चरणों में किया गया। पहली पाली सुबह 9:30 बजे से 11:30 बजे तक रही, जिसमें जनरल स्टडीज पेपर-I का आयोजन हुआ। दूसरी पाली दोपहर 2:30 बजे से 4:30 बजे तक हुई, जिसमें सीसैट यानि जनरल स्टडीज पेपर-II लिया गया। दोनों ही पेपर वस्तुनिष्ठ प्रारूप में थे।

**प्रश्नों का स्वरूप और प्रमुख विषय**

सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी कराने वाले प्रयाग आईएएस अकादमी के निदेशक आर ए खान ने बताया कि पहली पाली में पूछे गए प्रश्नों का स्वरूप इस बार अपेक्षाकृत विश्लेषणात्मक और अवधारणात्मक रहा। सवाल सीधे तथ्यात्मक नहीं थे बल्कि छात्रों की गहरी समझ की परख करते दिखे। इस पेपर में वर्तमान घटनाएं (करेंट अफेयर्स) से सर्वाधिक प्रश्न पूछे गए। इसके अलावा इतिहास, भारतीय राजव्यवस्था, अर्थव्यवस्था, पर्यावरण एवं पारिस्थितिकी, और भूगोल जैसे पारंपरिक विषयों से संतुलित प्रश्न देखने को मिले। उनका मानना है कि धैर्य के साथ पेपर करने वालों को सफलता मिलेगी, कटऑफ 90 से 92 तक जाने के आसार हैं। वहीं, परीक्षार्थियों का कहना था कि इतिहास और पर्यावरण से कुछ प्रश्न कठिन थे। दूसरी पाली में मानसिक योग्यता, गणितीय क्षमता, तार्किक विश्लेषण और गद्यांश पर आधारित प्रश्न पूछे गए। कई छात्रों को यह पेपर भी चुनौतीपूर्ण लगा, खासकर डेटा इंटरप्रिटेशन और समझ आधारित प्रश्नों के कारण।

**इस बार क्या रहा अलग**

पिछले वर्षों की तुलना में इस बार के पेपर में कई अहम बदलाव देखने को मिले। प्रश्न अधिक समसामयिक घटनाओं पर केंद्रित थे। आवश्यक तथ्यों से ज्यादा महत्व अवधारणात्मक स्पष्टता को दिया गया। भूगोल और पर्यावरण जैसे विषयों से जुड़ी जटिल स्थिति-आधारित प्रश्नों की संख्या बढ़ी। सीसेट पेपर में गणितीय प्रश्न तुलनात्मक रूप से अधिक कठिन और समय लेने वाले रहे।

# फर्जी दस्तावेजों से नियुक्ति के आरोप पर उक्रांद हुई हमलावर

■ जांच समिति की मांग, कार्रवाई नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी

**शाहटाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** उत्तराखंड क्रांति दल (उक्रांद) के पूर्व केंद्रीय अध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ राजेंद्र सिंह बिष्ट ने विधानसभा में प्रोटोकॉल अधिकारी मयंक सिंघल की नियुक्ति को लेकर बड़ा खुलासा किया है। उन्होंने विधानसभा अध्यक्ष रीतू खंडूड़ी की ओर से कराई जा रही जांच को महज खानापूर्ति करार देते हुए आरोप लगाया कि मयंक सिंघल ने फर्जी शैक्षिक दस्तावेजों के आधार पर सरकारी पद हासिल किया।

राजेंद्र सिंह बिष्ट ने कहा कि उक्रांद ने पूर्व में ही विधानसभा अध्यक्ष को इस गंभीर मुद्दे से अवगत करा दिया था। उन्होंने दस्तावेजी प्रमाणों का हवाला देते हुए बताया कि मयंक सिंघल की नियुक्ति 27 जुलाई 2006 को तत्कालीन विधानसभा अध्यक्ष यशपाल आर्य और विधानसभा सचिव द्वारा की गई थी। यह नियुक्ति एक तदर्थ पद पर इस शर्त पर की गई थी कि उपयुक्त अभ्यर्थी लोक सेवा आयोग से उपलब्ध होने पर उन्हें हटा दिया जाएगा। बिष्ट ने आरोप लगाया कि न सिर्फ लोक सेवा आयोग की गरिमा को ठेस पहुंचाई गई बल्कि विधानसभा जैसे संवैधानिक संस्थान में भाई-भतीजावाद को खुला समर्थन मिला। मयंक सिंघल को 15 दिन के भीतर शैक्षिक दस्तावेजों की वैधता प्रस्तुत करनी थी, लेकिन आज तक उनकी प्रमाणिकता की निष्पक्ष जांच नहीं हो सकी।

इस मामले में विधानसभा सचिप हेम पंत से फोन पर बात करने की कोशिश की गई, लेकिन संपर्क नहीं हो पाया। दूसरी तरफ प्रोटॉकॉल अधिकारी मंयक सिंघल ने कहा कि अपना पक्ष स्पीकर के तथा जांच समिति के सामने मजबूती से रखेंगे, कहा कि वे मीडिया में बयान के लिए अधिकृत नहीं है।

#### फर्जी डिग्री का आरोप, शिक्षा संस्थान ने नहीं ली कभी प्राइवेट परीक्षा

बिष्ट ने दावा किया कि जिस विश्वविद्यालय से सिंघल ने हाई स्कूल और इंटर की परीक्षाएं पास कीं, उस विश्वविद्यालय ने कभी भी प्राइवेट परीक्षा आयोजित ही नहीं की। यह अपने आप में स्पष्ट संकेत है कि उनके दस्तावेज फर्जी हैं।

#### नहीं हुई कार्रवाई, तो होगा उग्र आंदोलन

राजेंद्र बिष्ट ने चेतावनी दी है कि यदि एक सप्ताह के भीतर जांच समिति का गठन कर निलंबन की कार्रवाई नहीं की गई तो उक्रांद विधानसभा के भीतर भ्रष्ट अधिकारियों के प्रवेश का विरोध करेगा और बड़ा जनांदोलन छेड़ेगा। उन्होंने कहा कि युवाओं के हक को मारकर अयोग्य लोगों को पद दिलाने का यह मामला गंभीर है और इससे युवाओं का विश्वास उठता जा रहा है।

#### उक्रांद ने जांच समिति व निलंबन की रखी मांग

उक्रांद ने विधानसभा अध्यक्ष से मांग की है कि 15 दिनों के भीतर एक निष्पक्ष जांच समिति गठित कर जांच कराई जाए और तब तक मयंक सिंघल को निलंबित किया जाए। साथ ही अब तक विधानसभा में नियुक्त सभी तदर्थ और विचलन से लगे कर्मचारियों के शैक्षिक दस्तावेजों की भी जांच कराई जाए।

#### भ्रष्टाचार मुक्त उत्तराखंड के लिए संघर्ष जारी रहेगा: उक्रांद

उक्रांद ने साफ किया है कि वह राज्य को भ्रष्ट अधिकारियों से मुक्त कराने के लिए लगातार संघर्ष करता रहेगा। पूर्व में सेवानिवृत्त वन संरक्षक जय राज सिंह की अध्यक्षता में बनी समिति ने भी इस मामले की जांच को गंभीरता से नहीं लिया, जिससे यह स्पष्ट होता है कि साजिशन इस विषय को दबाने की कोशिश हो रही है।

CMYK

## एक नजर

### खतरे के बीच आवाजाही करने को मजबूर लोग

**अल्मोड़ा।** क्वारब पुल के समीप बने डेंजर जोन का स्थाई समाधान नहीं निकल पाने से आए दिन अल्मोड़ा-हल्द्वानी राष्ट्रीय राजमार्ग में जाम की स्थिति बन रही है। पहाड़ी से रुक-रुक कर गिर रहा मलबा परेशानियों का सबब बना हुआ है। एनएच पर यात्री खतरे के बीच आवाजाही करने को मजबूर है। वहीं पहाड़ी से गिर रहे मलबे से मोटर मार्ग भी बार-बार बाधित हो रहा है। रविवार को भी दोपहर बाद पहाड़ी से मलबा आ गया। जिससे मार्ग में यातायात बाधित हो गया। हालांकि प्रशासन की ओर से मार्ग के दोनों ओर लगाई जेसीबी से मार्ग में आए मलबे को हटाया गया। एक घंटे के करीब लगे जाम से यात्रियों को परेशानियों का सामना करना पड़ा।

### संदिग्ध परिस्थितियों में अधेड़ की मौत

**अल्मोड़ा।** नगर के लक्ष्मेश्वर तिराहे के समीप एक अधेड़ की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। स्थानीय लोग घायल अधेड़ को जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां इमरजेंसी में तैनात चिकित्सकों ने घायल अधेड़ को मृत घोषित कर दिया। नगर के लक्ष्मेश्वर तिराहे के समीप शनिवार देर शाम एक अधेड़ सड़क किनारे बेहोशी की हालत में मिला। सूचना मिलते ही यहां लोगों की भीड़ इकठ्ठा हो गई। स्थानीय लोग 108 वाहन से जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस भी अस्पताल पहुंची। मृतक की पहचान वीरेंद्र निवासी धार की तूनी के रूप में हुई। बाद में मृतक के परिजन भी अस्पताल पहुंचे। इधर, पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंप दिया है।

### एसएसपी ने लगाई जागरूकता चौपाल

**अल्मोड़ा।** एसएसजे देवेंद्र पींचा ने विकासखंड सल्ट के दूरस्थ क्षेत्र सराईखेत में जागरूकता चौपाल लगाई। इस दौरान लोगों को नशे के दुष्परिणामों से आगाह करते हुए कहा कि नशे की खेती करना अपराध है। इससे बचें और अन्य लोगों को भी जागरुक करने में पुलिस का सहयोग करे। क्षेत्र के राजकीय प्राथमिक विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम के दौरान एसएसपी पींचा ने स्थानीय व्यापारियों, प्रधान, गणमान्य व्यक्तियों के साथ गोष्ठी कर नशा, साइबर सहित विभिन्न विषयों पर गहन चर्चा की। उन्होंने अल्मोड़ा पुलिस की ओर से नशे के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के बारे में अवगत कराते हुए सहयोग की अपील की गई। कहा कि नशा एक आग है, जो कभी भी किसी परिवार जन को अपनी आगोश में ले सकता है। इसलिए नशे के विरुद्ध अभियान में सभी का योगदान महत्वपूर्ण है। तभी हम इस अभियान को सफल बना पाएगें। इस दौरान उन्होंने लोगों की समस्याओं को भी सुना और निराकरण को थानाध्यक्ष सल्ट को निर्देशित किया। वहीं, एसएसपी ने सल्ट थाने का भी निरीक्षण किया। पुलिस अधिकारियों को शत प्रतिशत सत्यापन अभियान चलाने आदि आवश्यक दिशा निर्देश दिए। यहां थानाध्यक्ष प्रमोद पाठक आदि मौजूद रहे।

### बैग काटकर नकदी व सोने के टॉप्स चोरी

**काशीपुर।** कुंडेश्वरी रोड पर कोर्ट तिराहा के समीप लगने वाले संडे मार्केट में जेबकतरों का बोलबाला है। मार्केट में खरीदारी को आने वाले खरीदारों की जेब कटने की घटनाएं आये दिन सामने आती रहती हैं। खास बात ये है कि इन जेबकतरों का शिकार अधिकतर महिला खरीदार होती हैं, जबकि जेबकतरी भी महिलाएं ही होती हैं। महिलाओं से खचाखच भरे रहने वाले इस मार्केट में सुरक्षा के इंतजाम न होने से जेब. कतरों की पौ-बारह होती रहती है। जानकारी के अनुसार पत्रकार नवल सारस्वत की पत्नी रूचि सारस्वत आज दोपहर खरीदारी के लिए संडे मार्केट गई थीं, जहां उनका बैग काटकर पांच हजार रूपये और सोने के टॉप्स उड़ा लिए गए। घटना का पता तब लगा जब गुड़िया ने घर आकर बैग से सामान निकाला। घटना की सूचना पुलिस कै दी गई है।

### शिक्षा वर्ग के लिए विद्यार्थियों की टोली रवाना

**काशीपुर।** राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ द्वारा संघ शिक्षा वर्ग (शालेय) एपीएस स्कूल लामाचौड़ में आयोजित वर्ग में काशीपुर से विद्यार्थियों की टोली को आज प्रात: राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला कार्यालय से हल्द्वानी के लिए विदा करा गया। यह जानकारी देते हुए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह जिला संपर्क प्रमुख आकाश गर्ग ने बताया कि इन वर्गों के माध्यम से युवाओं में बौद्धिक क्षमता शारीरिक क्षमता बढ़ती है तथा समाज के प्रति उत्तरदायित्व बना रहता है। इस अवसर पर जिला प्रचारक अजय, नगर प्रचारक जगदीश, संतोष, जिला सह संपर्क प्रमुख आकाश गर्ग, विभाग व्यवस्था प्रमुख अजय अग्रवाल, सुरेंद्र कोठारी, यतेन्द्र शर्मा, सुमित कुमार, खूब सिंह, निखिल सिंह, विवेक कुमार आदि उपस्थित थे।

### हाउस टैक्स के आधार पर ही रजिस्ट्रियों की मांग

**काशीपुर।** नगर निगम के अभिलेखों के आधार पर अब संपत्तियों की बैनामे नहीं हो सकेंगे। डीएम ने उपनिबंधक को केवल खतौनियों के आधार ही दस्तावेजों का पंजीकरण करने के आदेश दिए हैं। तहसील के अधिवक्ताओं का एक प्रतिनिधिमंडल बार एसोसिएशन के तहसील उपाध्यक्ष विजय सिंह के नेतृत्व में उप निबंधक से मिला। उन्होंने ज्ञापन देकर विलेखों का पंजीकरण पूर्व की भांति किए जाने की मांग की। प्रतिनिधिमंडल का कहना था कि निगम क्षेत्र की भूमि आबादी में आती है। इन संपत्तियों का दाखिल खारिज निगम के कार्यालयों में ही होता है। खतौनियां न होने के कारण शहरी क्षेत्र की संपत्तियों का रिकॉर्ड तहसील में उपलब्ध नहीं रहता है। ऐसी स्थिति में निगम क्षेत्र की संपत्तियों की अब रजिस्ट्रियां नहीं हो पाएंगी। अधिवक्ताओं ने हाउस टैक्स के आधार पर ही संपत्तियों की रजिस्ट्रियां करने की मांग रखी।

# बाबा विश्वनाथ डोली यात्रा का जोरदार स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अल्मोड़ा।** बाबा विश्वनाथ जगदीश शिला डोली यात्रा रविवार को अल्मोड़ा पहुंची। यात्रा का अल्मोड़ा में लोगों ने जोरदार स्वागत किया। महिलाओं ने परंपरागत परिधान में सजकर डोले का पूजन किया। यात्रा के संयोजक पूर्व मंत्री मंत्री प्रसाद नैथानी ने बताया कि यात्रा अपने 26वें वर्ष में प्रवेश कर चुकी है। बताया कि विश्व कल्याण, देव संस्कृति जीवित रखना, चार धाम के अलावा उत्तराखंड प्रदेश में अन्य शक्तिपीठों की पहचान कराना और उन्हें प्रचार के माध्यम से धाम बनाने के स्वरूप को तैयार करना इस यात्रा का उद्देश्य है। उन्होंने बताया कि डोली हर साल साढ़े 10 हजार किलोमीटर की यात्रा करती है। लगभग दो हजार से अधिक



देवालयों की परिक्रमा करते हुए हरिद्वार में स्नान करके विशोन पर्वत पर पहुंचकर समाप्त होगी। यात्रा के करबला पहुंचने पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। साथ ही राज्य की सुख-समृद्धि की कामना की। यात्रा का स्वागत करने वालों में संयोजक मनोज सनवाल, पूर्व पालिकाध्यक्ष प्रकाश चंद्र जोशी, शोभा जोशी, प्रकाश रावत, मनोज भंडारी, प्रताप सत्याल, भीम ऐठानी, हेम जोशी, शेखर लखचौरा, पार्षद संजय जोशी, गुड्डू भट्ट, राहुल जोशी, मनोज बिष्ट, गीता मेहरा, मीना भैसोड़ा, कविंद्र पांडे, मनोज बिष्ट, अश्वनी नेगी, हरीश, शेफाली टम्टा, संजय दुर्गापाल, हीरा कनवाल, शरद शाह, अशोक मुश्यानी, हरीश रावत, दीपक भंडारी, रविंद्र बिष्ट आदि शामिल रहे।

# खिलाड़ियों ने लहराया परचम

## पेंचक सिलाट: खेलो इंडिया बीच गेम्स में जीते 6 पदक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** दमन और दीव के घोघला बीच पर 19 से 24 मई तक आयोजित




खेलो इंडिया बीच गेम्स के पहले संस्करण में उत्तराखंड की पेंचक सिलाट टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल छह पदक जीतकर प्रदेश का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया। टीम ने प्रतियोगिता में तीन रजत और तीन कांस्य पदक हासिल किए। खेल मंत्रालय, भारत सरकार और स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस प्रतिष्ठित आयोजन में उत्तराखंड की टीम ने दमदार उपस्थिति दर्ज कराई। टैंडिंग इवेंट्स में खिलाड़ियों ने तकनीकी कौशल और उत्कृष्ट फिटनेस का परिचय देते हुए प्रदेश को गौरवान्वित किया। प्रतियोगिता में दीपक सिंह ने रजत पदक, गायत्री नेगी ने रजत पदक, ईशु भारती ने रजत पदक, रीता भंडारी ने कांस्य पदक, कार्तिक पटेल ने कांस्य पदक, यशोधन राणा ने कांस्य पदक जीता। उत्तराखंड टीम की इस उपलब्धि में मुख्य कोच शारीका पटेल और मैनेजर राकेश की भूमिका अहम रही। टीम का नेतृत्व उत्तराखंड स्पोर्ट्स विभाग के चीफ डी मिशन राशिका सिद्दीकी और ऑफिशियल निर्मला पंत ने किया। पेंचक सिलाट एसोसिएशन उत्तराखंड के जनरल सेक्रेटरी बब्लू दिवाकर ने इस सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह उपलब्धि खिलाड़ियों की मेहनत, समर्पण और निरंतर प्रशिक्षण का परिणाम है। उन्होंने इंडियन पेंचक सिलाट फेडरेशन के डायरेक्टर मोहम्मद इकबाल का भी विशेष आभार प्रकट किया, जिनके सतत प्रयासों से यह खेल राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंचों पर पहचान बना रहा है।

# बारिश से नैनी झील समेत अन्य झीलों के जलस्तर में सुधार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** सरोवर नगरी नैनीताल में मई की बारिश काफी हद तक राहत



लेकर आई है। उम्मीद है कि इस बारिश से लगातार कम हो रहे नैनीझील समेत अन्य झीलों का जलस्तर सामान्य हो जाएगा। बता दें कि सरोवर नगरी नैनीताल में रविवार सुबह बारिश हुई। शहर में बीते 24 घंटों में 19 मिमी बारिश हुई। इसके चलते नैनीझील का जलस्तर आधा इंच तक बढ़ा है जबकि बीते साल नवंबर से इसमें लगातार गिरावट आ रही थी। झील नियंत्रण कक्ष से मिली जानकारी के अनुसार बीते शनिवार झील का जलस्तर 78 फीट 3 इंच था। जबकि रविवार को बारिश के बाद जलस्तर 78 फीट 3.5 इंच तक पहुंच गया। जीआईसी मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार रविवार को शहर का अधि. कतम तापमान 28 डिग्री और न्यूनतम तापमान 20 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया और बीते 24 घंटों में शहर में 19 मिमी बारिश रिकॉर्ड की गई।

# भूमि विवाद: भीड़ ने किया परिवार पर हमला

## व्यापारी के परिवार पर टूट पड़ी चार-पांच सौ लोगों की भीड़

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**काशीपुर।** जसपुर खुर्द क्षेत्र में भूमि विवाद ने हिंसा का रूप ले लिया, जिससे इलाके में तनाव व्याप्त हो गया। बीती रात होटल होलिडे आनंद के पीछे स्थित जमीन पर बोरिंग कार्य चल रहा था, तभी अचानक लगभग चार-पांच सौ की संख्या में उग्र भीड़ ने वहां मौजूद व्यापारी उदित अग्रवाल और उनके परिवार पर हमला बोल दिया।

उदित अग्रवाल ने बताया कि वे अपने परिवार के साथ 23 मई की रात करीब 9.30 बजे जमीन पर थे, तभी अचानक भारी भीड़ ने उन पर घातक रूप से हमला करने की धमकी दी और जमीन से हटने को कहा। भीड़ में



शामिल कुछ लोगों ने निर्माण कार्य रो. कने के साथ-साथ होटल की दीवार को गिराने का भी प्रयास किया। इस दौरान महिलाओं के साथ अभद्रता और पूरे परिवार को डराने-धमकाने की घटनाएं भी सामने आईं, जिससे माहौल बेहद खराब हो गया। पीड़ित उदित अग्रवाल ने पुलिस को लिखित शिकायत में बताया कि हमलावरों में अली हसन, नूर हसन, वाजिद, आरिफ हुसैन, वसीम, जी हसन, असीम, जुल्फिकार, रियाज, गुलाम, आदिल, नजाकत उर्फ बंटी, शेर अली सहित कई अन्य लोग शामिल थे, जिन्होंने न केवल अवैध कब्जे की कोशिश की बल्कि हिंसक व्यवहार से पूरी स्थिति को बिगाड़ दिया। उदित का आरोप है कि यह मामला केवल जमीनी विवाद तक सीमित नहीं है बल्कि इसे साम्प्रदायिक रंग देने की भी योजना बनाई जा रही है, जिससे सामाजिक सौहार्द को नुकसान पहुंचाया जा सकता है। उन्होंने पुलिस व प्रशासन से तुरंत सुरक्षा प्रदान करने और दोषियों के खिलाफ सख्त कदम उठाने की मांग की है। उधर महापौर दीपक बाली ने घटना को अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए कहा कि काशीपुर में इस तरह के गैरकानूनी और हिंसक कृत्यों को कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# बिजली समस्या से व्यापारियों को मिली राहत

## कार रोड बाजार में दो ट्रांसफार्मर हुए अपग्रेड, एक नया ट्रांसफार्मर स्थापित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लालकुआं।** काररोड बिंदुखत्ता व्यापार मंडल ने बाजार क्षेत्र के ट्रांसफार्मर अपग्रेड और नए

**व्यापार मंडल ने जताया विद्युत विभाग के अधिशासी अभियंता का आभार**

ट्रांसफार्मर की स्थापना होने पर विद्युत विभाग के अधिशासी अभियंता विद्युत वितरण खंड ग्रामीण हल्द्वानी बेगराज सिंह का आभार जताया है। व्यापार मंडल अध्यक्ष प्रभात पाल ने प्रेस को जानकारी देते हुए बताया कि बिंदुखत्ता के काररोड बाजार में 300 से अधिक दुकानदार



और छोटे व्यवसायी हैं, जिससे बिजली की खपत बहुत अधिक होती है। लेकिन अब तक केवल 100 केवी क्षमता वाला ट्रांसफार्मर लगा हुआ था, जिससे हर साल ओवरलोडिंग की समस्या बनी रहती थी। उन्होंने बताया कि कई वर्षों से यह समस्या जनप्रतिनिधियों के समक्ष रखी जाती रही, लेकिन समाधान नहीं हो सका। व्यापार मंडल के नए कार्यकाल में इस मुद्दे को गंभीरता से उठाया गया और अधिशासी अभियंता बेगराज सिंह के समक्ष इसे प्रमुखता से प्रस्तुत किया गया। व्यापार मंडल की मांग को जरूरी मानते हुए अधिशासी अभियंता ने न सिर्फ तत्परता से कार्यवाही की, बल्कि दो ट्रांसफॉर्मरों को 100 केवी से अपग्रेड कर क्रमश: 200 और 250 केवी किया गया, साथ ही एक अतिरिक्त ट्रांसफार्मर भी बाजार क्षेत्र में स्थापित किया गया है। व्यापार मंडल अध्यक्ष प्रभात पाल ने बेगराज सिंह और प्रदीप नौटियाल का विशेष रूप से धन्यवाद किया है। उन्होंने कहा कि अब व्यापारियों को बिजली की समस्या से राहत मिलेगी और बाजार की गतिविधियां सुचारू रूप से चल सकेंगी।

# तीन युवकों ने छात्र के साथ मारपीट कर उसकी आंख फोड़ी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**काशीपुर।** स्कूल की छुट्टी के बाद तीन युवकों ने एक छात्र के साथ मारपीट कर दी। मारपीट के दौरान हमलावर युवकों ने छात्र की आंख फोड़ दी। पिता की तहरीर के आधार पर आईटीआई पुलिस ने युवकों के खिलाफ केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। आईटीआई थाना क्षेत्र के ग्राम धीमरखेड़ा निवासी रविंद्र सिंह ने कोतवाली में तहरीर सौंपी। इसमें कहा कि उसका बेटा रुचित चौधरी कक्षा 12वीं का छात्र है। वह बीती 22 मई को पंडित गोविंद बल्लभ पंत इंटर कॉलेज पढ़ने गया था। स्कूल की छुट्टी के समय गेट पर समीर व गोविंदा निवासी सत्यम पैलेस वैशाली कॉलोनी और पवन (डीजे वाला) निवासी खड़कपुर देवीपुरा ने उसके बेटे से गालीगलौज कर मारपीट की। आरोप है कि मारपीट के दौरान हमलावर युवकों ने रॉड से रुचित की आंख पर वार कर दिया, जिससे उसकी आंख पर चोट लग गई और उसे दिखना बंद हो गया है। समीर व अन्य युवक उसके बेटे को जान से मारने की धमकी देकर मौके से भाग गए। बेटे को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कोतवाली प्रभारी अमर चंद्र शर्मा ने बताया कि पिता की तहरीर के आधार पर नामजद आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है।

# हौसले को हम देंगे नई उड़ान: पार्वती दास

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागेश्वर।** विधायक पार्वती दास ने कहा कि विद्यार्थियों की मेहनत एवं समर्पण को पहचान देना हमारी जिम्मेदारी है। जिससे उनके हौसलों को एक नई उड़ान मिल सके। श्रीमती दास पब्लिक स्कूल वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा आयोजित मेधावी छात्र सम्मान समारोह को बतौर मुख्य अतिथि सम्बोधित कर रही थी। उन्होंने कहा कि जनपद शिक्षा एवं खेल के क्षेत्र अपना परचम लहराए हुए है। इसे बनाए रखना हम सबकी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार की प्राथमिकता बेहतर शिक्षा देने की हम इसके लिये विद्यालयों में नवाचारी एवं व्यवसायिक शिक्षा शुरू कर रही है। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष सुरेश खेतवाल ने



पब्लिक स्कूल वेलफेयर एसोसिएशन की पहल की सराहना करते हुए कहा कि शिक्षा विकास की पहली कुंजी है। जिला बनने के बाद से जनपद बागेश्वर शिक्षा के क्षेत्र लगातार नई ऊंचाइयों को छू रहा है। उत्तराखंड एवं सीबीएसई बोर्ड परीक्षाओं में लगातार मैरिट मैं स्थान प्राप्त कर रहे है। जो हम सबके लिए गर्व की बात है। एसोसिएशन के संरक्षक एनबी भट्ट ने कहा कि हम सबका लक्ष्य बच्चों के सर्वांगीण विकास के साथ-साथ बेहतर शिक्षा देना है। जिसमे काफी हद तक सफलता भी मिल रही है। इस अवसर पर उन्होंने जनपद के विभिन्न विद्यालयों के 125 मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। जिन्हें प्रशस्ति पत्र, ट्राफी एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष चंदन परिहार ने एसोसिएशन की गतिविधियों की जानकारी देते हुए कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने सभी अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन कमलेश उपाध्याय ने किया। इस दौरान मुख्य शिक्षा अधिकारी के प्रतिनिधि के एस रौतेला, एड घनानंद जोशी, सुरेश तिवारी, भास्कर दास, दीपक पाठक, दीवान सिंह खेतवाल, रेखा धामी, दुर्गा असवाल, महेश पांडेय, हरीश चंद्र पांडेय, प्रशांत पांडेय, विनोद उपाध्याय, गौरव पंत, जगदीश पाठक, पूरन वर्मा उमेश जोशी, हिमांशु असवाल, मलय पाठक सहित विभिन्न विद्यालयों के प्रधानाचार्य प्रबंधक एवं अभिभावक मौजूद थे।

# शराब पीने की वीडियो पर पुलिस का एक्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** नैनीताल में नौकायन के दौरान पर्यटकों के शराब पीने का मामला सामने आया है। लोगों ने पर्यटकों के शराब पीने की पोस्ट सोशल मीडिया में डालकर पुलिस से कार्रवाई की मांग की है। बता दें कि बीते रोज पर्यटकों की आमद बढ़ने से पूरे दिन झील में नौकायन हुआ। नौकायन के दौरान दो पर्यटक शराब पीते भी नजर आए। इसका कई लोगों ने वीडियो बना लिया और इसे सोशल मीडिया में प्रसारित भी कर दिया। लोगों ने पुलिस व पालिका से पर्यटकों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। कोतवाल हेम पंत ने बताया कि मामला उनके संज्ञान में है। उक्त लोगों की पहचान की जा रही है पता लगने पर कार्रवाई की जाएगी।

# बच्चों ने गतिविधियों के हुनर सीखे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शांतिपुरी।** जवाहर नगर में सेंट लामार्ट सीनियर सेकेंडरी स्कूल विद्यालय मैनेजमेंट की ओर से छात्र-छात्रों के लिए समर कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें स्कूली बच्चों के मध्य योग, खेल, कला, शिल्प, पर्यावरण संरक्षण, भाषा, रंगोली और कुकिंग जैसी गतिविधियां आयोजित की गई। वही क्ले आर्ट एक्टिविटी के पेशेवर इंजिनीरयर विनय अस्थाना के मार्गदर्शन में आयोजित की गई। जिसमें शिक्षकों द्वारा बच्चों को योगाभ्यास, खेल पर्यावरण संरक्षण, भाषा, रंगोली और कुकिंग जैसी गतिविधियां करवाई गयी। साथ ही बच्चों को समूह में कार्य करना और संवाद कौशल भी सिखाया गया। प्रबंधक प्रमोद कुमार वर्मा ने बताया कि विद्यालय में



जॉयफुल लर्निंग के माध्यम से बच्चों में एक्स्ट्रा करिकुलम एक्टिविटीज का विकास निरंतर प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि रोज नई गति. विधियों से बच्चों का आत्मविश्वास बढ़ता है और वे नई क्रिएटिविटी सीखते हैं। प्रबंधक वर्मा ने समर कैंप में चल रही गतिविधियों पर कहा कि हर विद्यार्थी का सर्वांगीण विकास हो, ये विद्यालय हमेशा अपनी प्राथमिकता में रखता है। इस मौके पर अकादमिक निदेशक उमेश बोरा, प्रिंसिपल बृजमोहन कुनियाल, योगिता कोरंगा, दीक्षा चंद, गीता अधिकारी, ममता कपूर, भारती, मीना यादव, रेनू कैरा, मुस्कान, वंदना, सोनाली, सिया, सरिता पासवान, आदि शिक्षक शिक्षिकाएं रहे।

# ट्राफी पर खत्याड़ी का कब्जा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अल्मोड़ा।** जिला फुटबॉल एसोसिएशन की ओर से आयोजित नाइन-ए साइड रात्रि फुटबॉल प्रतियोगिता का समापन हो गया है। बीते शनिवार को प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला खेला गया। जिसमें एएफसी खत्याड़ी की टीम ने 3-0 के अंतर से शानदार जीत दर्ज कर ट्राफी पर अपना कब्जा जमाया। हेमवती नंदन बहुगुणा स्टेडियम में आयोजित फाइनल प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रवि रौतेला, नगर अध्यक्ष विनीत बिष्ट ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। इसके बाद एएफसी खत्याड़ी और एनटीडी के मध्य मुकाबला खेला गया। शानदार मुकाबले में एएफसी की टीम ने 3-0 के अंतर से शानदार जीत दर्ज की। विजेता टीम से विक्रम कनवाल ने अपनी टीम के लिए शानदार दो गोल दागे। अतिथियों की ओर से विजेता और उपविजेता टीमों को नगद ईनाम और ट्राफी देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर यहां फुटबॉल एसोसिएशन जिलाध्यक्ष हरीश कनवाल, प्रेम सिंह सांगा, देवेंद्र टम्टा, राजेश बिष्ट, हुकुम रावत, दीपक वर्मा, भयू बिष्ट, देवेंद्र, गणेश शाही, विनोद भट्ट, सलमान खान, मनोज आर्या, मनोज टम्टा समेत कई खेल प्रेमी मौजूद रहे।



# मशहूर कव्वालों ने जमाई महफिलें

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अल्मोड़ा।** रानीखेत नगर स्थित सूफी संत हज़रत कालू सैयद बाबा की

**कुल शरीफ की रस्म के साथ 51वें उर्स का समापन**

दरगाह पर आयोजित 51वें उर्स का समापन रविवार को शरीफ की रस्म के साथ अकीदतमंद माहौल में संपन्न हुआ। पांच दिवसीय धार्मिक आयोजन में हजारों जायरीन (श्रद्धालु) दूर-दराज इलाकों से शामिल हुए और बाबा की मजार पर फूल चढ़ाकर अपनी मुरादें मांगीं। पांच दिनों तक चले इस उर्स ने रानीखेत को एक सूफियाना और आध्यात्मिक रंग में रंग दिया। खास



बात यह रही कि इस दौरान सभी धर्मों के लोगों ने बाबा की मजार पर हाजिरी लगाई, जो इस आयोजन को धार्मिक एकता और भाईचारे का प्रतीक बनाता है। उर्स के दौरान दरगाह परिसर में लंगर का आयोजन भी किया गया, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया और सूफी परंपरा की मिठास का अनुभव किया। उर्स के चौथे दिन नगरवासियों द्वारा गाजे-बाजे और सजी हुई चादरों के साथ भव्य चादरपोशी की गई। चादर चढ़ाने के दौरान भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी और पूरा माहौल आध्यात्मिक ऊर्जा से भर गया। उर्स के दौरान देशभर से आमंत्रित मशहूर कव्वालों ने अपनी प्रस्तुतियों से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कव्वालियों में सूफी प्रेम, इश्क-ए-हकीकी और अध्यात्म का अद्भुत संगम देखने को मिला। रविवार को उर्स के छठे दिन कुल शरीफ की रस्म अदा की गई। इस अवसर पर कुरआन शरीफ की तिलावत की गई और सूफी संतों के जीवन दर्शन पर तकरीरें (प्रवचन) हुईं। इस मौके पर हज़रत अमीर खुसरो रहमतुल्ला अलेह का मशहूर सूफी कलाम 'रंग' भी पढ़ा गया, जो पीर-मुर्शिद से मुहब्बत और सम्मान का प्रतीक माना जाता है। कुल शरीफ की रस्म के दौरान देशवासियों की भलाई, भाईचारे, सौहार्द, तंदुरुस्ती और व्यापारिक तरक्की की दुआएं मांगी गईं। मजार के खादिम मोहम्मद मोहसिन ने विशेष रूप से देश में अमन-शांति के लिए दुआ की।

# जिला गंगा समिति की बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागेश्वर।** जिलाधिकारी आशीष भटगांई की अध्यक्षता में जिला सभागार में जिला गंगा समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में राज्य स्वच्छ गंगा मिशन से प्राप्त दिशा-निर्देशों पर व आगामी विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर नमामि गंगे के तहत विभिन्न गति. विधियों के आयोजन को लेकर चर्चा हुई।

बैठक में राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन के निर्देशों के क्रम में नदियों के समीपवर्ती क्षेत्रों में स्वच्छता अभियान, जनजागरूकता अभियान और वृक्षारोपण जैसी गतिविधियों को वृहद स्तर पर आयोजित करने पर जोर दिया गया। जिलाधिकारी ने प्रभागीय वनाधिकारी तथा जिला परियोजना अधिकारी नमामि गंगे को इन कार्यक्रमों के संबंध में चरणबद्ध योजना तैयार करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने सभी रेखीय विभागों को राज्य स्वच्छ गंगा मिशन से प्राप्त बिंदुओं पर तत्काल सूचना उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने निकायों के अधिकारियों और संबंधित सभी अधिकारियों को सीवरेज व बायोमेडिकल निस्तारण, कूड़ा और जैव चिकित्सा अपशिष्ट निस्तारण पर गंभीरता से कार्य करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि नदियों में किसी भी प्रकार का दूषित जल या गंदगी प्रवाहित करने पर सख्ती से रोक लगाई जाएगी। बैठक में प्राकतिक व जैविक खेती को बढ़ावा देने के लिए किसानों के साथ बैठकें आयोजित कर उन्हें प्रोत्साहित करने के भी निर्देश दिए। बैठक में डीएफओ ध्रुव सिंह मर्तोलिया, ईई जल निगम वीके रवि, जल संस्थान सीएस देवडी, कृषि रक्षा अधिकारी डा. नवीन जोशी सहित नगर निकायों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# 16 बीघा सरकारी भूमि कब्जामुक्त

## वैध दस्तावेज़ नहीं दिखा पाए लोग, चौंसला गांव में प्रशासन की बड़ी कार्रवाई

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** डेमोग्राफिक चेंज मामले में प्रशासन ने चौंसला गांव में बड़ी कार्रवाई की है। प्रशासन और राजस्व विभाग की टीम ने 16 बीघा सरकारी भूमि से अतिक्रमण को जेसीबी से ध्वस्त करते हुए भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया और भूमि अपने कब्जे में ली। चौंसला गांव में सरकारी भूमि पर लंबे समय से अवैध कब्जों और डेमोग्राफिक परिवर्तन को लेकर शिकायतें मिल रही थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए प्रशासन ने पूर्व में आधा दर्जन से अधिक व्यक्तियों को नोटिस जारी कर भूमि खाली करने और वैध दस्तावेज प्रस्तुत करने का समय दिया था, लेकिन तय समयसीमा में किसी भी व्यक्ति की और से वैध अभिलेख प्रस्तुत नहीं किये। सिर्फ एक मस्जिद के पास स्थित अतिक्रमण और एक फैक्ट्री स्वामी द्वारा किया गया निर्माण स्वेच्छा से हटाया गया था, जबकि एक अन्य फैक्ट्री को प्रशासन पूर्व में सील कर दिया था। रविवार को एसडीएम राहुल शाह की अगुवाई में राजस्व विभाग की टीम चौंसला गांव पहुंची और अतिक्रमण को जेसीबी से ध्वस्त कर दिया। साथ ही स्थल पर चेतावनी बोर्ड लगाकर प्रशासन ने अपने अधिकार में भूमि को ले लिया। एसडीएम राहुल शाह ने कहा कि सरकारी भूमि पर किसी भी प्रकार का अवैध कब्जा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। यह कार्रवाई जनहित में की गई है और भविष्य में भी अतिक्रमण के खिलाफ अभियान जारी रहेगा। इस दौरान तहसीलदार हल्द्वानी मनीषा बिष्ट, लालकुआं कुलदीप पांडे, कानूनगो अशरफ अली, लेखपाल सुनीता समेत राजस्व उपनिरीक्षक व अन्य अधिकारी मौजूद रहे।



## सील तोड़कर दोबारा अवैध निर्माण कर रहे दो भाइयों पर केस दर्ज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** जिला स्तरीय विकास प्राधिकरण (डीडीए) द्वारा पहले से सील किए गए भवन में अवैध निर्माण दोबारा शुरू किए जाने का मामला सामने आया है। मामले की पुष्टि के बाद प्राधिकरण की ओर से दो सगे भाइयों के खिलाफ बनभूलपुरा थाने में मुकदमा दर्ज कराया गया है। डीडीए के अपर सहायक अभियंता हेम उपाध्याय ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि हसीन और फहीम, पुत्रगण अब्दुल हजीब, निवासी शनिबाजार रोड, गौजाजाली उत्तर बनभूलपुरा, द्वारा नियमों का उल्लंघन कर भवन का निर्माण कराया जा रहा था। इस पर प्राधिकरण की टीम ने बीते 23 मई को भवन के भूतल और प्रथम तल को जाने वाले मार्ग को सीलबंद कर दिया था। भूतल पर दुकानें संचालित हो रही थीं, इसलिए उसे भी सील कर दिया गया था। हालांकि, इसके तुरंत बाद ही जब प्राधिकरण की टीम ने पुनः निरीक्षण किया तो पाया कि सील तोड़ दी गई थी और भवन के प्रथम तल पर ईंट की चिनाई, प्लास्टर, साथ ही लोहे का दरवाजा और शटर भी लगाया गया था। प्राधिकरण के अनुसार यह कार्य उत्तराखंड नगर एवं ग्राम नियोजन तथा विकास अधिनियम, 1973 की धारा 28(क) का सीधा उल्लंघन है। इधर बनभूलपुरा थानाध्यक्ष नीरज भाकुनी ने बताया कि तहरीर के आधार पर दोनों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी गई है। मामले की जांच जारी है।

## बंदूक और कारतूस के साथ एक गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** काठगोदाम पुलिस ने चेकिंग अभियान के दौरान 12 बोर की अवैध बंदूक और दो जिंदा कारतूस के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास न तो हथियार का लाइसेंस था और न ही कोई वैध दस्तावेज। थानाध्यक्ष पंकज जोशी ने जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस टीम ने शनिवार को कॉलटैक्स से हल्द्वानी की ओर, बिजली के ट्रांसफार्मर के पास एक संदिग्ध युवक को रोककर तलाशी ली। तलाशी के दौरान उसके पास से एक 12 बोर बंदूक और दो जिंदा कारतूस बरामद किए गए। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम विनोद चंद्र आर्य निवासी ब्यूराखाम टंगर, काठगोदाम बताया। पुलिस ने जब उससे हथियार के दस्तावेज मांगे तो वह कोई वैध कागज नहीं दिखा सका। इस पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। मामले की जांच जारी है।

## एक माह पूर्व हाईवे पर हुए हादसे में क्रॉस एफआईआर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** करीब एक माह पहले हल्द्वानी-चोरगलिया हाईवे पर दो कारों की आमने-सामने की टक्कर में एक व्यक्ति की मौत और कई लोगों

■ दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर लगाए आरोप, बीती 27 अप्रैल को दो कारों में भीषण टक्कर के बाद लग गई थी आग

के घायल होने के मामले में अब नया मोड़ आ गया है। चोरगलिया थाना पुलिस ने दोनों पक्षों की ओर से मिली तहरीरों के आधार पर क्रॉस एफआईआर दर्ज की है। बता दें कि बीते 27 अप्रैल को प्रतापपुर के पास दो कारें भीषण टक्कर के बाद जलकर राख हो गई थीं। हादसे में पुष्कर सिंह गोबाड़ी (52) की मौके पर ही मौत हो गई थी, जबकि अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए थे। पहली तहरीर में चांदनी, निवासी ग्राम गेठीगड़ा, झूलाघाट पिथौरागढ़ ने बताया कि उनके पिता पुष्कर सिंह गोबाड़ी अपने पुत्र मयंक सिंह गोबाड़ी (19) को बीएसएफ की भर्ती के लिए अल्टो कार से लेकर जा रहे थे। इसी दौरान प्रतापपुर के पास सामने से आ रही यूपी नंबर की कार ने उनकी कार को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि मयंक का दाहिना पैर टूट गया और उनके पिता की मृत्यु हो गई। दूसरी तहरीर में विकास सिंह निवासी महाराज नगर, लखीमपुर उत्तर प्रदेश हाल निवासी बासुलीसेरा, द्वाराहाट अल्मोड़ा ने बताया कि वह अपनी पत्नी, छोटी बहन और दो बच्चों के साथ अल्मोड़ा से पीलीभीत जा रहे थे। प्रतापपुर के पास सामने से आ रही अल्टो कार ने गलत दिशा में उनकी कार में टक्कर मार दी, जिससे उनकी कार भी पूरी तरह जलकर खाक हो गई और सभी यात्री घायल हो गए। इधर चोरगलिया थानाध्यक्ष राजेश जोशी ने बताया कि दोनों पक्षों की ओर से मिली तहरीर के आधार पर क्रॉस एफआईआर दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी।

# अनुष्का को किया सम्मानित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** सीबीएसई बोर्ड 2025 की इंटरमीडिएट परीक्षा में देशभर में चौथा और उत्तराखंड में दूसरा स्थान

■ इंटरमीडिएट परीक्षा में देश में चौथा और प्रदेश में दूसरा स्थान प्राप्त किया था

हासिल करने वाली विजन वैली स्कूल काशीपुर की प्रतिभावान छात्रा अनुष्का प्रियदर्शी को अंबेडकर युवा संगठन, हल्द्वानी की ओर से सम्मानित किया गया। संगठन के अध्यक्ष विनोद कुमार 'पिंनू', उपाध्यक्ष मनोज कुमार 'मन्नू', संरक्षक हरीश सिनौली, विनोद कुमार बौद्ध एवं सूरज प्रकाश ने काशीपुर पहुंचकर गढ़वाल सभा स्थित अनुष्का के निवास पर उन्हें सम्मान पत्र भेंट किया और मिष्ठान खिलाकर सफलता की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर संगठन के पदाधिकारियों ने अनुष्का के माता-पिता उमेश प्रियदर्शी और आशा टम्टा को भी संयुक्त रूप से बधाई देते हुए उनकी भूमिका की सराहना की। पदाधिकारियों ने कहा कि अनुष्का की यह सफलता न केवल उनके परिवार, बल्कि पूरे राज्य और समाज के लिए गर्व की बात है। अध्यक्ष विनोद कुमार पिंनू ने कहा कि अनुष्का जैसे मेधावी छात्र-छात्राएं समाज के लिए प्रेरणा स्रोत हैं और संगठन आगे भी ऐसी प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करता रहेगा।



## ग्राफिक एरा में अफ्रीका डे मनाया

**नैनीताल।** ग्राफिक एरा हिल यूनिवर्सिटी भीमताल कैंपस में रविवार को अफ्रीका डे धूमधाम से मनाया गया। इस आयोजन में यूनिवर्सिटी के अफ्रीकी छात्र समुदाय ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपने समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को जीवंत किया। कार्यक्रम का शुभारम्भ केक काटने किया गया। विभिन्न अफ्रीकी देशों के छात्रों ने अपने-अपने राष्ट्रीय गान गाकर तथा पारंपरिक नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में पहेलियों और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने समां बांध दिया। भावनात्मक नृत्य प्रस्तुतियों और प्रेरणादायक भाषणों ने कार्यक्रम में गहराई और गरिमा प्रदान की।

# लोक-संवेदना और साहित्य पर चर्चा

## वरिष्ठ कुमाऊंनी गीतकार गोपालदत्त भट्ट के रचनात्मक योगदान पर कार्यक्रम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** वरिष्ठ कुमाऊंनी गीतकार गोपालदत्त भट्ट के रचनात्मक योगदान को सम्मानित करने के उद्देश्य से शनिवार को तिकोनिया स्थित औरम स्कूल में गीतों में धड़कता पहाड़ नामक विशेष साहित्यिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में गोपाल दत्त भट्ट की लोक-संवेदनाओं से सराबोर रचना-यात्रा और उनके साहित्यिक योगदान पर विचार-विमर्श किया गया। लोकगायिका बीना तिवारी ने कहा कि गोपाल दत्त भट्ट के गीतों में महिलाओं और श्रमजीवी वर्ग की गहरी संवेदनाएं झलकती हैं। साहित्यकार जगदीश चंद्र जोशी ने श्री भट्ट की कविता-शैली की विविधता और सामाजिक सरोकारों पर चर्चा की। भाषाविद प्रो. दिवा भट्ट ने गोपालदत्त भट्ट की रचनाओं में गांधीवाद, प्रकृति, राष्ट्रभक्ति, जनचेतना, स्त्री विमर्श और प्रणय जैसे विषयों की गहराई से प्रस्तुति को विश्व साहित्य के स्तर योग्य बताया। कार्यक्रम के दूसरे सत्र में वरिष्ठ पत्रकार चारु तिवारी ने गोपालदत्त भट्ट का साक्षात्कार लिया, जिसमें उनके साहित्यिक जीवन और व्यक्तिगत यात्रा के अनछुए पहलुओं को सामने लाया गया। कार्यक्रम का संचालन कवयित्री बीना फुलेरा ने किया। अंत में उपस्थित साहित्यप्रेमियों द्वारा गोपालदत्त भट्ट का नागरिक अभिनंदन कर उन्हें सम्मानित किया गया। इस दौरान ऑरम स्कूल के प्रबंधक पुष्पमणि जोशी, नवीन टोलिया, गजेंद्र बटोर्ही, प्रो. प्रभात उप्रेती, निर्मल न्योलिया, हिमांशु पाठक, दिनेश पंत, प्रकाश पुनेठा, डा. जगदीश भट्ट, कमल पाठक, दयाल पांडे, मदन बिष्ट, गोविंद बल्लभ बहुगुणा, दामोदर जोशी, हेम पंत, रचना शर्मा, सुनीता, वत्सल, अश्विन, मोहन जोशी, पंकज पंत, राजेंद्र उपाध्याय, भास्कर भौर्याल, राजेंद्र प्रसाद आदि शामिल रहे।




## मेधावी बच्चों को सम्मानित करेगा भावाधसः पंवार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** भारतीय वाल्मीकि धर्म समाज (भावाधस) की बैठक प्रदेश अध्यक्ष मनोज पवार की अध्यक्षता में हुई। बैठक का मुख्य मकसद हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी हाईस्कूल/इण्टरमीडिएट परीक्षा में उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को सम्मानित किए जाने को लेकर गहन मंथन किया गया। तय किया गया कि अबकी बार यह कार्यक्रम 7 जून शनिवार को होगा जिसमें भारतीय वाल्मीकि धर्म समाज द्वारा वाल्मीकि समाज एवं अन्य समाज के छात्र छात्राओं को सम्मानित किया जाएगा। बैठक में मंडल अध्यक्ष मनोज वेदी ने कहा कि शिक्षा ही एक ऐसा अमूल्य मिसाइल है जिसे जिसे पढ़कर छात्र छात्र अपने परिवार एवं देश का नाम ऊंचा करते हैं वहीं नगर अध्यक्ष अजय जहरी ने कहा कि बदलते परिवेश में स्कूली शिक्षा पर अधिक जोर देने की जरुरत है। मंडल उपाध्यक्ष राजेश द्वारा भी अपनी पूर्ण सहमति जताई गई। बैठक में राजेंद्र पावर, रितुल जिला उपाध्यक्ष, मुकेश, चंद्र पाल नगर सचिव गोविंद, मुकेश कीर्ति मंडल प्रभारी, रमेश, रोहित भाटिया, दीपक चंदेल तथा रवि कुमार ने भी विचार रखे। अंत में प्रदेश अध्यक्ष मनोज पावर ने कहा कि बैठक का मुख्य उद्देश्य छात्र छात्राओं को उनकी अग्रिम शिक्षा हेतु प्रोत्साहन करना है इसी के साथ प्रदेश अध्यक्ष द्वारा बैठक का समापन किया गया।

## स्कूटी रपटने से दो युवक चोटिल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** नगर में रविवार को स्कूटी रपटने से दो युवक चोटिल हो गए जिन्हें तत्काल उपचार के लिए राजकीय बीडी पांडे जिला अस्पताल लाया गया। जानकारी के मुताबिक दो युवक स्कूटी से मां नयना देवी मंदिर की ओर जा रहे थे। डीएसबी कॉलेज मार्ग पर स्कूटी रपटने से दोनों चोटिल हो गए। जिन्हें बीडी पांडे अस्पताल पहुंचाया गया जहां उपचार के बाद दोनों युवकों को छुट्टी दे दी गई। इमरजेंसी में तैनात डा. रिजवान ने बताया समर्थ व राहुल (दोनों 26) स्कूटी रपटने के कारण चोटिल हो गए थे जिनके हाथ तथा पैर और माथे में चोटें आई थी। दोनों युवकों को सामान्य चोटें थी जिन्हें उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई है।

## शनिदेव मंदिर में दो दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान आज से

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** नगर के ठंडी सड़क स्थित शनि देव मंदिर में सोमवार (आज) से दो दिवसीय धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन किया जा रहा है। अनुष्ठानों के चलते पूरे मंदिर परिसर को बिजली की आकर्षक मालाओं से सजा दिया गया है। रात्रि के वक्त दूर से ही मंदिर की शोभा देखते ही बन रही है। मंदिर के मुख्य व्यवस्थापक हेम चंद्र जोशी ने बताया कि दो दिवसीय कार्यक्रमों के तहत पहले दिन यानी सोमवार (आज) को अखंड हनुमान चालीसा का पाठ किया जाएगा। बताया कि सुबह पंचांगी कर्म व श्री राम परिवार पूजन के बाद अखंड हनुमान चालीसा का पाठ शुरु हो जाएगा। बताया कि यह पाठ मंगलवार को सुबह आठ बजे समाप्त होगा। बताया कि शनिवार को ही शनि जन्मोत्सव का विशेष कार्यक्रम होगा। अखंड हनुमान चालीसा पाठ की समाप्ति के बाद मंगलवार को शनि पूजन होगा उसके बाद हवन के बाद सुंदरकांड तत्पश्चात मंदिर परिसर में विशाल भंडारे का आयोजन होगा। कहा कि दो दिनी धार्मिक अनुष्ठानों में यजमान की भूमिका में वरिष्ठ वनाधिकारी डा. कपिल जोशी मौजूद रहेंगे। बताया धार्मिक अनुष्ठानों में आचार्य भगवती प्रसाद जोशी के नेतृत्व में होंगे। जोशी के मुताबिक दो दिवसीय धार्मिक अनुष्ठानों की सभी तैयारियां सोमवार की देर रात तक पूरी हो चुकी हैं। उन्होंने सभी भक्तजनों से दो दिनी अनुष्ठानों में भाग लेने की गुजारिश की है।

# नाबालिग से दुष्कर्म, 6 माह की गर्भवती

## मुखानी थानाक्षेत्र में 13 साल की लड़की को प्यार के जाल में फंसाया

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** 13 साल की नाबालिग किशोरी को एक ढाबे वाले ने अपने प्यार के झांसे में लेकर उसके साथ दुष्कर्म किया। जब नाबालिग 6 माह की गर्भवती हुई तो तब मामला प्रकाश

■ ढाबे वाले के खिलाफ पीड़िता की तहरीर पर मुकदमा

में आया। जिसके बाद पीड़िता की मां की तहरीर के आधार पर मुखानी पुलिस ने आरोपी ढाबे वाले के खिलाफ पॉक्सों के तहत मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार मुखानी थानाक्षेत्र में रहने वाली 13 साल की नाबालिग किशोरी की मां की तहरीर के आधार पर बताया कि ढाबा चलाने वाला भी मुखानी थानाक्षेत्र में ढाबा चलाता है और उसका नाम राहुल है। तहरीर में आरोप लगाया कि राहुल नामक ने उनकी 13 साल बेटी को अपने प्रेमजाल में फंसा लिया। हालांकि इसकी भनक नाबालिग के परिजनों को नहीं थी और आरोप है कि राहुल ने कई बार नाबालिग के साथ शारीरिक संबंध बनाए। बताया जाता है कि कुछ समय पहले नाबालिग ने परिजनों से पेट दर्द की शिकायत की। पहले तो परिजन इसे मामूली बात समझ कर नजर अंदाज किया, लेकिन जब बेटी बार-बार पेट दर्द की शिकायत करने लगी तो परिजन उसे लेकर अस्पताल पहुंचे। चिकित्सक ने जांच की तो परिजनों के पैरों तले जमीन खिसक गई। पता लगा कि नाबालिग किशोरी के पेट में 6 माह का गर्भ पल रहा है। परिजनों ने लड़की से पूछा तो उसने सारी हकीकत सामने आ गई। जिसके बाद पीड़िता की मां ने मुखानी थाने पहुंचकर आरोपी ढावे वाले के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया। इधर मुखानी थानाध्यक्ष दिनेश जोशी ने बताया कि पीड़िता की मां की तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया और जल्द ही आरोपी को भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## 13 साल की बेटी से पिता ने किया दुष्कर्म

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** मुखानी थानाक्षेत्र में एक और चौंकाने वाला मामला सामने आया है। यहां एक वहशी पिता ने अपनी ही 13 साल की बेटी के साथ दुष्कर्म किया। पिता की इस हैवानियत से लड़की घायल हो गई है। घटना के बाद से ही आरोपी पिता फरार है। मुखानी पुलिस ने पीड़िता की मां की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस के मुताबिक मुखानी थानाक्षेत्र में रहने वाली 13 वर्षीय पीड़िता सातवीं कक्षा की छात्रा है और यहां अपने पिता व मां के साथ रहती है। बताया जाता है

■ मां ने आरोपी पति के खिलाफ दर्ज कराया मुकदमा

कि पीड़िता की मां की गैरमौजूदगी में आरोपी पिता ने अपनी बेटी के साथ जबरन दुष्कर्म किया। बेटी ने विरोध भी किया, लेकिन हैवान पिता नहीं माना। साथ ही बेटी को धमकाया कि अगर उसने घटना का जिक्र किसी से किया तो उसे मार डालेगा, लेकिन पिता की हैवानियत से बेटी बुरी तरह घायल हो गई थी। मां घर पहुंची और जब बेटी को बुरे हाल में देखा तो पूछा। इस पर बेटी ने उसे सब कुछ बता दिया। बताया जा रहा कि बेटी ने जब मां को पिता की करतूत के बारे में बताया तो उसके पैरों तले जमीन खिसक गई। मां ने आरोपी से इसके बारे में पूछा तो वह कहानियां गढ़ने लगा। पहले तो उसने दुष्कर्म की बात से इंकार कर दिया। फिर बोला कि पीड़िता को उसकी एक दोस्त ने उसे मोबाइल अश्लील वीडियो भेजा। उसने बेटी को अश्लील वीडियो देखते हुए पकड़ लिया। बेटी की इस हरकत पर उसे गुस्सा आ गया और उसने बेटी को पीट दिया। जिसकी वजह से वह घायल हो गई, लेकिन जब मेडिकल हुआ तो सारी हकीकत सामने आ गई। जिसके बाद पीड़िता की मां मुखानी पुलिस की पास पहुंची। पुलिस ने पीड़िता की मेडिकल कराया, जिसमें दुष्कर्म की पुष्टि हुई। मुखानी थानाध्यक्ष दिनेश जोशी ने बताया कि आरोपी पिता के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी गई है।

# शिक्षकों ने सांसद को सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** नैनीताल जिले के अशासकीय विद्यालयों के शिक्षक विगत 3 माह से वेतन न मिलने से आर्थिक तंगी के हालात से जूझ रहे हैं। मुख्य शिक्षाधिकारी से दूरभाष पर संपर्क करने व शासन स्तर पर ही समस्या का समाधान होने की जानकारी मिलने पर रविवार को शिक्षकों का एक प्रतिनिधिमंडल सांसद अजय भट्ट से मिला और उन्हें ज्ञापन दिया। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि शिक्षकों तथा कर्मचारियों को वेतन न मिलने से उनके आगे तंगी के हालात है और उनके सभी कार्य रुक गए हैं। सांसद भट्ट ने आश्वासन दिया कि शीघ्र ही उच्च स्तर पर इस बात को रख करके शिक्षकों और कर्मचारियों को वेतन दिलाने का प्रयास करेंगे ताकि उन्हें आर्थिक समस्याओं का सामना न करना पड़े। बता दे कि नैनीताल जिले के लगभग 20 अशासकीय विद्यालयों के 400 से अधिक शिक्षक और कर्मचारियों को 3 माह से वेतन का भुगतान नहीं हो पाया है। शिक्षकों के प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि पहले तो नए वित्त वर्ष की शुरुआत के चलते वेतन भुगतान में देरी हुई, इसके बाद मुख्य शिक्षा अधिकारी के अवकाश पर चले जाने से फाइल लटक गई। जब अधिकारी लौटे तब मुख्य कोषाधिकारी से संबंधित एक प्रकरण जांच प्रक्रिया में है, जिससे वेतन भुगतान की प्रक्रिया पूरी तरह ठप हो गयी। प्रतिनिधिमंडल में रश्मि राज खेड़ा, पंकज बेलवाल, राकेश जोशी, सुनीता भट्ट, डा. चंद्रप्रकाश उप्रेती, कुंदन सिंह पडियार, संदीप कुमार, राजन कुमार, कृष्ण कुमार, पंकज भट्ट आदि शामिल रहे।



## बारिश के बाद नालियों का गंदा पानी सड़क पर बहा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** इंदिरानगर की छोटी सड़क निषाद मेमोरियल स्कूल के सामने बारिश के बाद एक बार फिर नालियों की बदहाल स्थिति उजागर हो गई। शनिवार सुबह हुई हल्की बारिश के बाद इलाके की नालियों और नालों का गंदा पानी मुख्य सड़क पर फैल गया, जिससे राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। स्थानीय लोगों ने नगर निगम प्रशासन पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाया है। पूर्व सभासद शकील अहमद सलमानी ने बताया कि वह लंबे समय से क्षेत्र की नालियों और नालों की सफाई की मांग कर रहे हैं। इस संबंध में नगर आयुक्त, स्वास्थ्य अधिकारी और मेयर को कई बार लिखित शिकायतें दी जा चुकी हैं। लेकिन उसके बाद भी समस्या जस की तस बनी हुई। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही सफाई नहीं कराई गई तो वें स्थानीय जनता को साथ लेकर नगर निगम कार्यालय के बाहर धरना-प्रदर्शन करेंगे।



# वन चेतावनी रैली कल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** बागजाला गांव की मूलभूत समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर 27 मई को बुधपार्क हल्द्वानी में एक विशाल चेतावनी रैली आयोजित की जाएगी। इस रैली में देशभर के किसान, श्रमिक, सामाजिक और जन संगठनों के शीर्ष नेता भाग लेंगे। यह जानकारी अखिल भारतीय किसान महासभा के प्रदेश अध्यक्ष आनंद सिंह नेगी ने एक प्रेस को जारी एक बयान में कही। उन्होंने बताया रैली में संयुक्त किसान मोर्चा (एसकेएम) की राष्ट्रीय समन्वय समिति के सदस्य एवं तराई किसान संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष तेजिंदर सिंह विर्क, (एसकेएम समन्वय समिति के सदस्य एवं साउथ एशिया पीजेंट्स फेडरेशन के जनरल सेक्रेटरी पुरुषोत्तम शर्मा, भूमि बचाओ आंदोलन के अध्यक्ष जगतार सिंह बाजवा, हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष एडवोकेट दुर्गा सिंह मेहता, भाकपा (माले) के राज्य सचिव इंद्रेश मैखुरी, माले केंद्रीय कंट्रोल कमीशन के चेयरमैन राजा बहुगुणा, ट्रेड यूनियन ऐक्टू के प्रदेश महामंत्री केके बोरा, संयुक्त श्रमिक मोर्चा के अध्यक्ष दिनेश तिवारी, कुमाऊं विश्वविद्यालय कार्यपरिषद के सदस्य एडवोकेट कैलाश जोशी, वरिष्ठ किसान नेता बहादुर सिंह जंगी सहित उत्तराखंड के कई सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि शामिल होंगे। रैली का मुख्य उद्देश्य बागजाला गांव के लोगों को पेयजल, सड़क, विकास कार्यों और निर्माण कार्यों में लगी रोक को हटाना, जल जीवन मिशन योजना को तत्काल शुरू करना, मालिकाना हक प्रदान करना और पंचायत प्रतिनिधियों को चुनने का संवैधानिक अधिकार बहाल कराना है।

# गौला के जलस्तर में फंसी मशीन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** पर्वतीय इलाकों में लगातार हो रही बारिश से गौला नदी का जलस्तर बढ़ने लगा है। रविवार को गौला नदी का जलस्तर एकाएक बढ़ गया जिससे बनभूलपुरा गौला पुल के नीचे चल रहे बाढ़ सुरक्षा कार्य प्रभावित हो गए।

नदी का बहाव इतना तेज था कि बाढ़ सुरक्षा कार्य में लगी एक हाइड्रा मशीन फंस गई जिसमें ऑपरेटर भी फंस गया। हालाँकि ठेकदार और मजदूरों की कड़ी मशक्कत के बाद चालक को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। बनभूलपुरा गौला पुल के नीचे बाढ़ सुरक्षा कार्य किया जा रहा है। रविवार की सुबह गौला नदी का जलस्तर अचानक बढ़ गया। इस दौरान बाढ़ सुरक्षा कार्य में लगी एक हाइड्रा मशीन फंस गई जिसमें ऑपरेटर अजय यादव भी उसमे फंस गया। तेज बहाव के चलते निर्माण स्थल पर मौजूद निर्माण सामग्री भी बह गई। बताया जा रहा है कि एक जनरेटर, वेल्डिंग मशीन सहित कई उपकरण तेज बहाव की भेंट चढ़ गए। इस बीच ठेकेदार और मजदूरों की कड़ी मशक्कत के बाद चालक को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। स्थानीय लोगों का कहना है कि अभी मानसून की शुरुआत भी नहीं हुई है और गौला नदी अभी से ऊनाने लगी है। मानसून में जब मूसलाधार बारिश होगी तो स्थिति और भी गंभीर हो सकती है।



# महिला सहित 5 शराब तस्करों को पुलिस ने पकड़ा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** अवैध शराब के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस ने अलग-अलग स्थानों से एक महिला समेत 5 तस्करों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों के पास से 312 पाउच अवैध शराब बरामद की गई है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर न्यायालय में पेश करने की तैयारी कर रही है। शराब तस्करी के खिलाफ पुलिस ने कार्रवाई करते हुए प्रमोद आर्य निवासी सरस्वती विहार, धान मिल, हल्द्वानी को सिद्धि विनायक मार्बल के पास से 52 पाउच देशी माल्टा मार्का शराब के साथ गिरफ्तार किया। जबकि काठगोदाम थाना पुलिस ने श्याम आर्य निवासी बेड़ीखत्ता दमुवाढूंगा को मित्रपुरम कॉलोनी तिराहा से 51 डिब्बे मसालेदार देशी माल्टा शराब के साथ पकड़ा है। वहीं लालकुआं कोतवाली पुलिस ने सुनील कुमार निवासी बजरी कम्पनी लालकुआं को आईटीबीपी गेट के पास से 29 पाउच कच्ची शराब के साथ पकड़ा। जबकि सुमित राठौर निवासी अब्दुल्ला बिल्डिंग, हल्द्वानी को गौला रोड बेरीपड़ाव से 78 पाउच कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया है। इधर मुखानी थाना पुलिस ने सुनीता पत्नी चंद्र प्रकाश, निवासी नाथूपुर पाडली, लामाचौड़ को अमलतास तिराहा के पास से 51 पाउच कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया है।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं कृष्णा लोहा भण्डार, प्रथम तल काला ढुंगी रोड, हल्द्वानी (उत्तराखंड) से प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎05946-250286


**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UTTHIN/2003/10264
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# दिगंबर सिंह मनराल को मिला राष्ट्रपति पुलिस पदक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** रामनगर के लाल दिगंबर सिंह मनराल को राष्ट्रपति पुलिस पदक मिलने पर हर्ष व्यक्त किया है। विज्ञान भवन नई दिल्ली में गृहमंत्री अमित शाह ने श्सीमा सुरक्षा बल के अलंकरण समारोह एवं रुस्तमजी स्मृति व्याख्यानश में बीएसएफ के वीर जवानों से संवाद करते हुए सीमा प्रहरियों को सम्मानित किया।



रामनगर के मोहल्ला लखनपुर निवासी स्व कुंवर सिंह मनराल के सुपुत्र दिगंबर सिंह मनराल जो सीमा सुरक्षा 69 बटालियन गोकुलपुर त्रिपुरा में तैनात है।विषम परिस्थितियों में देश की सराहनीय सेवा के लिए गृहमंत्री अमित शाह द्वारा पुलिस पदक से सम्मानित किया । जैसे ही इसकी सूचना लोगों को मिली उनके परिजनों ,रामनगर ,मानिला अल्मोड़ा क्षेत्र निवासियों सहित पूरे प्रदेश के लोगों को में खुशी की लहर छा गई। सेना पदक मिलने पर दिगंबर सिंह मनराल के भाई देवेंद्र सिंह मनराल, गिरधर सिंह मनराल, प्रहलाद सिंह मनराल, नरेंद्र सिंह मनराल, राजकुमार सिंह मनराल,आशीष मनराल ने खुशी जाहिर करते हुए बताया कि देश की सेवा के लिए पुलिस पदक मिलना हमारे लिए फख्र की बात है।।पर्वतीय सभा लखनपुर के अध्यक्ष ललित मोहन जोशी, सचिव जितेंद्र बिष्ट, लखनपुर स्पोर्ट्स क्लब के अध्यक्ष राजकुमार पांडे, राज्य आंदोलनकारी प्रभात ध्यानी, इंद्र सिंह मनराल ,प्रेमचंद नैनवाल , हेमचंद्र नैनवाल,पुष्कर दुर्गापाल ,नवेन्दु जोशी, बसंत वर्मा, योगेंद्र मनराल, टी के खान, आसिफ, नितेश उपाध्याय ,नवीन तिवारी, गोविंद सिंह बिष्ट, दिनेश चंद्र हरबोला ,अनूप अग्रवाल, कमल जोशी, योगेश जोशी , मोहन कांडपाल, प्रेमबिष्ट, ललित पांडे,गिरधर बिष्ट ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि हम सब के लिए गौरव की बात है।

# पत्नी की दोस्ती बनी पति की मौत का कारण

- आरोपी से हुई थी इंस्टाग्राम पर हुई थी मृतक के पत्नी की दोस्ती
- पत्नी से प्राइवेट फोटो और वीडियो लेकर आरोपी ने किया था पति को ब्लैकमेल
- आरोपी दिलीप सिंह बोहरा को पुलिस ने किया गिरफ्तार
- बार-बार पैसे मांगने से मानसिक रूप से परेशान था मृतक गौरव



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** ओमान से घर लौटे खेतलसंडा मुस्ताजर निवासी गौरव ने 13 मई 2025 को फांसी लगाकर संदिग्ध परिस्थितियों में अपनी जान दे दी थी। जिस मामले में बार-बार पैसे मांग कर मानसिक रूप से परेशान करने वाले दिलीप सिंह बोहरा उर्फ दीपक बोहरा पुत्र स्वर्गीय केदार सिंह बोहरा निवासी चण्डाक पिथौरागढ़ को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

खेतलसंडा मुस्ताजर खटीमा निवासी संजय कुमार पुत्र स्वर्गीय दयालू राम ने 19 मई 2025 को कोतवाली खटीमा में तहरीर देकर बताया था कि 13 मई 2025 को उसे सूचना मिली कि उसके छोटे भाई गौरव ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। वहीं उसकी मृत्यु को स्वाभाविक समझकर परिजनों द्वारा उसका अंतिम संस्कार कर दिया गया। साथ ही पीड़ित ने बताया कि कुछ दिन बाद ओमान में उसके मृतक भाई गौरव के साथ काम करने वाले साथियों ने बताया कि गौरव बहुत परेशान था और उन लोगों से पैसे मांग रहा था।

वहीं जब गौरव के मोबाइल फोन को चेक किया गया तो उसमें एक व्हाट्सएप नंबर से बार-बार पैसों की मांग चल रही थी। व्हाट्सएप चौटिंग से प्रतीत हुआ कि उक्त व्यक्ति के द्वारा बार-बार पैसे मांगने से गौरव मानसिक रूप से काफी परेशान हो गया था जिस कारण उसने आत्महत्या कर ली। वहीं मामले में खटीमा पुलिस द्वारा तत्काल अभियोग पंजीकृत किया गया। अभियोग पंजीकृत होने के बाद वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा घटना के हर पहलू की गहनता से विवेचना एवं अनावरण हेतु पुलिस अधीक्षक रुद्रपुर वह क्षेत्राधिकारी खटीमा के निर्देशन में व प्रभारी निरीक्षक खटीमा के नेतृत्व में टीमों का गठन किया गया था। वहीं पुलिस द्वारा वादी तथा घटना स्थल के आसपास के लोगों से पूछताछ किया गया तो ज्ञात हुआ कि मृतक गौरव कुमार 10 मई 2025 को ओमान से अपने घर आया था जो काफी परेशान और गुमसुम रह रहा था। विवेचना के दौरान पुलिस द्वारा मृतक के मोबाइल फोन को चेक किया गया तो मृतक से आरोपी के मोबाइल नंबर द्वारा व्हाट्सएप में बार-बार पैसों की मांग की जा रही थी जिससे मृतक मान. सिक रूप से काफी परेशान हो गया था।

वहीं मृतक व मृतक की पत्नी का बैंक खाता खंगालने के बाद प्रकाश में आया कि मृतक के द्वारा 10 मई 2025 को 15000, 11 मई 2025 को 15000 तथा 12 मई 2025 को 10000 ऑनलाइन खाते में ट्रांसफर किए गए थे। वहीं जब इस मोबाइल नंबर की तलाश की गई तो मोबाइल नंबर दिलीप सिंह बोहरा पुत्र स्वर्गीय केदार सिंह बोहरा निवासी चण्डाक कोतवाली पिथौरागढ़ के नाम से होना पाया गया। साथ ही उक्त मोबाइल नंबर की बैंक डिटेल जांच करने के बाद पंजाब नेशनल बैंक नया बाजार पिथौरागढ़ दिलीप सिंह बोहरा पुत्र स्वर्गीय केदार सिंह बोहरा निवासी चण्डाक कोतवाली पिथौरागढ़ के नाम से होना पाया गया।

पर्याप्त साक्ष्य के आधार पर नामजद किए गए दिलीप सिंह बोहरा को पूछताछ हेतु कोतवाली खटीमा लाया गया जहां उसने बताया कि मेरी पहचान इंस्टाग्राम के माध्यम से मृतक की पत्नी निशा से हुई थी इसके बाद व्हाट्सएप पर बातचीत करते हुए दोनों की आपस में दोस्ती और विश्वास हो गया था जिस कारण निशा ने अपनी प्राइवेट फोटो एवं वीडियो उसे भेजी थी।

इसके बाद आरोपी ने गौरव को उसके पत्नी की फोटो एवं वीडियो भेज कर ब्लैकमेल करना और पैसा बैठना शुरू कर दिया। वहीं पूछताछ के बाद अभियुक्त दिलीप सिंह बोहरा उर्फ दीपक बोहरा को शनिवार को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। पुलिस टीम में एसएचओ मनोहर सिंह दसौनी, वरिष्ठ उप निरीक्षक विनोद जोशी, चकरपुर चौकी प्रभारी उप निरीक्षक विकास कुमार तथा कांस्टेबल शांत लाल शामिल थे।

## एक नजर

### कच्ची शराब के साथ एक गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जसपुर।** 35 पाउच कच्ची शराब के साथ एक शराब तस्कर को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।



वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मणिकांत मिश्रा द्वारा अवैध कच्ची शराब के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में पुलिस अधीक्षक काशीपुर व क्षेत्राधिकारी काशीपुर के निर्देशन में चौकी नादेही इंचार्ज उ.नि. संजय सिंह द्वारा मय पुलिस टीम के गस्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर आसपुर को रायपुर जाने वाली सड़क से शराब तस्कर दिनेश कुमार पुत्र शिवचरण सिंह निवासी पूरनपुर, थाना जसपुर को एक प्लास्टिक के कट्टे में 35 पाउच कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार कर थाना हाजा पर मुकदमा पंजीकृत किया गया है। पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली जसपुर जगदीश सिंह ढकरियाल, एसआई संजय सिंह नादेही चौकी इंचार्ज, हे. का. मनोज रावत, का. अशोक पंवार आदि शामिल रहे।

### छबील लगाकर पिलाया गया मीठा शरबत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** शहर के मुख्य चौक के समीप शहीद स्मारक स्थल के सामने एलायंस क्लब ने रविवार को छबील लगाकर शीतल मीठा शरबत पिलाया।



क्लब के दर्जनों सदस्यों ने सड़क से गुजरने वाले वाहनों, राहगीरों तथा स्थानीय लोगों को रोक रोक कर सुबह से शाम तक ठंडा व मीठा शरबत पिलाया। वहीं भीषण गर्मी में शीतल मीठा शरबत पीकर लोगों ने अपना गला तर किया व राहत की सांस ली तथा आयोजकों का धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया। क्लब के अध्यक्ष अलॉय जितेंद्र पारूथी ने कहा कि भीषण गर्मी में प्यास से व्याकुल जीवों को पानी पिलाना उसे नया जीवन देने के समान है। उन्होंने कहा कि एक दशक पूर्व ग्रामीण क्षेत्र में महिलाएं चौपाल व बैठकों में पूरी गर्मी भर पुण्य प्राप्ति हेतु मिट्टी के नए घड़ों में पानी भर कर रखती थीं ताकि उन्हें गर्मी में लोगों को पानी पिलाने का फल प्राप्त हो सके। कार्यक्रम संयोजक अलॉय नवनीत अरोरा ने कहा कि छबील लगाने का मुख्य उद्देश्य गर्मी के मौसम में लोगों को मीठा पानी पिलाकर उन्हें गर्मी से राहत दिलाना था। इस मौके पर क्लब अध्यक्ष जितेंद्र पारुथी, सचिव बादल सक्सेना, कोषाध्यक्ष कमल गहतोड़ी, कार्यक्रम संयोजक नवनीत अरोरा, विधायक भुवन चंद्र कापड़ी, पालिका अध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी, पंकज टम्टा, विश्वजीत पाल, राकेश कुमार रॉक्सी, रावेन्द्र कुमार रवि, मो. आमिल, केसर पारूथी, अंशदीप गंभीर, डॉ. महेंद्र प्रताप पांडे, राहुल शर्मा, घनश्याम अग्रवाल, विवेक रस्तोगी, राहुल सक्सेना, ललित मोहन जोशी तथा रवि अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।

### राय सिख जाति को अनुसूचित जाति में शामिल जाने की मांग को लेकर सीएम को लिखि चिट्ठी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नानकमत्ता ।** उत्तराखण्ड में निवास कर रहें राय सिक्ख जाति के लोगों को अनुसूचित जाति में शामिल किए जाने की मांग को लेकर भाजपा के पूर्व मण्डल महामंत्री संता सिंह पुत्र वचन सिंह निवासी ग्राम विचई, ने प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को चिट्ठी लिखी है। बता दें कि उत्तराखंड में निवास कर रहे राय सिक्ख जाति के लोग पिछले कई वर्षों से अनुसूचित जाति में शामिल किए जाने की मांग कर रहे हैं। प्रदेश के मुख्यमंत्री को भेजे पत्र में पूर्व मण्डल महामंत्री संता सिंह ने कहा हैं की राय सिक्ख समाज पिछले कई वर्षो से अपने अधिकारों की लड़ाई लड़ते चले आ रहा हैं। उत्तरखण्ड में निवास कर रहे राय सिक्ख समाज के लोंग कई सरकारों से राय सिक्ख जाति को अनुसूचित जाति का दर्जा देकर उसमें शामिल करने की मांग करते चले आ रहें है। वर्तमान समय में राय सिक्ख समुदाय को पंजाब राज्य में संविधान आदेश अधिनियम् 2007 के अनुसार अनुसूचित जाति के रूप में सूचिबद्व किया जा चुके है। उत्तराखण्ड में पंजाब व उसके आस पास के क्षेत्रों से प्रवास के दौरान आये राय सिक्ख जाति के लोगों यहां अपने परिवरों के साथ निवास कर मेहनत मजदूरी से अपना व अपने परिवारों का निरन्तर पालन पोषण कर रहे है। कहा कि उत्तराखण्ड सरकार एवं केन्द्र सरकार में राय सिक्ख जाति को अनुसूचित जाति में शालिम कर पंजाब की तर्ज पर दर्जा देकर उत्तराखण्ड में शामिल कर राय सिक्ख जाति के लोगों को अनुसूचित जाति में शामिल किया जाये।

**पंजाब की तर्ज पर उत्तराखण्ड में निवास रहे राय सिख जाति के लोगों को अनुसूचित जाति का मिले दर्जा**

### उधार दिए पैसे वापस मांगने पर मारपीट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किच्छा।** उधारी के पैसे मांगने पर आरोपी ने उधार देने वाले व्यक्ति के साथ मारपीट की। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। दीपक पिर्यडन पुत्र एस पियर्डन निवासी बोरिंग गली वार्ड 14 किच्छा ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया कि उसने एक सप्ताह पूर्व ठेला लगाने वाले एक व्यक्ति को 200 रुपये उधार दिए थे। आरोप है कि बीते शनिवार को जब दीपक अपने पैसे वापस मांगने गया तब उस व्यक्ति ने दीपक के साथ मारपीट की। जिसमें दीपक का दांत टूट गया और उसके छह सौ रुपये मौके पर गिर गए। पीड़ित ने पुलिस से आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।


**एम.के. वाटर प्रूफिंग**

मकान की वाटर प्रूफिंग, छत का टपकना, दीवारों पर सीलन आना, लिन्टर पर दारार से पानी आना, बेसमेन्ट में पानी या सीलन आना, किचन व बाथरूम लिकिज होना, फ्लोर ओपोक्सी व ब्रिक ओवा भी किया जाता है। **प्रो. महबूब भाई**

बिलासपुर रोड, रूद्रपुर (ऊ.सिंह नगर)
मो.: 9012051994, 6399038125


### न्यूड वीडियो कॉल रिकॉर्ड कर मांगी रंगदारी, केस दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गदरपुर।** न्यूड वीडियो कॉल रिकॉर्ड कर युवक से मांगी जा रही रंगदारी की तहरीर के आधार पर पुलिस ने केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार मुकंदपुर निवासी एक युवक ने थाने में तहरीर देकर बताया कि उनके फेसबुक आईडी पर जसबीन प्रीत नाम की आईडी से रिक्वेस्ट आई और उनसे मदद मांगने के नाम पर उनका मोबाइल नंबर मांगा गया। उनके द्वारा मोबाइल नंबर दिए जाने पर 20 मई को वह किसी कार्य के चलते पंतनगर गए थे। शाम करीब 5:00 बजे एक अज्ञात नंबर से वीडियो कॉल आई। तहरीर में बताया कि उनके द्वारा फोन नहीं उठाने पर कुछ समय बाद एक अन्य नंबर से फिर वीडियो कॉल आई। वीडियो कॉल रिसीव करने के बाद एक महिला निर्वस्त्र अवस्था में वीडियो कॉल में प्रदर्शित होने लगी। युवक द्वारा तुरंत वीडियो कॉल को कट कर दिया गया। उसके बाद लगातार उन्हें उनकी वीडियो वायरल करने के नाम पर पैसों की मांग की जा रही है। युवक ने थाने में तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज करने की मांग की है। पुलिस अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# मरीजों का परीक्षण कर बांटी दवाई



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** ग्राम सभा मोहम्मदपुर भुड़िया में डा. बीआर अंबेडकर पे बैक टू सोसायटी उत्तराखंड के पदाधिकारी एवं सदस्यों द्वारा एक कैंप का आयोजन किया गया। वही डॉक्टर सपन राय ने बताया कि 80 मरीज का सफल इलाज किया गया। जिसमें सर्दी जुखाम, बुखार, मांसपे. शियों का दर्द,हड्डी संबंधित दर्द का परीक्षण कर प्राथमिक चिकित्सा दी गई। कुछ गंभीर मरीज मिले जिनको उपजिला चिकित्सालय खटीमा में इलाज करने का सुझाव दिया गया।

डा. बीआर अंबेडकर पे बैक टू सोसायटी उत्तराखंड की टीम द्वारा जन जागरूकता अभियान जैसे एड्स, एनीमिया,जनसंख्या वृद्धि,स्वच्छता तथा पर्यावरण को लेकर ग्रामीणों को जागरूक किया गया । संस्था के अध्यक्ष कपिल देव ने मेडिकल टीम की सराहना करते हुए भविष्य में दूर दराज, पिछड़े इलाके तथा गरीब इलाके में निशुल्क स्वास्थ्य कैंप लगाते रहने को कहा। कैम्प में खुशबू कुमारी, मीना देवी, सोनी देवी, मनीषा देवी, हरिप्रसाद, नगीना प्रसाद, सीताराम गौतम, विनोद गौतम, रवीकुमार, राजकिशोर गौतम आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर सरगर्मियां तेज

- 59 ग्राम पंचायत, 40 बीडीसी, पांच जिला पंचायत सदस्यों का होगा चुनाव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की सरगर्मियां तेज होने लगी हैं। हरिद्वार के अतिरिक्त 12 जनपदों में होने वाले चुनाव की तिथि अभी राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा घोषित नहीं की गई है, लेकिन त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में अपनी राजनैतिक तलाशने वाले उम्मीदवारों की भाग दौड़ शुरू हो चुकी है।

विकासखंड की 64 ग्राम पंचायतों में से 5 ग्राम सभाएं नगर पालिका में सम्मिलित होने से इस बार त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव 59 ग्राम पंचायतों में होंगे। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की तिथि घोषित होने से पूर्व ही क्षेत्र पंचायत अध्यक्ष, 40 बीडीसी व 59 ग्राम पंचायत के लिए जोर आजमांइश करने वाले सम्भावित प्रत्याशियों की गतिविधियां तेज होने लगी हैं। संभावित प्रत्याशी आम लोगों से मिलने-जुलने व उनके दुख-सुख में भागीदारी निभाने, ग्रामीणों की हर संभव सहायता करने की कोशिश में जुटने लगे हैं। इस तरह के लोग तहसील एवं विकासखंड कार्यालय, सहायक समाज कल्याण अधिकारी, बिजली घर सहित अन्य सरकारी विभागों के कार्यालयों के चक्कर काटने लगे हैं। फिलहाल ग्राम प्रधान, बीडीसी सदस्य, जिला पंचायत सदस्य पद के अतिरिक्त कुछ लोग ब्लॉक प्रमुख सहित जिला पंचायत अध्यक्ष पद के लिए गणित लगाने लगे हैं। संभावित प्रत्याशी राज्य निर्वाचन आयोग के नियम एवं शर्तो के अनुरूप अपनी-अपनी तैयारियों में जुटने लगे हैं।

ग्राम प्रधान का अक्टूबर, बीडीसीए व ब्लॉक प्रमुख का कार्यकाल नवंबर 2024 में पूरा हो चुका है। सरकार द्वारा फिलहाल ग्राम प्रधानों एवं ब्लॉक प्रमुखों को बतौर प्रशासक रखा है। लेकिन इसके साथ ही निवर्तमान के अलावा नए सम्भावित प्रत्याशी चुनाव में दो-दो हाथ करने का मन बना रहे हैं।

### मतदाता सूची पोर्टल पर उपलब्ध

**खटीमा।** खंड विकास अधिकारी धर्मेन्द्र सिंह कन्याल ने बताया कि राज्य निर्वाचन आयोग उत्तराखंड द्वारा आगामी त्रिस्तरीय पंचायतों के सामान्य निर्वाचन के लिए उत्तराखंड के मतदाता सूची पोर्टल पर उपलब्ध करा दी गई है। मतदाता सूची अवलोक के साथी आगे की कार्यवाही की जाएगी। इसके साथ ही महिला आरक्षण, अनुसूचित जाति, ओबीसी, अनुसूचित जनजाति प्रत्याशियों के लिए भी आरक्षण राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा किया जाएगा।

# पहली बरसात में पालिका की सफाई व्यवस्था के दावों की खुली पोल

## हर माह पालिका से निकल रहे लाखों रुपये, सफाई व्यवस्था ठप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गदरपुर।** नगर पालिका परिषद गदरपुर की सफाई व्यवस्था की पोल पहली बारिश में खोल दी है। नगर में हर तरफ बजबजाती नालियां और जल भराव देखने को मिला है।

रविवार की सुबह में हुई पहली बारिश ने नगर की सफाई व्यवस्था अच्छी बताने वाले नगर पालिका प्रशासन को आइना दिखा दिया है। सुबह को हुई बारिश से नगर के कई वार्डों में जल भराव हो गया। नालियों का कचरा सड़कों पर आ गया। नगर के वार्ड नंबर 9 इस्लामनगर में लोगों के घरों में पानी घुस गया। वार्ड नंबर 11 में भी लोगों के घरों में पानी घुस गया। रविवार को हुई मूसलाधार बारिश की वजह से जगह-जगह जल भराव के कारण लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। बारिश से शहर की सफाई व्यवस्था भी चरमरा गई गंदगी से पटे नालों की सफाई न होने की वजह से बारिश का पानी सड़कों पर जमा हो गया। सड़कों पर जल भराव के चलते लोगों को आवागवन में दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

दरअसल नालों की सफाई और कूड़ा उठाने के प्रतिमाह लाखों रुपये खर्च किए जाते हैं, लेकिन इस बार ठंडी नदी की सफाई भी नगर पालिका समय से नहीं करा पाई। ऐसे में सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने के अधिकारियों के दावे पहली ही बारिश में धुलते नजर आ रहे हैं। बरसाती नालों की सफाई न होने के कारण हर बारिश में शहर में जलभराव होता है।



### गूलरभोज रोड पर हुआ जलभराव

**गदरपुर।** गूलरभोज रोड पर हर साल बारिश के दौरान जलभराव की समस्या हो जाती है, जिसका प्रमुख कारण है वहां के नालों के सिलिप पर पक्का निर्माण कर अतिक्रमण कर रखा है। क्योंकि सफाई के दौरान वहां की सफाई अच्छी तरह से हो नहीं पाती है और दुकानदार अपने स्लिप तुड़वाना भी नहीं चाहते हैं। अगर वहां के दुकानदार सहयोग करें तो जलभराव की समस्या कम हो सकती है। अब वर्तमान में पहली बारिश में गूलरभोज रोड जलमग्न हो गया और वहां आवागमन में भी काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। नालों की गंदगी सड़कों पर तैरती नजर आई।

### पालिकाध्यक्ष मिंटू गुंबर ने खुद संभाला मोर्चा,कराई नगर की सफाई

**गदरपुर।** रविवार को हुई मूसलाधार बारिश के साथ साथ नगर के पालिका अध्यक्ष मिंटू गुंबर ने खुद मोर्चा संभालते हुए सफाई कर्मियों के साथ जेसीबी लेकर कई वार्डों में पहुंचे और पानी की निकासी कराई। लोगों का कहना है मिंटू गुंबर जमीन से जुड़े नेता हैं और नगरवासियों का दर्द जानते हैं। उन्होंने सुबह उठकर भारी बरसात के बीच नगर के वार्डो का निरीक्षण करते हुए जगह-जगह जल भराव की निकासी कराई और जेसीबी को साथ लेकर पर्यावरण मित्रों के साथ नगर के कई स्थानों पर नालियों में भरे कचरे को निकलवाया। नगरवासी मिंटू गुंबर के इस कार्य की भूरी भूरी सराहना भी कर रहे हैं।

# कूड़ा सफाई के नाम पर पालिका कर रही लाखों रुपये की सफाई : सिद्धार्थ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गदरपुर।** नगर के युवा समाजसेवी व कांग्रेस नगर अध्यक्ष सिद्धार्थ भुसरी (विशु) ने पालिका की कार्य प्रणाली पर फिर सवालिया निशाना साधते हुए कहा कि पालिका प्रशासन द्वारा नगर को स्वच्छ बनाने के लिए कूड़ा सफाई नहीं बल्कि जनता की मेहनत भरी गाढ़ी कमाई को साफ किया जा रहा है। जनता से हाउस टैक्स से लेकर डोर टू डोर सफाई व्यवस्था के नाम पर लाखों रुपया पालिका ले रही है, परंतु नगर में सफाई व्यवस्था बिल्कुल चौपट है।



उन्होंने कहा पालिका के नए बोर्ड और पालिकाध्यक्ष से नगर की स्वच्छ व सुंदर तस्वीर की कल्पना की थी, लेकिन आज जरा सी बरसात ने पालिका के अंदर चल रहे बन्दर बाट को दिखा दिया है की कैसे सफाई व्यवस्था के नाम पर लाखों रुपये की सफाई कैसे की जाती है। उन्होंने कहा पालिकाध्यक्ष की अदूरदर्शिता के कारण गूलरभोज रोड के व्यापारियों को नुकसान और जल भराव की समस्याओं को झेलना पड़ेगा।

सिद्धार्थ भुसरी का कहना है उन्हें ऐसा लगता है कि पालिकाध्यक्ष आज भी अपनी चुनावी जीत के सदमे से नहीं उभर पाए है, क्यों कि आज भी पालिकाध्यक्ष व पालिका प्रशासन सुप्त नजर आ रहा है। ऐसे में नगर की जनता को अपनी सबसे बड़ी गलती का एहसास पल पल होता रहेगा।

# बच्चों के लिए विविध अनुभव और व्यवहारिक शिक्षा भी जरूरीः साहिल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** दिल्ली पब्लिक स्कूल में कक्षा 11वीं व 12वीं के विद्यार्थियों के लिए एक प्रेरणादायक व सशक्त कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें वक्ता रहे साहिल सिंह एम्बेसडर, स्ट्रैटेजिक पार्टनरशिप्स एवं यूनाइटेड नेशन सस्टेनेबल डेवलपमेंट गोल्स के प्रतिनिधि। वे एक दूरदर्शी टेक्नोक्रेट, सीरियल उद्यमी, साइबर विशेषज्ञ एवं शिक्षाविद् हैं।

अपने विचार साझा करते हुए श्री सिंह ने छात्रों को दृष्टिकोण की शक्ति, आत्म-विश्वास और नेतृत्व के गुणों के बारे में प्रेरित किया। उन्होंने यह संदेश दिया कि "कुछ भी असंभव नहीं है" और विद्यार्थियों को अपने स्कूल व समाज के जिम्मेदार प्रतिनिधि बनने का आह्वान किया। उन्होंने प्रायोगिक ज्ञान और इंटर्नशिप के महत्व पर विशेष बल दिया।

उन्होंने समझाया कि किस प्रकार वास्तविक जीवन के अनुभव छात्रों को क्रिटिकल थिंकिंग, अनुकूलनशीलता और करियर की तैयारी के लिए सक्षम बनाते हैं। डीपीएस रुद्रपुर में हमारा मानना है कि छात्रों को केवल पाठ्यपुस्तकों तक सीमित न रखते हुए विविध अनुभव और व्यावहारिक शिक्षा उपलब्ध कराना चाहिए और यही सोच साहिल सिंह के संदेश से पूरी तरह मेल खाती है। सत्र के समापन में एक रोचक प्रश्नोत्तर का आयोजन हुआ, जिसमें विद्यार्थियों ने लीडरशिप, चुनौतियों से पार पाने और एम्बेसडरशिप जैसे विषयों पर जिज्ञासापूर्ण प्रश्न पूछे। श्री सिंह के प्रेरणात्मक शब्दों और जीवन अनुभवों ने उपस्थित सभी विद्यार्थियों पर गहरी छाप छोड़ी। विद्यालय परिवार की ओर से चेयरमैन सुरजीत सिंह ग्रोवर एवं वाइस चेयरमैन हरमन सिंह ग्रोवर का हार्दिक आभार प्रकट किया गया, जिनके निरंतर सहयोग और मार्गदर्शन से विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास संभव हो रहा है।

# कार खरीदने गए व्यक्ति की बाइक ले उड़े चोर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जसपुर।** फाइनेंस कंपनी से सेकेंड हैंड कार फाइनेंस कराने गए एक व्यक्ति की फाइनेंस शोरूम के सामने खड़ी मोटरसाइकिल चोरी हो गई ।

जसपुर कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत गांव भगवंतपुर निवासी जिला पंचायत सदस्य मीना रानी के पति राजीव कुमार पुत्र गुलाब सिंह ने बताया कि वे विगत 21 मई को सांय करीब पांच बजे जसपुर-काशीपुर मार्ग पर दीनदयाल पार्क के पास स्थित एक फाइनेंस कंपनी के कार्यालय के सामने अपनी मोटरसाइकिल स्प्लेंडर प्लस संख्या यूके 18 पी 2375 को खड़ी करके कार खरीदने काशीपुर गए थे। शाम को काशीपुर से लौटने में उन्हें देर हो गई। देर होने पर फाइनेंस कंपनी के कर्मचारियों ने सायं करीब 6:30 बजे राजीव कुमार को फोन करके पूछा कि वे कितनी देर में आ रहे हैं । इस पर उन्होंने कहा कि वे जल्दी ही आ जाएंगे । इस पर फाइनेंस कंपनी वाले अपना कार्यालय बंद करके घर चले गए । जब राजीव कुमार काशीपुर से लौटे तो उन्होंने वहां से अपनी मोटरसाइकिल गायब पाई । जिससे वे हक्के-बक्के रह गए । उन्होंने तुरंत घटना की सूचना पुलिस को दी । सूचना मिलने पर पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और उसने मोटरसाइकिल का पता लगाने के लिए आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली, लेकिन उसे कोई सफलता नहीं मिल पाई। राजीव कुमार ने अपनी मोटरसाइकिल चोरी होने के संबंध में पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मोटरसाइकिल चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। जसपुर पुलिस के प्रभारी कोतवाल जगदीश सिंह ढकरियाल ने बताया कि मोटरसाइकिल चोरी का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

# सड़क हादसे में ननद की मौत, भाभी गंभीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सितारगंज।** वमनपुरी के पास रविवार दोपहर ट्रक की टक्कर से स्कूटी सवार महिला की मौत हो गई, जबकि उसकी भाभी गंभीर रूप से घायल हो गई। मृतका की चार वर्ष की पुत्री है। पति आईटीबीपी हैदराबाद में तैनात हैं।




पुलिस के अनुसार, रविवार दोपहर करीब तीन बजे 35 वर्षीय लक्ष्मी राणा पत्नी अमिताभ सिंह राणा अपनी भाभी 40 वर्षीय कुसुम राणा पत्नी हरीश सिंह दोनों निवासी बरुआबाग के साथ सितारगंज की ओर आ रही थीं। वमनपुरी के पास ट्रक ने ओवरटेक करते समय स्कूटी में टक्कर मार दी। इससे स्कूटी अनियंत्रित होकर गिरने से लक्ष्मी व कुसुम गम्भीर रूप से घायल हो गईं। ग्रामीणों ने 112 पर पुलिस को सूचना दी। दोनों घायल महिलाओं को उप जिला चिकित्सालय लाया गया, जहां डॉक्टरों ने लक्ष्मी को मृत घोषित कर दिया। लक्ष्मी का मायका भी बरुआबाग में है। सूचना मिलते ही ससुरालीजन व मायके के लोग अस्पताल पहुंच गए। एसएसआई विक्रम सिंह धामी, सिडकुल चौकी इंचार्ज दीपक कौशिक पुलिस बल के साथ घटनास्थल और अस्पताल पहुंचे। शव का पंचनामा भरवाया। लक्ष्मी के पति अमिताभ राणा आईटीबीपी में इन दिनों हैदराबाद में तैनात हैं। परि. जनों ने बताया कि वह अवकाश पर घर आने वाले थे, लेकिन आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान के साथ हुए तनाव के कारण अवकाश रद्द हो गए थे। परिजनों ने अमिताभ को घटना की जानकारी दी। वहीं सूचना मिलते ही भाजपा जिलाध्यक्ष कमल जिंदल, कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा के प्रतिनिधि उमाशंकर दुबे, हरेन्द्र सिंह, कुलदीप काम्बोज समेत ग्रामीण भी अस्पताल पहुंचे।

# डीएम ने किया मोटर सेतु का निरीक्षण

शाह टाइम्स संवाददाता

**पिथौरागढ़।** पिथौरागढ़ और गंगोलीहाट को जोड़ने के लिए आंवलाघाट में बनने वाला मोटर पुल अब जल्द बनेगा। प्रशासन ने इसकी तैयारी शुरू कर दी है। शनिवार देर सायं को जिलाधिकारी विनोद गोस्वामी ने इस संबंध में उक्त स्थल का विभागीय अधिकारियों के साथ स्थलीय निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने कहा कि इससे जनता को यातायात सुविधा का लाभ मिलेगा वही गंगोलीहाट और पिथौरागढ़ तहसील में आर्थिक गतिविधियां तेज होंगी।



डीएम ने अधिकारियों से पुल निर्माण में हो रही देरी के बारे में जानकारी ली, जिसमें सम्बन्धी विभाग के अधिकारियों ने बताते हुए कहा कि पहले ये पुल 35 मीटर प्रस्तावित था, इस पुल और मार्ग की महत्वत्ता को देखते हुए अब ये पुल 60 मीटर बनना प्रस्तावित है इसकी डीपीआर बनाई जा रही है और जून महीने के अंत तक शासन को भेजी जाएगी और शासन से आदेश आते ही मोटर सेतु का काम शुरू कर दिया जाएगा। स्थलीय निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने ड्रोन के माध्यम से भी इस स्थान की बारीकी से सारे पहलुओं की जानकारी ली। जिलाधिकारी ने कहा कि गंगोलीहाट-पिथौरागढ़ के बीच आंवलाघाट में मोटर पुल का निर्माण शीघ्र ही शुरू होगा, मोटर पुल बनने से घाट व पनार सड़क बंद होने की स्थिति में अल्मोड़ा, हल्द्वानी आवा. जाही के लिए एक वैकल्पिक मार्ग भी अस्तित्व में आएगा। दशकों के लंबे इंतजार के बाद पिथौरागढ़ के आंवला घाट पर पुल निर्माण को हरी झंड़ी मिली है और शासन से आदेश आते ही इस पुल के बनने की कवायत शुरू हो जाएगी। इस पुल के बनने से जहां जिले के चार ब्लॉक के हजारों लोगों को राहत मिलेगी, वहीं एक नया पर्यटन सर्किल भी तैयार हो सकेगा, यही नहीं इस पुल के बनने से पिथौरागढ़ और गंगोलीहाट के बीच दूरी मात्र 55 से 60 किलोमीटर रह जाएगी। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी सदर वैभव काण्डपाल, अधीक्षण अभियंता पेयजल निगम आरएस धर्मशक्तू, सहायक अभियंता लोनिवि दिनेश जोशी उपस्थित थे।

## हादसे में साइकिल सवार घायल

शाह टाइम्स संवाददाता

**बनबसा।** टनकपुर- खटीमा राष्ट्रीय राजमार्ग पर ग्लोरियस एकेडमी के समीप एक साइकिल सवार व्यक्ति चौपाइयां वाहन की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना मिलने पर परिजनों और स्थानीय लोगों की मदद से घायल को अस्पताल में भर्ती कर दिया गया है। घायल व्यक्ति के पैर और सर में गंभीर चोटे आई हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार दिलीप सिंह पुत्र लाल सिंह उम्र 55 वर्ष निवासी चांदनी प्रात करीब 10 बजे साइकिल में सवार होकर घर को जा रहा था। इस बीच वह एक चौपाइयां वहां की चपेट में आ गया। जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। परिजन घायल को टनकपुर स्थित चिकित्सालय में ले गए। घायल की गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे रेफर किया गया। इसके बाद परिजन उसे इलाज के लिए भोजीपुरा अस्पताल ले गए।

# प्रकाश उपाध्याय ने जनपद मंत्री पद में इंदुवर जोशी को दी शिकस्त

■ राजकीय शिक्षक संघ के दिवार्षिक अधिवेशन में जगदीश अधिकारी बने अध्यक्ष

शाह टाइम्स संवाददाता

**चंपावत।** राजकीय शिक्षक संघ के द्विवार्षिक अधिवेशन में जनपद के शिक्षकों ने एकजुटता का प्रदर्शन करते हुए विभिन्न पदों में पदाधिकारियों का चयन किया। अध्यक्ष समेत चार पदों पर हुए चुनाव में जगदीश अधिकारी ने पल्लव जोशी, मंत्री पद में प्रकाश चन्द्र उपाध्याय ने इंदुवर जोशी, पुरुष उपाध्यक्ष में अनिल कुमार ने मनोज गड़कोटी, महिला उपाध्यक्ष पद में कल्पना आर्य ने बबीता सिंह को शिकस्त दी। इसके साथ ही संयुक्त मंत्री पद पर गिरीश जोशी, संगठन मंत्री में नरेंद्र नाथ गोस्वामी और आय व्यय के लिए चंद्र प्रकाश टम्टा का निर्विरोध निर्वाचन हुआ।

चम्पावत जीजीआईसी सभागार में शनिवार को राजकीय शिक्षक संघ की जिला कार्यकारिणी का गठन किया गया। चुनाव पर्यवेक्षक पाटी के बीईओ भारत जोशी ने बताया कि संगठन में कुल 886 वोटर पंजीकृत थे, जिसमें 714 शिक्षकों ने मताधिकार का प्रयोग किया। चुनाव अधिकारी ने विजेता पदाधिकारियों को शपथ दिलाई। चुनाव अधिकारी लोहाघाट के बीईओ घनश्याम भट्ट, प्रधानाचार्य राधेश्याम खर्कवाल व उमेद सिंह बिष्ट और मुख्य प्रशासनिक अधिकारी संतोष कुमार उप्रेती रहे, जबकि एलएम चतुर्वेदी, लोचन त्रिपाठी, जीवन ओली और पंकज सैनी सहायक चुनाव अधिकारी रहे।




## एक नजर

### भाजपा नेता शिशुपाल सिंह रावत ने की केंद्रीय राज्य मंत्री अजय टम्टा से मुलाकात

शाह टाइम्स संवाददाता

**रामनगर।** केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राष्ट्रीय राजमार्ग राज्य मंत्री भारत सरकार अजय टम्टा से कंट्री वाइड ग्रुप के अध्यक्ष जगदीश पांडे के साथ भाजपा नेता शिशुपाल सिंह रावत ने कंट्रीवाइड कॉरपोरेट ऑफिस छोई रामनगर कार्यालय पर मुलाक. ात की। भाजपा नेता शिशुपाल सिंह रावत ने बताया कि जिसमें उनसे राष्ट्रीय राजमार्ग सुदृढ़ एवं तीव्र गति से बनने पर बधाई दी।जगदीश पांडे ने ट्रांसपोर्ट पर विस्तार से उनसे चर्चा की।



पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई और पूर्व मुख्यमंत्री जनरल खंडूरी के स्वर्णिम चतुर्भुज योजना लागू की गई थी उसका पूरे भारतवर्ष में लाभ मिल रहा है।कहा कि सभी देशवासी यह कहते हैं और देखते हैं कि अगर कोई डिपार्टमेंट कार्य कर रहा है तो वह सड़क परिवहन राजमार्ग मंत्रालय है। केंद्रीय मंत्री अजय टम्टा का आभार व्यक्त किया।कहा कि इतना व्यस्ततम समय होते हुए भी उन्होंने मिलने का समय दिया।

### द होली टच फाउंडेशन ने पर्यावरण बचाओ अभियान चलाया

शाह टाइम्स संवाददाता

**गदरपुर।** द होली टच फाउंडेशन ट्रस्ट की ओर से पर्यावरण बचाओ अभियान चलाया गया।




पर्यावरण संरक्षण अभियान में ग्राम रामजीवनपुर नंबर 3 में विभिन्न सार्वजनिक स्थानों पर पौधरोपण किया गया। अभियान के आयोजक पास्टर सुरेन्द्र सागर ने पर्यावरण संरक्षण पर प्रकाश डालते हुए कहा कि मानव सभ्यता के लिए पर्यावरण संरक्षण बहुत आवश्यक है। उन्होंने पेड़ लगाने और जल बचाने का संदेश भी दिया। उन्होंने बच्चों से कहा कि घरों में और आसपास हर-भरे पेड़ पौधों को लगाया जाए इसके साथ ही मोटिवेशन स्लोगन जैसे पेड़ लगाए जीवन बचाएं, जल है तो कल है, पर्यावरण को स्वच्छ बनाएं और पेड़ लगाए आदि स्लोगन लिखकर लोगों को जागरूक किया। पास्टर सुरेंद्र सागर ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए अधिक से अधिक पौधे लगाकर उनके संरक्षण की जिम्मेदारी हम सभी को उठानी चाहिए। इस मौके पर राकेश कुमार, अंकित कुमार, सरिता सागर, सौरभ, वंदना, राजकुमार सहित काफी लोग मौजूद रहे।

### पेंचक सिलाट खिलाड़ियों ने पदक जीतकर लहराया परचम

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुद्रपुर।** 19 से 24 मई तक दमन और दीव के घोघला बीच पर आयोजित खेलो इंडिया बीच गेम्स के पहले संस्करण में उत्तराखंड की पेंचक सिलाट टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए तीन रजत पदक और तीन कांस्य पदक सहित कुल छह बहुमूल्य पदक जीतकर प्रदेश का नाम रोशन किया।



खेलो इंडिया बीच गेम्स का यह पहला संस्करण स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया (साई) खेल मंत्रालय, भारत सरकार के नेतृत्व में आयोजित किया गया था। इस आयोजन में उत्तराखंड की पेंचक सिलाट टीम ने अपना दबदबा कायम रखा। पदक विजेता खिलाड़ी दीपक सिंह - रजत पदक, टैंडिंग (80-85 किग्रा), गायत्री नेगी - रजत पदक, टैंडिंग (45-50 किग्रा), ईशु भारती - रजत पदक, टैंडिंग (50-55 किग्रा), रीता भंडारी - कांस्य पदक, टैंडिंग (60-65 किग्रा), कार्तिक पटेल - कांस्य पदक, टैंडिंग (40-45 किग्रा), यशोधन राणा - कांस्य पदक, टैंडिंग (85-90 किग्रा)है। उत्तराखंड टीम की मुख्य कोच सारिका पटेल और मैनेजर राकेश के नेतृत्व में टीम ने गेम्स में शानदार प्रदर्शन किया। उत्तराखंड स्पोर्ट्स विभाग से टीम चीफ डी मिशन राशिका सिद्धिकी और ऑफिसियल निर्मला पंत के निर्देशन में टीम ने पदक जीते। पेंचक सिलाट एसोसिएशन उत्तराखंड के जनरल सेक्रेटरी बब्लू दिवाकर ने बताया कि खेलो इंडिया बीच गेम्स का यह पहला संस्करण था, जिसमें उत्तराखंड ने अपना दबदबा कायम रखा।

# विधायक ने सीसी टाइल्स रोड का किया लोकार्पण

शाह टाइम्स संवाददाता

**जसपुर।** विधायक आदेश चौहान द्वारा अपने विधानसभा क्षेत्र जसपुर के अंतर्गत ग्राम ढाडीपुरा में सभी साथियों के साथ प्रसुति ग्रह के सामने सीसी टाइल्स मार्ग निर्माण कार्य का लोकार्पण किया। इसके अलावा 'आपका सेवक आपके द्वार' विधानसभा क्षेत्र जसपुर के अंतर्गत ग्राम बैतवाला में सुरेंद्र सिंह, मो. एहसान, सीताराम एवं मो. दिलशाद के आवास पर पहुंचकर समस्त ग्रामवासियों से मिलकर उनका कुशल-क्षेम जाना एव ग्रामवासियों की समस्याओं को सुनकर सम्बन्धित अधिकारियों से वार्तालाप कर समस्याओं का निस्तारण किया। इस अवसर पर प्रधान राजीव कुमार,सुंदर पाल सिंह, गजेंद्र सिंह चौहान, सर्वेश सिंह वत्सल, रुस्तम अली, निपेंद्र सिंह चौहान, लियाकत अली, राहुल कुमार , सुखबीर सिंह, सुखदेव आदि मौजूद रहे।



# 'हेलो जिंदगी' मंच की हुई शुरुआत

शाह टाइम्स संवाददाता

**जसपुर।** 'हेलो जिंदगी' जिसका एकमात्र मोटिव आज समाज में अपने सुख-दुख को साझा करने का मंच। जिसकी शुरुआत आज उधम सिंह नगर के प्रमुख शहर जसपुर से हुई है। इस मंच की शुरुआत जसपुर की जानी-मानी समाजसेवी रेखा राजपूत और समाजसेवी डा. नसरीन चौधरी द्वारा संयुक्त रूप से की गई, जिसमें फिलहाल 12 लोगों को जोड़कर की गई जिसकी विधिवत शुरुआत गण नागरिकों/ क्षेत्रीय नागरिकों/मीडिया परिवार की मौजूदगी में शुरुआत की गई।



मीडिया से बाहर रूबरू होते हुए समाजसेवी डा. नसरीन चौधरी ने बताया कि मैं और रेखा राजपूत काफी दिनों से समाज को लेकर विभिन्न मुद्दों पर आपस में चर्चा करते रहते हैं। इन सब मुद्दों को दृष्टिगत रखते हुए हम दोनों ने संयुक्त रूप से एक ऐसा मंच बनाने की बनाने को लेकर बात की जिसमें क्षेत्र और समाज के लोग किसी एक जगह पर बैठकर पुराने समय की तरह अपने दुख सुख और दिल की बातों को साझा कर सकें। क्योंकि हमने पाया कि आज के समाज में व्यक्तियों पर सामाजिक दबाव इतना ज्यादा हो गया है कि इंसान तमाम समस्याओं से जूझ रहा है, लेकिन अपने परिवार और आस-पड़ोस के किसी को अपनी समस्या या सुख साझा करने से बच रहा है, जिससे इंसान एकल जीवन जीने पर मजबूर हो गया है। ऐसे में कई प्रकार की शारीरिक /मानसिक बीमारियां से घिरता जा रहा है और अपने निर्णय को सही प्रकार से लेने में असमर्थ हो जा रहा है।

इसी को ध्यान में रखते हुए हमने पुराने समय की चीजों को दृष्टिगत करते हुए एक ऐसा मंच बनाने का प्रयास किया जो हमारी सोच के अनुरूप हो जिसमें कोई भी व्यक्ति बिना किसी फीस या बिना किसी शुल्क के जुड़ सके और दिए हुए समय पर आकर अपने दिल की बात या किसी समस्या को आपस में साझा कर सके। इसको लेकर ही हमने कई बुद्धिजीवियों और सामाजिक व्यक्तियों से अपने प्लान के बारे में चर्चा की जिसको लेकर सभी लोगों ने हमें इस मंच के लिए प्रेरित किया अपने इस सपने को सच करते हुए आज हमारे द्वारा इस मंच की शुरुआत की जा रही है, जिसकी शुरुआत 12 महिलाओं और पुरुषों को जोड़कर की जा रही है ।

'हेलो जिंदगी' मंच की संयोजक समाजसेवी रेखा राजपूत और समा. जसेवी डा. नसरीन चौधरी की इस शुरुआत पर क्षेत्रीय लोगों द्वारा बधाई दी गई।

# विभिन्न समस्याओं से संबंधित पालिकाध्यक्ष जोशी को ज्ञापन सौंपा

शाह टाइम्स संवाददाता

**खटीमा।** नगर पालिका अध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी ने रविवार को वार्ड नंबर 14 पंजाबी कॉलोनी रामगुलाम गली ,बत्रा कॉलोनी, नेहरू नगर तथा नगर पालिका गली में चौपाल लगाकर जनता की समस्याएं सुनीं एवं संबंधित अधिकारियों को तत्काल समस्याओं का निराकरण के लिए कहा।



नगर मंडल उपाध्यक्ष नीलू गुप्ता के नेतृत्व में वार्ड वासियों ने वार्ड में नाली की समस्या, सड़कों की समस्या, वर्षों से बंद नालियों सफाई की व्यवस्था, राम गुलाम गली के अतिक्रमण हटाने, लाला राम गुलाम की दुकान से लेकर मेलघाट रोड तक एवं पुरानी नवल किशोर की चक्की से सुनील भटनागर की दुकान तक नो पार्किंग जोन बनाने तथा वार्ड में ओपन जिम की स्थापना करने आदि विभिन्न समस्याओं से संबंधित ज्ञापन सौंप कर अवगत कराया। तथा उक्त समस्याओं के शीघ्र निराकरण की मांग की। नगर पालिका अध्यक्ष ने मौके पर पहुंच कर निरीक्षण किया तथा आश्वासन दिया कि वार्ड की प्रत्येक समस्या का निराकरण प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा। पूर्व नगर मंडल महामंत्री मनोज वाधवा वार्ड ने वार्ड के बीच में से गुजरने वाले ऐंठा नाले की तली झाड़ सफाई पोकलैंड मशीन द्वारा करने, होटल बेस्ट व्यू रोड के पास टूटी पुलिया का निर्माण करने ,वार्ड वासियों ने वार्ड में पानी के नए कनेक्शन दिए जाने तथा वार्ड के बीचों-बीच से गुजर रही हाई टेंशन लाइन को हटाने की मांग की। यहां कामिल खान, नीरज सक्सेना, अशोक बत्रा, राजेश गुप्ता, आनंद गुप्ता, दीपक गुप्ता, सुमित गुप्ता, मिंटू टंडन, अतुल अरोरा, गिरजा शंकर अग्रवाल, विजय जायसवाल, नीरज रस्तोगी, जफर खान हाफिज रहमान, ललित जोशी, संजीव सक्सेना, प्रदीप गुंबर, बाबूराम अरोड़ा, हरीश बत्रा, किशन बिष्ट तथा विवेक सक्सेना आदि उपस्थित थे।

# एबीसी अल्मा मैटर के 32 बच्चों का हुआ सैनिक स्कूल घोड़ाखाल में प्रवेश

शाह टाइम्स संवाददाता

**चंपावत।** नगर की प्रतिष्ठित शिक्षण संस्था एबीसी अल्मा मैटर के 32 छात्रों ने पहले ही प्रयास में सैनिक स्कूल गोलाखाल की प्रवेश परीक्षा उत्तीर्ण कर उत्तराखंड में अपना विशिष्ट स्थान बनाया है। यह उपलब्धि उन्हें विद्यालय के प्रबंधक डा. मदन महर की दूरगामी सोच के कारण बागेश्वर के एक राजकीय विद्यालय से दो वर्ष पूर्व एक साथ 22 बच्चों का सैनिक स्कूल घोड़ाखाल के लिए चयन होने से मिली थी।

इसी को लक्ष्य बनाते हुए डा. महर द्वारा पांचवी व आठवीं कक्षा के बच्चों को घोड़ाखाल के सैनिक स्कूल की प्रवेश परीक्षा के लिए बच्चों की प्रतिभा को तराशने का प्रयास शुरू किया। इसके लिए परीक्षा का सिलेबस मंगाने के साथ बच्चों के लिए दो विशेष अतिरिक्त शिक्षकों की भी व्यवस्था की गई। जिसका सारा खर्च स्वयं प्रबंधन द्वारा उठाया गया और इसका परिणाम सबके सामने है। इस उपलब्धि से उत्साहित डा. मदन महर ने अब विद्यालय में कक्षा एक से आठवीं तक रीजनिंग विषय सर्वशक्ति परीक्षा की पढ़ाई भी शुरू कर दी है, जो उत्तराखंड के किसी विद्यालय में शुरू किया जाने वाला यह पहला प्रयास है। इसके अलावा अभी से यहां सैनिक स्कूल घोड़ाखाल की कक्षा 6 और 9 के लिए होने वाली प्रवेश परीक्षा के लिए तैयारियां शुरू कर दिए हैं। डा. महर का मानना है कि सरकारी विद्यालय में जहां प्राथमिक से पूर्व माध्यमिक विद्यालय तक की शिक्षा में एक छात्र पर बड़ी धनराशि व्यय की जाती है, यदि निजी विद्यालयों में प्रबंधन एवं शिक्षक ठान ले तो वो बच्चों को जीवन में ऊंची उड़ान के लिए पंख लगा सकते हैं।



**दृढ़ इच्छाशक्ति से किए गए प्रयास, कभी नहीं होते असफल**

**चंपावत।** मुख्य शिक्षा अधिकारी महरबान सिंह बिष्ट ने देश की प्रतिष्ठित शिक्षण संस्था सैनिक स्कूल घोड़ाखाल के लिए एबीसी अलमा मैटर के एक साथ 32 बच्चों के चयन पर बच्चों व प्रबंधन को बधाई देते हुए कहा दृढ़ इच्छाशक्ति से यदि बच्चों के सर्वांगीण विकास का सोच लेकर कार्य किया जाए तो निश्चित तौर पर सफलता मिलती है।

# कोविड की दस्तक से स्वास्थ विभाग हुआ अलर्ट

शाह टाइम्स संवाददाता

**खटीमा।** देश में एक बार फिर लगातार बढ़ रहे कोविड को लेकर सरकारी अस्पताल ने तैयारियां शुरू कर दीं। उप जिला चिकित्सालय में प्रभारी सीएमएस डॉ. वीपी सिंह व वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. मनी पुनियानी ने अस्पताल के आईसीयू वार्ड में ऑक्सीजन व वेंटिलेटर आदि का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं को जांचा। देश के कुछ राज्यों में कोविड के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। जिसको देखते हुए शासन ने सभी सरकारी अस्पताल प्रबन्धन को अलर्ट पर रखा है। सरकार ने अस्पताल में मौजूद चिकित्सा व्यवस्था को पहले से ही ठीक करने के निर्देश दिए हैं। इसके बाद प्रभारी सीएसएस डॉ. सिंह व डॉ. पुनियानी ने उप जिला चिकित्सालय के आईसीयू में मौजूद वेंटिलेटर की जांच की।




डॉ. सिंह ने बताया कि 100 बेड वाले उप जिला चिकित्साल में सभी बेड पर ऑक्सीजन की व्यवस्था है। वहीं अस्पताल में 13 वेंटिलेटर व आईसीयू वार्ड में कुल 11 वार्ड हैं। अस्पताल आने वाले सर्दी, जुकाम, बुखार के मरीजों की अस्पताल की लैंब में रैपिड जांच की जा रही है। डॉ. सिंह ने बताया कि अभी तक कोरोना संक्रमित नहीं आया है। यदि कोरोना संक्रमित मरीज अस्पताल आते हैं तो शासन द्वारा जारी की गई गाइड लाइन का पालन किया जायेगा। यदि जरूरत पड़ी तो अलग कोविड वार्ड व टेस्टिंग वार्ड भी बनाएं जाएंगे। उन्होंने लोगों से भीड़ में आने से बचने, मुंह पर मास्क लगाने, हाथ को सेनेटाइज करने व कोविड नियमों का पालन करने की अपील की।

# कुछ घंटों की बारिश में नगर निगम की खुली पोल

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुद्रपुर।** रविवार को कुछ घंटों की बारिश ने नगर निगम की तैयारियों की पोल खोलकर दी है। शहर के डीडी चौक और रोडवेज सहित कई इलाकों में जलभराव से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया। इस कारण दुकानदारों को दिक्कत के साथ लोगों का भी चलना मुश्किल हो गया। रुद्रपुर में एक तरफ जहां बरसात से पहले बाढ़ से बचाव के लिए कल्याणी नदी की सफाई की जा रही है, वहीं दूसरी तरफ शहर के भीतर जलभराव की समस्या को नजरअंदाज किया जा रहा है। रविवार को कुछ घंटों की बारिश ने नगर निगम की तैयारियों की पोल खोल दी है। रोडवेज से किच्छा रोड और रामपुर रोड से बसों के निकलने वाले रास्ते पर पानी ही पानी नजर आया। डीडी चौक के पास की सड़कें पानी में डूब गईं, जिससे राहगीरों और स्थानीय दुकानदारों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। स्थानीय दुकानदारों का कहना था कि नगर निगम के कर्मचारी आते हैं, लेकिन निकासी के बजाय नालियों का पानी सड़क पर डालकर चले जाते हैं। पिछले पांच सालों से कोई पुख्ता व्यवस्था नहीं की गई है। यह स्थिति सिर्फ रोडवेज और डीडी चौक की ही नहीं है, बल्कि शहर में कई जगह ऐसा देखने को मिला है। रामपुर रोड और किच्छा रोड की तरफ जाने वाला रास्ता टूटी हुई सड़कों और गड्ढों से भरा पड़ा है। बारिश होते ही ये गड्ढे पानी से लबालब हो जाते हैं, जिससे हादसे का खतरा बढ़ जाता है।




# डीएम ने चंबा स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण कर सुविधाओं का लिया जायजा

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई टिहरी।** जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने चंबा स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का अचानक स्थलीय निरीक्षण किया, जिसमें केंद्र में उपलब्ध स्वास्थ्य सेवाओं, दवाइयों, महिला प्रसूति सुविधाओं एवं एंबुलेंस सेवा की गुणवत्ता का बारीकी से जायजा लिया गया। इस दौरान उन्होंने केंद्र के स्टाफ की उपस्थिति की समीक्षा करते हुए ड्यूटी से गैरहाजिर कर्मियों से स्पष्टीकरण तलब करने के निर्देश भी दिए। जिलाधिकारी ने विशेष रूप से कहा कि आर्थिक रूप से कमजोर व्यक्तियों के लिए एंबुलेंस की सेवा निशुल्क प्रदान की जाए ताकि स्वास्थ्य सुविधाएं सभी तक पहुंच सकें। इसके अलावा स्वास्थ्य केंद्र में बिजली और पानी की किसी भी प्रकार की समस्या को शीघ्रतम सुधारने के भी निर्देश जारी किए गए। उन्होंने उत्तराखंड पेयजल संसाधन विकास एवं निर्माण निगम द्वारा स्वास्थ्य केंद्र के समीप चल रहे लैब निर्माण कार्य की गुणवत्ता जांचने को भी अधिकारियों से कहा, ताकि निर्माण में किसी भी प्रकार की कमी न रह जाए और स्वास्थ्य सेवाओं का स्तर उन्नत बना रहे।



इसी दिन नगर पालिका परिषद चंबा कार्यालय का भी निरीक्षण किया गया, जिसमें डाटा एंट्री ऑपरेटर के कार्य में लापरवाही पाए जाने पर कड़ी फटकार लगाई गई।

कार्यालय में फाइलों के रख-रखाव की खराब स्थिति, सुरक्षा के लिए लगे कैमरे चालू न होने तथा नई टिहरी मॉडर्न स्कूल के निकट इंटरलॉकिंग टाइल्स के काम में खामियों और मलबा डंपिंग जोन में फेंकने की व्यवस्थाओं को सुधारने के निर्देश दिए गए। इसके साथ ही कार्यालय में रखे अग्निशमन यंत्रों पर एक्सपायरी डेट अंकित करने, बिजली की तारों की मरम्मत और छत की मजबूती सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिये गए।इस अवसर पर नगर पालिका परिषद चंबा की अध्यक्ष शोभनी धनोला भी मौजूद थीं, जिन्होंने डीएम के निरीक्षण के दौरान आवश्यक सुधारों को शीघ्र लागू करने का आश्वासन दिया। इस निरीक्षण से प्रशासनिक स्तर पर सेवाओं की गुणवत्ता और कार्यकुशलता बढ़ाने के प्रयासों को बल मिला है।

■ **गरीबों के लिए एंबुलेंस सेवा निशुल्क देने और बिजली-पानी समस्याओं के समाधान के दिए निर्देश,नगर पालिका कार्यालय में कड़ाई से फाइल प्रबंधन, साफ-सफाई और सुरक्षा इंतजामों को सुधारने के निर्देश दिए**

# योग और अध्यात्म से मिलेगा निरोग जीवन

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई टिहरी।** 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में आयुर्वेदिक विभाग की ओर से धनोल्टी तहसील अंतर्गत जौनपुर ब्लॉक मुख्यालय थत्यूड़ में योग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में योग प्रशिक्षक अनीश लेखवार और शालिनी गुसाईं ने प्रतिभागियों को योग के विभिन्न आसनों का अभ्यास कराया और उनके लाभों की जानकारी दी। प्रशिक्षकों ने बताया कि योग केवल शरीर को स्वस्थ रखने का माध्यम नहीं, बल्कि मानसिक तनाव को दूर कर जीवन को संतुलित और ऊर्जा से भरने की शक्ति भी प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि नियमित योगाभ्यास से न केवल शारीरिक रोगों से मुक्ति मिलती है, बल्कि यह मानसिक स्थिरता और आत्मिक शांति प्राप्त करने का भी सशक्त माध्यम है। योग और अध्यात्म का संयोजन व्यक्ति को जीवन की जटिलताओं में सहजता और स्पष्टता प्रदान करता है। इस अवसर पर ब्लॉक प्रशासक सीता रावत ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार योग को लेकर पूरी तरह गंभीर है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों से आज योग को वैश्विक पहचान प्राप्त हुई है। उन्होंने बताया कि आयुर्वेदिक विभाग इस वर्ष 21 जून को मनाए जाने वाले अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को विशेष और ऐतिहा. सिक बनाने के लिए व्यापक तैयारियां कर रहा है, जिससे अधिक से अधिक लोग इस महाअभियान से जुड़ सकें।योग शिविर में स्थानीय समुदाय के साथ-साथ 120 छात्र-छात्राओं ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया और प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन में विविध योगासन सीखे।


# कोरोना की दस्तक से दून जिला प्रशासन अलर्ट

■ आपात स्थिति से निपटने के लिए निजी व सरकारी अस्पतालों में रखें पूरी व्यवस्था
■ स्थिति भले ही नियंत्रण में हो, लेकिन सतर्कता बेहद जरूरी : डीएम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** राजधानी देहरादून में कोविड के तीन मामले सामने पर जिला प्रशासन ने सतर्कता बरतनी शुरू कर दी है। जिलाधिकारी सविन बंसल ने स्वास्थ्य विभाग के आला अधिकारियों की बैठक लेते हुए मौजूदा स्थिति एवं उपलब्ध संसाधनों की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि अस्पतालों में पर्याप्त संख्या में कोविड बेड, ऑक्सीजन सिलेंडर, आवश्यक दवाइयां, वैक्सीन, वेंटिलेटर और ऑक्सीजन कंसंट्रेटर, आईसीयू बेड सहित अस्पतालों में टेस्टिंग की पूरी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

जिलाधिकारी ने कहा कि भले ही स्थिति नियंत्रण में हो, लेकिन सर्तकता बेहद जरूरी है। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के सभी अस्पतालों को अलर्ट मोड पर रहने और ऑक्सीजन प्लांट सहित उपलब्ध चिकित्सा उपकरणों का पूरा ब्यौरा तैयार करने निर्देश दिए है। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए पूरी तैयारी रखें। पिछले कोविड की तरह जिले स्तर पर सैंपलिंग टीम, मोबाइल टीम, कोविड कंट्रोल रूम, कार्मिकों की ड्यूटी, एंबुलेंस एवं अन्य वाहन एवं संसाधनों की पूरी रिपोर्ट उपलब्ध करें। अस्पतालों में ट्रूनेट टेस्ट, एंटीजन रैपिड टेस्ट तथा आरटी पीसीआर की पूरी व्यवस्था के साथ ही आइसोलेशन वार्ड चिन्हित किए जाए। कोविड जांच में आरटी पीसीआर




स पॉजिटिव सभी रोगियों के सैंपल डब्ल्यूजीएस जांच हेतु राजकीय दून मेडिकल कॉलेज को भेजा जाए और इस जांच में सभी सैंपल की सूचना आईडीएसपी के अंतर्गत आईएचआईपी पोर्टल पर अनिवार्य रूप से प्रविष्ट की जाए। जिलाधिकारी ने आम नागरिकों से भी अपील की है कि कोरोना के लक्षण दिखाई देने पर तुरंत जांच कराएं और खुद को आइसोलेट करें। भीड़भाड़ वाले स्थानों पर जाने से बचे।

अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि देहरादून एम्स में हाल ही में कोरोना के तीन मामले सामने आए है। ये तीनों व्यक्ति गुजरात, मुंबई और हैदराबाद से उत्तराखंड आए थे। कोविड टेस्ट में तीनों व्यक्ति कोरोना पॉजिटिव मिले है। इसमें से मुंबई का व्यक्ति वापस चला गया है, जबकि एक व्यक्ति को अस्पताल में और दूसरे व्यक्ति को होम आइसोलेट किया गया है। आइसोलेशन में रखे दोनों व्यक्तियों की तबीयत स्थिर है। हांगकांग एवं सिंगापुर की बाद भारत में भी कोविड संक्रमण तेजी से फैल रहा है। देश में एक सप्ताह के भीतर 58 मामले सामने आए चुके है। एसीएमओ ने बताया कि देहरादून में अभी तक 36 सैंपल लिए है, जिसमें बाहरी राज्य से आए तीन लोग ही पॉजिटिव मिले है। उत्तराखंड में अभी तक कोरोना का कोई स्थानीय संक्रमण का मामला नही आया है।बैठक में उप जिलाधिकारी हरि गिरि, एडीएमओ डॉ वी.सेमवाल, एसीएमओ डॉ सी.एस रावत, सीएमएस एस.एम संकला, मुख्य फामेसिस्ट आरपी सेमवाल, डॉ पीएस रावत, डॉ एमएस डोगरा सहित स्वास्थ्य विभाग के तमाम अधिकारी उपस्थित थे।

# कैबिनेट मंत्री जोशी ने सुना पीएम का मन की बात कार्यक्रम

■ प्रधानमंत्री मोदी के मासिक रेडियो कार्यक्रम के 122वें संस्करण को बताया प्रेरणादायक



**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के 122वें संस्करण को अपने कैंप कार्यालय में पार्टी कार्यकर्ताओं और स्थानीय नागरिकों के साथ मिलकर सुना।

इस अवसर पर प्रधानमंत्री मोदी ने ऑपरेशन सिंदूर में सेनाओं के पराक्रम, मधुमक्खी पालन, शेरों की बढ़ती आबादी, ड्रोन दीदी योजना, योग दिवस की तैयारियों सहित अनेक महत्वपूर्ण विषयों पर विचार साझा किए। उन्होंने उत्तराखंड के हल्द्वानी निवासी जीवन जोशी की 'बगेट' कला का विशेष रूप से उल्लेख किया, जिसमें वह चीड़ के पेड़ों से गिरने वाली सूखी छाल से सुंदर कलाकृतियाँ बनाते हैं। कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने 'मन की बात' कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी इस माध्यम से न केवल शहद उत्पादन, वन्यजीव संरक्षण और कागज की रिसाइक्लिंग जैसे विषयों पर जन जागरूकता बढ़ा रहे हैं, बल्कि समाज को सकारात्मक दिशा में प्रेरित भी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम आज देशवासियों के लिए एक प्रेरणास्रोत बन चुका है। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष प्रदीप रावत, बूथ अध्यक्ष हेमंत जोशी, मंडल महामंत्री भावना चौधरी, दिनेश प्रधान, संजय नौटियाल आदि उपस्थित रहे।

## स्व. रावत की पुण्यतिथि पर किए श्रद्धासुमन अर्पित

**उत्तरकाशी (शाह टाइम्स संवाददाता)।** रवांई घाटी के नेता और चकबंदी प्रणेता पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष उत्तरकाशी स्वर्गीय राजेंद्र सिंह रावत की पुण्यतिथि पर भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी है। रविवार को जानकीचट्टी में विभिन्न सामाजिक कार्यकर्ता उनके मूर्ति पर श्रद्धा-सुमन अर्पित किया। इस अवसर पर स्व राजेन्द्र सिंह रावत के सुपुत्र अरविंद रावत, संगीता ,महाबीर पंवार माही , राकेश रावत, गजेंद्र रावत पूर्व प्रधान, जगत सिंह रावत पूर्व प्रधान, चौन सिंह रावत पूर्व प्रधान, मनमोहन चौहान, भगवती प्रसाद बिजलवान, प्रताप तोमर, रणबीर राणा, हरदेव राणा, बृजमो. हन राणा, खुशपाल रावत, गंभीर तोमर चौकी प्रभारी जानकी चट्टी आदि लोगों ने श्रद्धासुमन अर्पित किए।

# लक्ष्मण चौक में तिरंगा शौर्य सम्मान यात्रा का आयोजन

■ कैंट विधायक सविता कपूर सहित सैकड़ों लोगों ने की शिरकत



**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** पहलगाम में कायराना आंतकवादी हमले के बाद आपरेशन सिंदूर के जरिए आतंकियों पर की गई कार्यवाई की सफलता और भारतीय सेना के वीर जवानों के शौर्य,साहस और पराक्रम के सम्मान में लक्ष्मण चौक वैलफेयर सोसाइटी द्वारा लक्ष्मण चौक में रविवार को तिरंगा शौर्य सम्मान यात्रा का आयोजन किया गया।यात्रा लक्ष्मण चौक के हिन्दु नेशनल इंटर कॉलेज से शुरु होकर पूरे लक्ष्मण चौक होते हुए आर्य समाज मंदिर पर खत्म हुई।

तिरंगा यात्रा में क्षेत्र के युवाओं, प्रबुद्धजन और नारी शक्ति ने भारत माता की जयघोष का नारा लगाते हुए देशभक्ति धुन पर हाथों में तिरंगा लिए सेना के प्रति अपना सम्मान व्यक्त किया।यह यात्रा हाल ही में भारतीय सशस्त्र बलों द्वारा सफलतापूर्वक चलाए गए श्ऑपरेशन सिंदूरश की ऐतिहासिक विजय को समर्पित रही। तिरंगा यात्रा में विधायक सविता कपूर , किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष जोगेंद्र पुंडीर ,सोसाइटी अध्यक्ष कमलेश अग्रवाल,महामंत्री प्रदीप दुग्गल आदि भारी संख्या मे प्रबुद्ध जन उपस्थित रहे।

# मुश्किलों से जीतना सिखाता है खेल: रेखा आर्या

■ सेंट जोसेफ एकेडमी में प्री योगा ओलंपियाड विजेताओं को किया सम्मानित



**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** प्रदेश की खेल मंत्री रेखा आर्या ने रविवार को सेंट जोसेफ एकेडमी में आयोजित सीआईएससीई नेशनल प्री योगा ओलंपियाड 2025 के विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए।

इस अवसर पर खेल मंत्री रेखा आर्या ने कहा कि योग व अन्य सभी खेल युवाओं को जीवन के संघर्षों से लड़ना सिखाते हैं और मुश्किलों को हराकर कैसे सफलता पानी है, इसका रास्ता दिखाते हैं। रेखा आर्या ने कहा कि प्रदेश सरकार ने नेशनल गेम्स में पहली बार योगासन को मुख्य प्रतियोगिता के रूप में शामिल कराया था और उम्मीद है कि जल्द ही यह एशियाड और ओलंपिक जैसी अंतरराष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता में भी शामिल किया जाएगा। खेल मंत्री ने कहा कि एक खेल के रूप में योग पूरी दुनिया में पहचान बना रहा है और हमारे प्रदेश में इसके खिलाड़ी बड़ी संख्या में तैयार हो रहे हैं। कार्यक्रम में मौजूद अभिभावकों से खेल मंत्री ने कहा कि वे अपने बच्चों को खिलाड़ी बनने में सहयोग दे क्योंकि अब खेल भी एक चमकता हुआ कैरियर है। खेल मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने योग के प्रकाश को पूरी दुनिया में फैलाने का काम किया है। उन्हीं के प्रयासों से यह संभव हो पाया है कि अब 21 जून को दुनिया के ज्यादातर देश अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाते हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार लगातार खेल संस्कृति विकसित करने में जुटी हुई है। उन्होंने प्रतियोगिता के विजेताओं को सम्मानित करते हुए उन्हें अगले महीने होने वाली नेशनल प्रतियोगिता में जीत की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर प्रधानाचार्य ब्रदर जोसेफ एम जोसेफ, ब्रदर जेसी कैरल, अरिजीत बासु, अर्णव कुमार, मिशेल ए गार्डनर, अनुज कुमार सिंह, डा. अरविन्द कुमार कोटनाला आदि मौजूद रहे।

# स्वतंत्रता सेनानी श्री देव सुमन को यूकेडी ने दी श्रद्धांजलि

■ कहा-उनकी कुर्बानी आज भी उत्पीड़न के खिलाफ देती है प्रेरणा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** उत्तराखंड क्रांति दल (यूकेडी) के केंद्रीय कार्यालय, कचहरी रोड देहरादून में शनिवार को महानगर अध्यक्ष विजेंद्र सिंह रावत की अध्यक्षता में टिहरी रियासत के खिलाफ संघर्ष करने वाले जननायक और महान स्वतंत्रता सेनानी श्री देव सुमन की जयंती पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। सभा में वक्ताओं ने उनके बलिदान को याद करते हुए भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

महानगर अध्यक्ष विजेंद्र सिंह रावत ने कहा कि श्री देव सुमन ने टिहरी रियासत को आजाद कराने के लिए अपना संपूर्ण जीवन समर्पित कर दिया। उनके त्याग और बलिदान को उत्तराखंडवासी कभी नहीं भूल सकते। वे हम सभी के लिए प्रेरणा के स्रोत हैं। महानगर प्रवक्ता योगेश पपनै ने कहा कि श्री देव सुमन की शहादत हमें अन्याय और उत्पीड़न के खिलाफ लड़ने की ताकत देती है। आज जरूरत है कि हम उनके सिद्धांतों और विचारों पर चलकर समाज में व्याप्त हर प्रकार के शोषण के विरुद्ध आवाज उठाएं। यूकेडी के केंद्रीय प्रवक्ता व वरिष्ठ राज्य आंदोलनकारी जबर सिंह रावत (पावेल) ने कहा कि टिहरी रियासत के खिलाफ देव सुमन जी ने जो ऐतिहासिक संघर्ष किया, वह भुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने 84 दिनों की लंबी भूख हड़ताल की, 25 किलो की लोहे की बेड़ियों में जकड़े गए और टिहरी जेल की काल कोठरी में अंतिम सांस तक उत्पीड़न झेला।

सभा में वक्ताओं ने यह भी कहा कि श्री देव सुमन का जीवन बलिदान और संघर्ष की अमिट गाथा है, जो आने वाली पीढ़ियों को भी अन्याय के विरुद्ध लड़ने की प्रेरणा देती रहेगी। यूकेडी ने इस अवसर पर उनके पदचिन्हों पर चलने और राज्य को सामाजिक न्याय एवं भ्रष्टाचार से मुक्त करने के संकल्प को दोहराया।

## कांग्रेसियों ने किया श्रीदेव सुमन को याद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** उत्तराखण्ड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष करन माहरा ने महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी अमर शहीद श्रीदेव सुमन की जयन्ती के अवसर पर उनका स्मरण करते हुएं उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

करन माहरा ने कहा कि स्वदेश के स्वाधीनता संग्राम के संघर्ष में शहीद होने वाले बीरों में भारत के युवा श्रीदेव सुमन को अदम्य साहस, शौर्य और निर्भीकता के लिए विश्व इतिहास में सदैव याद किया जाता रहेगा। उन्होंने कहा श्रीदेव सुमन ने भारत की आजादी के लिए निरंतर संघर्ष किया। वह महात्मा गांधी और जवाहर लाल नेहरू के निर्देश पर हिमालय के राज्यों से जनता मुक्ति में संघर्षरत रहे। श्री देवसुमन टिहरी जेल में चौरासी दिन तक भूख हड़ताल के उपरान्त उन्तीस वर्ष की अल्पायु में 25 जुलाय 1944 में शहीद हो गये। उन्होने कहा कि युवा श्रीदेव सुमन ने स्वाधीनता के लिए संघर्ष करते हुए सदैव संगठन, सहयोग, सुधार और सत्याग्रह को अपने लक्ष्य की प्राप्ति के लिए मुख्य आधार मान लिया था। संगठन की दिशा में श्रीदेव सुमन ने दिल्ली, देहरादून, लाहौर, शिमला, टिहरी और मसूरी में कई संस्थाओं की स्थापना की। ये संस्थायें लगातार देश और राज्यों की आजादी के लिए संघर्षरत रही। उन्होंने कहा सहयोग के लिए श्रीदेव सुमन महात्मा गांधी, जवाहर लाल नेहरू तथा अनेक नेताओं से समय-समय पर मिलते रहे और उनसे राजनीतिक परामर्श कर आगे बढ़ते रहे।

# दरबार साहिब परिसर में हुआ रक्तदान शिविर का आयोजन

■ ऑपरेशन सिंदूर के बलिदानियों को समर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** श्री महाकाल सेवा समिति के अध्यक्ष रोशन राणा ने बताया कि समिति पिछले 5 वर्षों से लगातार हर तीन माह में रक्तदान शिविर का आयोजन करती आ रही है, जो कि आज का रक्तदान शिविर उन बलिदा. नियों को समर्पित किया गया।

जिन्होंने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान अपना बलिदान दिया जिन पर देश को गर्व है, प्रातः 9:00 बजे समिति के मुख्य संरक्षक श्री महेंद्र देवेंद्र दास जी का आशीर्वाद लेकर इस कैंप की शुरुआत हुई, जिसमें 67 युनिट रक्त श्री महंत इन्द्रेश अस्पताल द्वारा एकत्रित हुआ, सुप्रसिद्ध कथा व्यास श्री सुभाष जोशी जी ने दीप प्रज्वलित कर शिविर शुभ आरंभ किया। समिति से जुड़े क्षेत्र के विभिन्न हिस्सों से आए हुए 67 रक्तदान दाताओं ने रक्तदान कर इस कार्यक्रम को सफल बनाया इस दौरान विभिन्न सामाजिक संगठनों ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई, इस बार समिति द्वारा पर्यावरण संरक्षण और गौरेया बचाने को ध्यान में रखते हुए एक नई पहल की गई, जिसमें प्रत्येक रक्तदान दाताओं को गौरेया के घोंसले वितरित किए गये। इस दौरान समिति के बालकिशन शर्मा, संजीव गुप्ता, डॉ. नितिन अग्रवाल, राहुल माटा, आयुष जैन, गौरव जैन, विनय प्रजापति राशिका माटा ने शिविर में अपनी सेवाएं दी।

# जलवायु संकट से लड़ाई में ग्रामीणों की भूमिका अहम

■ महिलाओं की भागीदारी से गांवों में पर्यावरण संरक्षण को मिल रही नई दिशा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** जलवायु परिवर्तन, जल स्रोतों का संरक्षण और पलायन जैसी गंभीर समस्याओं से निपटने के उद्देश्य से 'डालियों का दगड़िया' संस्था की ओर से बौराड़ी में एक महत्वपूर्ण गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में ग्रामीणों और जनप्रति. निधियों से इस दिशा में सहयोगात्मक पहल और सुझाव मांगे गए। संस्था पिछले कई वर्षों से जाखणीधार और प्रतापनगर ब्लॉक के 15 गांवों में सक्रिय रूप से कार्य कर रही है, जहां उसने पर्यावरण संरक्षण, जल स्रोतों की पुनर्जीवन प्रक्रिया, स्वरोजगार के माध्यम से पलायन रोकने और कृषि व उद्यानिकी के क्षेत्र में प्रभावी हस्तक्षेप किया है। इन प्रयासों के सकारात्मक परिणाम अब जमीनी स्तर पर भी दिखने लगे हैं।

कार्यक्रम की शुरुआत जाखणीधार की ब्लॉक प्रशासक सुनीता देवी ने की। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि जलवायु परिवर्तन से सबसे अधिक प्रभावित ग्रामीण क्षेत्र हैं और इन्हें इस संकट से उबारने में महिलाओं की भूमिका सबसे अधिक महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि सरकारी योजनाओं का लाभ उठाकर सामाजिक संस्थाएं गांवों में स्थायी विकास के मॉडल तैयार कर सकती हैं, जिससे लोगों को रोजगार भी मिलेगा और पलायन पर भी लगाम लगेगी।

संस्था के अध्यक्ष मोहन सिंह पंवार ने बताया कि मंदार, भटवाड़ा, म्यूंडी, घोल्डाणी, सांदणा, कठूली, कोटचौरी, तुनियार, कंगसाली समेत 15 गांवों में संस्था द्वारा ग्रामीणों को जल संरक्षण, जैविक खेती, परंपरागत बीजों के संरक्षण और स्वरोजगार से जोड़ने पर लगातार काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जलवायु परिवर्तन का सबसे गहरा प्रभाव कृषि और पर्यावरण पर पड़ा है, जिसे नियंत्रित करने के लिए स्थानीय स्तर पर सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता है। उन्होंने परंपरागत कृषि विधियों को अपनाने और परंपरागत बीजों को संरक्षित करने की अपील की।

गल्लेश्वर महादेव मंदिर समिति के अध्यक्ष मान सिंह रौतेला ने संस्था के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि डालीयों का दगड़िया संस्था की पहल से क्षेत्र में कई जटिल समस्याओं का समाधान हुआ है। उन्होंने आश्वा. सन दिया कि संस्था को हरसंभव सहयोग दिया जाएगा ताकि उसका कार्य क्षेत्र और भी विस्तृत हो सके।इस अवसर पर मंदार के सरपंच दिनेश लाल, आशराम ममगाई, पुष्पा पंवार, रजनी देवी, उर्मिला देवी, किरण, तयैबा, वैशाली, सांवली, प्रर्मिला, पुष्पा, प्राची, विनीता, कृष्णा और सौरभ सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे, जिन्होंने कार्यक्रम के माध्यम से जलवायु संरक्षण को लेकर गहरी समझ विकसित की और भविष्य में संस्था के साथ मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया।

## डीआरएफ, वाईएमएफ और म्यूल टास्क फोर्स के जवानों के लिए प्रशासन की नई पहल

**रुद्रप्रयाग (शाह टाइम्स संवाददाता)।** बाबा केदार की यात्रा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के साथ ही दिन-रात धरातल पर कार्य करते हुए यात्रियों की सेवा करने वाले डीडीआरएफ, यात्रा मैनेजमेंट फोर्स और म्यूल टास्क फोर्स के जवानों के लिए जिला प्रशासन ने इस यात्रा में नई पहल की है। जवानों को प्रशासन ने गर्म कपड़े, ट्रेकिंग जूते, रेन कोट, गर्म मैट्रेस के साथ ही गर्म कंबलों को वितरित किया है, जबकि रहने व खाने की पहले से ही इनके लिये निशुल्क व्यवस्था प्रशासन की ओर से की गई है। इतना ही नहीं कठिन भौगोलिक परिस्थितियों में कार्य करने वाले इन जवानों का इस यात्रा में निशुल्क बीस लाख का दुर्घटना बीमा भी किया गया है। डिस्ट्रिक डिजास्टर मैनेजमेंट फोर्स, यात्रा मैनेजमेंट फोर्स और म्यूल टास्क फोर्स के जवान केदारनाथ धाम की यात्रा में महत्वपूर्ण भमिका निभाते हैं। धरातल पर यह जवान दिन-रात कार्य करते हैं। यात्रियों की सुरक्षा, बीमार यात्रियों को चिकित्सालय तक पहुंचाना, घोड़े-खच्चरों की हरेक गतिविधि पर नजर रखना, बच्चों एवं बुजुर्ग यात्रियों को सहयोग देने के साथ ही रेस्क्यू अभियान में इन जवानों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। किसी भी प्रकार की आपदा के समय भी यह जवान तत्परता से कार्य करते हैं। केदारनाथ यात्रा के सफल संचालन में पिछले कई वर्षों से यह जवान महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। कई बार यात्री भी इन जवानों के कार्यों की जमकर तारीफ करते हैं।


# डेंगू बुखार : सावधानी बरतने में ही बचाव

■ आमतौर पर दिन में काटता है डेंगू का मच्छर एडीज
■ जागरूक रहकर खुद को रखें सुरक्षित
■ खुले और साफ पानी में पनपता है मच्छर
■ जुलाई से शुरू होकर नवंबर तक रहता है डेंगू बुखार के सीजन का असर

**एस. आलम अंसारी**

**देहरादून।** डेंगू मच्छर वर्षा ऋतु के दौरान बहुतायत से पाये जाते हैं। यह मच्छर प्रायः घरों स्कूलों और अन्ध्य भवनों में तथा इनके आस-पास एकत्रित खुले एवं साफ पानी में अण्डे देते हैं। इनके शरीर पर सफेद और काली पट्टी होती है, इसलिए इनको टाइगर (चीता मच्छर) भी कहते हैं। यह मच्छर निडर होता है और ज्यादातर दिन के समय ही काटता है।

डेंगू एक विषाणु से होने वाली बीमारी है ,जो एडीज एजिप्टी नामक संक्रमित मादा मच्छर के काटने से फैलती है। डेंगू एक तरह का वायरल बुखार है। आमतौर पर डेंगू बुखार का सीजन जुलाई से शुरू होकर नवम्बर तक रहता है। नवंबर में जब तापमान में गिरावट आनी शुरू होती है और सर्दी का सीजन शुरू होने की ओर होता है तब डेंगू का असर धीरे-धीरे खत्म हो जाता है।



उत्तराखंड में राज्य सरकार और स्वास्थ्य विभाग की ओर से हर साल डेंगू से बचाव और उपचार के लिए पर्याप्त मात्रा में जन जागरण अभियान चलाया जाता है और लोगों को इस बारे में सर्तक भी किया जाता है कि कैसे डेंगू से बचा जाए।

## डेंगू रोग की रोकथाम के लिए जन सहभागिता बेहद जरूरी

**देहरादून।** विगत कई वर्षों से डेंगू व चिकनगुनिया रोग राज्य में एक प्रमुख जन स्वास्थ्य समस्या के रूप में परिलक्षित हो रहा है। डेंगू एवं चिकनगुनिया रोग का वेक्टर एडिज मच्छर है। जुलाई से नवम्बर माह तक का समय डेंगू वायरस के संक्रमण के लिये अनुकूल होता है। डेंगू एवं चिकनगुनिया रोग एक मच्छर जनित रोग है जो कि कूलर, फूलदान, गमले, खुली पानी की टंकी, पुराने टायर, एकत्रित कबाड, इत्यादि में जमा पानी में पैदा होते हैं। डेंगू रोग की रोकथाम के लिए जन सहभागिता अत्यन्त आवश्यक है। डेंगू एवं चिकनगुनिया रोग की समुचित रोकथाम एवं नियंत्रण के लिए अन्य समस्त विभागों की भी महत्वपूर्ण भागीदारी होती है। समस्त विभागों द्वारा डेंगू रोकथाम एवं नियंत्रण के लिए उनके द्वारा की जाने वाली गतिविधियां समयान्तर्गत की जायें। डेंगू मच्छरों को पनपने से रोकने के लिए की जाने वाली समस्त गतिविधियां समस्त विभाग निरन्तर करते रहें ताकि डेंगू के मच्छर को पनपने से रोका जा सकें।

## डेंगू बुखार से बचाव के उपाय

छोटे डिब्बो व ऐसे स्थानो से पानी निकाले जहाॅ पानी बराबर भरा रहता है। कूलरों का पानी सप्ताह में एक बार अवश्य बदले। घर में कीट नाशक दवायें छिडके। बच्ध्चों को ऐसे कपडे पहनाये जिससे उनके हाथ पांव पूरी तरह से ढके रहे। सोते समय मच्छरदानी का प्रयोग करें। मच्छर भगाने वाली दवाईयों/ वस्तुओं का प्रयोग करें। टंकियों तथा बर्तनों को ढककर रखें। सरकार के स्तर पर किये जाने वाले कीटनाशक छिडकाव में सहयोग करें। आवश्यकता होने पर जले हुए तेल या मिट्टी के तेल को नालियों में तथा इक्कट्ठे हुये पानी पर डाले। रोगी को उपचार के लिए फौरन निकट के अस्पताल व स्वास्थ्य केन्द्र में ले जाएं।

## तीन प्रकार की अवस्थाओं से ग्रसित हो सकता है डेंगू बुखार का रोगी

साधारण डेंगू- इसके मरीज का 2 से 7 दिवस तक तेज बुखार चढता है एवं इसके साथ निम्न में से दो या अधिक लक्षण भी साथ में होते हैं।
अचानक तेज बुखार।
सिर में आगे की और तेज दर्द।
आंखों के पीछे दर्द और आंखों के हिलने से दर्द में और तेजी।
मांसपेशियों (बदन) व जोडों में दर्द।
स्वाद का पता न चलना व भूख न लगना।
छाती और ऊपरी अंगो पर खसरे जैसे दानें।
चक्कर आना।
जी घबराना उल्टी आना।
शरीर पर खून के चकते एवं खून की सफेद कोशिकाओं की कमी।
बच्चों में डेंगू बुखार के लक्षण बडों की तुलना में हल्के होते हैं।

### रक्त स्त्राव वाला डेंगू ( डेंगू हमरेजिक बुखार )

खून बहने वाले डेंगू बुखार के लक्षण और आघात रक्त स्त्राव वाले डेंगू में पाये जाने वाले लक्षणों के अतिरिक्त कई लक्षण पाये जाते हैं।
शरीर की चमडी पीली तथा ठन्डी पड जाना।
नाक, मुंह और मसूडों से खून बहना।
प्लेटलेट कोशिकाओं की संख्या 1,00,000 या इससें कम हो जाना।
फेंफडों एवं पेट में पानी इकट्ठा हो जाना।
चमडी में घाव पड जाना।
बैचेनी रहना व लगातार कराहना।
प्यास ज्यादा लगना (गला सूख जाना)।
खून वाली या बिना खून वाली उल्टी आना।
सांस लेने में तकलीफ होना।

### डेंगू शॉक सिन्ड्रोम

मरीज में परिसंचारी खराबी के लक्षण
नब्ज का कमजोर होना व तेजी से चलना।
रक्तचाप का कम हो जाना व त्वचा का ठ्न्डा पड जाना।
मरीज को बहुत अधिक बेचौनी महसुस करना।
पेट में तेज व लगातार दर्द।

### प्रारम्भिक बुखार की स्थिति में इलाज :

मरीज के खून की सीरोलोजिकल एवं वायलो. जिकल परीक्षण केवल रोग को सुनिश्चित करती है तथा इनका होना या ना होना मरीज के उपचार में कोई प्रभाव नहीं डालता, क्योंकि डेंगू एक तरह का वायरल बुखार है, इसके लिये कोई खास दवा या वैक्सीन उपलब्ध नहीं है।मरीज को आराम की सलाह दें।
भूख के अनुसार पर्याप्त मात्रा में भोजन दिया जावें। साधारणतया डेंगू बुखार के मरीज को ठीक होने के 2 दिवस उपरान्त तक जटिलताऐं देखी गई है। प्रत्येक डेंगू बुखार के रोगी के बुखार ठीक होने के दो दिन के बाद तक निगरानी रखी जावें डेंग्यू बुखार से ठीक होने पर मरीज एवं उसके परिजनों का निम्न लक्षणों के उभरने पर विशेष ध्ध्यान देने की सलाह दी जावे।



# नोवाक ने जीता जिनेवा ओपन

● **दिग्गज टेनिस स्टार खिलाड़ी नोवाक जोकोविच ने ह्यूबर्ट हर्काज को हराकर जीता यह खिताब**

**जिनेवा, वार्ता।** सर्बियाई दिग्गज टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच ने पोलैंड के ह्यूबर्ट हर्काज को हराकर अपना 100वां एटीपी खिताब जीता। जिनेवा ओपन के फाइनल मुकाबले में शनिवार रात जोकोविच ने हर्काज पर 5-7, 7-6, 7-6 से हराकर जीत दर्ज की। शुरुआत में एक सेट से पिछड़ने के बाद जोकोविच ने वापसी करते हुए दूसरा और तीसरा सेट जीतकर खिताब अपने नाम किया। जीत के बाद जोकोविच कहा कि मैं यहां 100वां खिताब जीतकर बेहद खुश हूं। मुझे इसके लिए काफी मेहनत करनी पड़ी है। नोवाक जोकोविच ने इस जीत के साथ ही 38 वर्षीय सर्बियाई खिलाड़ी का रविवार से शुरू होने वाले फ्रेंच ओपन से पहले आत्मविश्वास बढ़ा है। उन्होंने जिनेवा ओपन जीतकर रोजर फेडरर और जिमी कोनर्स के 100 खिताब जीतने की बराबरी कर ली है। जिमी कोनर्स 109 खिताब के साथ सबसे ज्यादा एटीपी खिताब जीतने वालों की सूची में शीर्ष पर हैं। वहीं रोजर फेडरर 103 खिताब के साथ दूसरे स्थान पर है।

# इंग्लैंड में भारत को सीरीज जिता पाएंगे गिल!

## कप्तान के रूप में शुभमन गिल के सामने पहला चैलेंज, इंग्लैंड में 5 टेस्ट की सीरीज है, भारत यहां 2007 से कोई सीरीज नहीं जीत सका



**नई दिल्ली, वार्ता।** 25 साल के शुभमन गिल भारत के नए टेस्ट कप्तान बनाए गए। वे रोहित शर्मा की जगह लेंगे। जिनकी कप्तानी में टीम ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड के खिलाफ पिछली 2 सीरीज हार गई। शुभमन के सामने सबसे पहली और बड़ी चुनौती टीम इंडिया का विनिंग कमबैक कराना ही है। शुभमन के सामने 5 चैलेंज हैं-1. इंग्लैंड में 18 साल बाद सीरीज जिताना 2. टेस्ट में भारत का विनिंग कमबैक कराना 3. विदेश में खुद की बैटिंग साबित करना 4. ट्रांजिशन फेज में युवा टीम को संभालना 5. भारत को डब्ल्यूटीसी फाइनल में फिर पहुंचाना। मई में भारतीय टेस्ट टीम के 2 सीनियर प्लेयर विराट कोहली और रोहित शर्मा ने संन्यास ले लिया।

उनसे पहले रविचंद्रन अश्विन भी रिटायर हो गए थे। जिसके बाद टीम को नए कप्तान की जरूरत पड़ी, जो टीम का परमानेंट मेंबर भी हो और लंबे समय तक जिम्मेदारी संभाल सके। जसप्रीत बुमराह और केएल राहुल भी दावेदार थे, लेकिन बुमराह को फिटनेस के कारण कमान नहीं सौंपी गई। वहीं सिलेक्टर्स का मानना है कि राहुल को परमानेंट कप्तान नहीं बनाया जा सकता। ऐसे में कमेटी ने युवा गिल को कमान सौंपी, जो लंबे समय तक टीम की बागडोर संभाल सके। कप्तान के रूप में गिल के सामने पहला चैलेंज इंग्लैंड में 5 टेस्ट की सीरीज है। भारत को यहां 2007 से सीरीज जीत नहीं मिली। 2011, 2014 और 2018 में टीम ने तीनों सीरीज गंवाई। इस दौरान भारत 14 में से 2 ही टेस्ट जीत सका, टीम को 11 में हार मिली, जबकि 2 मुकाबले ड्रा रहे। 2021 में आखिरी बार विराट की कप्तानी में भारत ने सीरीज 2-2 से ड्रा कराई थी।

इंग्लैंड फिर 2024 में भारत आई, जहां उन्हें 4-1 से हार मिली। यानी इंग्लैंड ने 7 साल से टीम इंडिया को टेस्ट सीरीज नहीं हराई है। गिल के सामने भारत को 18 साल बाद इंग्लैंड में सीरीज जिताने की चुनौती तो है ही, इंग्लैंड के खिलाफ 7 साल से अजेय टीम को अजेय रखने का चैलेंज भी है। रोहित की कप्तानी में भारत को अपने घर में न्यूजीलैंड के खिलाफ 0-3 की हार मिली। टीम फिर ऑस्ट्रेलिया में भी 1-3 से हार गई। जिससे टेस्ट रैंकिंग में भारत नंबर-4 पर फिसल गया। गिल के सामने चुनौती है कि टीम इंडिया अपना विनिंग फार्म वापस हासिल करे। न्यूजीलैंड से पहले भारत को 12 साल से घर में किसी ने टेस्ट सीरीज नहीं हराई थी, वहीं ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भी भारत को 10 साल बाद हार मिली।

इतने खराब फार्म से उबारने के लिए शुभमन को नई स्ट्रैटजी के साथ टीम को जिताने पर फोकस करना होगा। 2020 में टेस्ट डेब्यू करने वाले शुभमन के नाम 32 टेस्ट में 35.05 की औसत से 1893 रन हैं। उनके डेब्यू के बाद से ही वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के कारण दुनियाभर की पिचें गेंदबाजों के लिए मददगार रहीं। इसके बावजूद गिल ने 5 सेंचुरी और 7 फिफ्टी लगा दी। हालांकि, होम कंडीशन के मुकाबले विदेश में उनका फार्म थोड़ा कमजोर है। गिल ने भारत में 17 टेस्ट खेले और 42.03 के औसत से 1177 रन बनाए। उन्होंने 4 सेंचुरी और 5 फिफ्टी लगाई। विदेश में शुभमन 15 टेस्ट में 1 सेंचुरी और 2 ही फिफ्टी लगा सकें। उनका औसत भी महज 27.53 का रहा। विदेश में गिल की इकलौती सेंचुरी भी बांग्लादेश में आई। यानी इंग्लैंड सीरीज से ही गिल को खुद की बैटिंग भी साबित करनी होगी। विराट, रोहित और अश्विन जैसे सीनियर प्लेयर्स ने टेस्ट से संन्यास ले लिया। शमी इंजरी के कारण स्क्वाड का हिस्सा नहीं हैं। टीम में जसप्रीत बुमराह, जडेजा और केएल राहुल ही सीनियर प्लेयर्स हैं। इंग्लैंड में भारत की बहुत युवा टीम खेलने वाली है, 9 प्लेयर्स की उम्र तो 21 से 28 साल के बीच ही है। ऐसे में गिल के सामने भारत का ट्रांजिशन फेज संभालने की चुनौती भी है।

**खेल विशेष**

## दार्जिलिंग में आईएसकेएफ कराटे चैंपियनशिप का आगाज

**दार्जिलिंग, वार्ता।** पश्चिम बंगाल के दार्जिलिंग में चल रही द्वितीय आईएसकेएफ इंडिया शोटो कप राष्ट्रीय कराटे चैंपियनशिप में रविवार को एक विशेष अवसर देखने को मिला जब इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में बंगाल, सिक्किम, उत्तराखंड, केरल, कर्नाटक, गुजरात सहित देश के विभिन्न हिस्सों से आए खिलाड़ियों ने भाग लिया। इस अवसर पर दार्जिलिंग के सांसद और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजू बिष्टा ने कार्यक्रम में भाग लिया और खिलाड़ियों को बेहतर प्रदर्शन दिखाने के लिए हौसलाअफजायी भी की। अपने संबोधन में श्री बिष्टा ने कहा कि खेल केवल शरीर को स्वस्थ रखने का माध्यम नहीं, बल्कि मानसिक, भावनात्मक और सामाजिक विकास का एक सशक्त साधन हैं।ह उन्होंने यह भी ज़ोर दिया कि आज की तेज़-रफ्तार दुनिया में खेल युवाओं को तनाव, अवसाद और बुरी आदतों से बचाने में मदद करते हैं। कराटे जैसे मार्शल आर्ट की विशेषता बताते हुए उन्होंने कहा कि यह केवल मेडल जीतने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह अनुशासन, आत्मबल, चरित्र निर्माण और राष्ट्रीय एकता की भावना को भी बढ़ावा देता है। श्री बिष्टा ने केंद्र सरकार की 'खेलो इंडिया' योजना की सराहना करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में सरकार खेल प्रतिभाओं को गांव-गांव से पहचान देने के लिए सक्रिय प्रयास कर रही है।ह साथ ही उन्होंने गर्वपूर्वक उल्लेख किया कि दार्जिलिंग और आस-पास के क्षेत्रों के युवा विभिन्न खेलों में राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना रहे हैं।

# श्रीकांत मलेशिया मास्टर्स के फाइनल में हारे



**बुकित जलील, वार्ता।** भारत के स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी किदांबी श्रीकांत को रविवार को मलेशिया मास्टर्स 2025 बैडमिंटन टूर्नामेंट के फाइनल में हार का सामना करना पड़ा। यहां खेले गए पुरुष एकल वर्ग के फाइनल मुकाबले में बैडमिंटन रैंकिंग में 65वें स्थान पर काबिज किदांबी श्रीकांत को विश्व के चौथे नंबर के खिलाड़ी चीन के ली शिफेंग ने 36 मिनट तक चले मैच में सीधे सेटों में 21-11, 21-9 से हराया। किदांबी श्रीकांत की ली शिफेंग के खिलाफ पांच मैचों में चौथी हार है। मैच की शुरुआत भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी ने पहला अंक हासिल करके की लेकिन इसके बाद शिफेंग ने श्रीकांत पर दबाव बनाना शुरू किया और 6-3 की अहम बढ़त बना ली। मिड गेम ब्रेक तक विश्व के चौथे नंबर के खिलाड़ी शिफेंग ने 11-6 की बढ़त बना ली थी।

इसके बाद श्रीकांत ने कुछ अंक बटोरे लेकिन शिफेंग ने लगातार अंक हासिल करते हुए स्कोर 16-9 से अपने हक में कर लिया। इसके बाद चीन शटलर ने श्रीकांत को कोई मौका नहीं देते हुए पहले गेम मात्र 15 मिनट में 21-11 से अपने नाम किया। दूसरे सेट में चीनी शटलर ने श्रीकांत पर दबदबा बनाते हुए 21-9 से जीत दर्ज की और मलेशिया मास्टर्स का खिताब अपने नाम किया।

# पत्रकार अग्रिम पंक्ति के योद्धा है, उनके लिए भी फिटनेस जरूरी : मांडविया

● **केन्द्रीय खेल मंत्री मांडविया के साथ पत्रकारों और मीडिया बिरादरी के सदस्यों ने साइकिल चलाई**

**नई दिल्ली, वार्ता।** केन्द्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने 'संडे ऑन साइकिल' कार्यक्रम में कहा कि पत्रकार अग्रिम पंक्ति के योद्धा हैं, उनके लिए भी फिटनेस आवश्यक है।

यहां जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में खराब मौसम में बावजूद केन्द्रीय खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया के साथ पत्रकारों और मीडिया बिरादरी के सदस्यों ने साइकिल चलाई। इस चार किलोमीटर की साइकिल यात्रा में दिल्ली पत्रकार संघ, दिल्ली खेल पत्रकार संघ, एथलीट और 300 से अधिक नागरिकों ने भाग लिया।इस अवसर डा. मांडविया ने कहा कि मुझे खुशी है कि आज का संडे ऑन साइकिल बारिश के बावजूद सफल रहा। हमारे पत्रकार मित्र पूरे जोश के साथ आए और यह देखकर वाकई खुशी हुई। पत्रकारों की दिनचर्या शायद ही कभी शांतिपूर्ण होती है, वे दिन-रात काम करते हैं। हम हर सुबह जो सुर्खियां पढ़ते हैं, वे रात भर उनके अथक प्रयासों का नतीजा होती हैं।

यह महत्वपूर्ण काम जारी रखने के लिए उन्हें फिट रहना जरूरी है। इसीलिए मैंने उन्हें आमंत्रित किया। दिल्ली पत्रकार संघ के अध्यक्ष राकेश थपलियाल ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि माननीय मंत्री द्वारा आमंत्रित किया जाना एक अद्भुत अनुभव था। बारिश और हमारे देर रात तक काम करने के बावजूद, इतने सारे पत्रकार आए- यह साबित करता है कि फिटनेस मजेदार हो सकती है। साइकिल चलाने जैसी केवल एक घंटे की गतिविधि स्वास्थ्य को बेहतर बनाने और चिकित्सा व्यय को कम करने में काफी मददगार हो सकती है।

दिल्ली खेल पत्रकार संघ के अध्यक्ष अभिषेक त्रिपाठी ने कहा कि साइकिल पर मंत्री के साथ शामिल होने इस वास्तविकता का एहसास हुआ कि फिटनेस कितनी महत्वपूर्ण है, विशेषकर उन मीडिया पेशेवरों के लिए जो हमेशा सक्रिय रहते हैं। साइकिल चलाना न केवल हमारे स्वास्थ्य के लिए बल्कि पर्यावरण के लिए भी बहुत अच्छा है।

# 'खेलो इंडिया' में इस बार बने 26 रिकॉर्ड: पीएम

■ **विश्व के लोगों ने हमारे युवा खिलाड़ियों की प्रतिभा को सराहा**



**नई दिल्ली, वार्ता।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 'खेलो इंडिया' के तीन प्रमुख विजेताओं महाराष्ट्र, हरियाणा और राजस्थान को बधाई देते हुये रविवार को कहा कि इस बार 'खेलो इंडिया' में 26 रिकॉर्ड बने हैं। श्री मोदी ने आकाशवाणी पर अपने मासिक कार्यक्रम 'मन की बात'की 122वीं कड़ी में कहा कि हाल ही में 'खेलो इंडिया' गेम्स की बड़ी धूम रही।

खेलों इंडिया के दौरान बिहार के पाँच शहरों ने मेजबानी की थी। वहाँ अलग-अलग वर्ग के मैच हुए थे। पूरे भारत से वहाँ पहुंचे एथलिटों की संख्या पांच हजार से भी ज्यादा थी। इन एटलिटों ने बिहार की खेल भावना की, बिहार के लोगों से मिली आत्मीयता की, बघे तारीफ की है। उन्होंने कहा कि बिहार की धरती बहुत खास है। इस आयोजन में यहाँ कई अनूठी चीजें हुई हैं। खेलों इंडिया यूथ गेम्स का ये पहला आयोजन था, जो ऑलम्पिक चैनल के जरिए दुनिया-भर में पहुंचा। पूरे विश्व के लोगों ने हमारे युवा खिलाघ्यिों की प्रतिभा को देखा और सराहा।

इस बार खेलो इंडिया में कुल 26 रिकॉर्ड बने। भारोतोल्लन स्पर्धाओं में महाराष्ट्र की अस्मिता धोने, ओडिशा के हर्षवर्धन साहू और उत्तर प्रदेश के तुषार चौधरी के शानदार प्रदर्शन ने सबका दिल जीत लिया। महाराष्ट्र के साईराज परदेशी ने तो तीन रिकॉर्ड बना डाले। एथलिटों में उत्तर प्रदेश के कादिर खान और शेख जीशान और राजस्थान के हंसराज ने शानदार प्रदर्शन किया। इस बार बिहार ने भी 36 पदक अपने नाम किए। प्रधानमंत्री ने कहा कि जो खेलता है, वही खिलता है। युवा खिलाड़ियों के लिए यह बहुत मायने रखता है। इस तरह के आयोजन भारतीय खेलों के भविष्य को और सँवारने वाले हैं।

## मोदी ने हरियाणा के खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया : नायब सैनी




**चंडीगढ़, वार्ता।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी ने रविवार को कहा कि बिहार की पावन भूमि पर हाल ही में सम्पन्न खेलो इंडिया यूथ गेम्स में हरियाणा के प्रदर्शन पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बधाई देकर हमारे सभी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया है। सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में शुरू कये गए इन खेलों से हरियाणा के खेल इंफ्रास्ट्रक्चर में हुए व्यापक परिवर्तन के कारण देश-विदेश की प्रतियोगिताओं में हम निरंतर अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। इसी प्रदर्शन के बलबूते हमारे खिलाघी लगातार मेडल जीत कर प्रदेश का गौरव भी बढ़ा रहे हैं।



## भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने चिली को हराया

**रोसारियो (अर्जेंटीना), वार्ता।** भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने रविवार को चार देशों के टूर्नामेंट में चिली पर 2-1 से जीत दर्ज करते हुए अपने अभियान की शानदार शुरुआत की। यहां खेले गए मुकाबले में भारतीय महिला टीम के लिए सुखवीर कौर ने (39वें) और कनिका सिवाच ने (58वें) मिनट में गोल किए। वहीं चिली की ओर से एकमात्र गोल जावेरिया सेंज ने (20वें)मिनट में गोल दागा। मैच के दूसरे हॉफ में चिली की जावेरिया सेंज ने 20वें मिनट में गोल कर अपनी टीम को बढ़त दिलाई। हालांकि इसके बाद तीसरे क्वार्टर में भारत की सुखवीर कौर ने 39वें मिनट में गोल कर स्कोर 1-1 से बराबर कर दिया। मैच के अंतिम क्षणों में कनिका सिवाच ने 58वें मिनट में गोल करके भारत की जीत सुनिश्चित की। भारतीय टीम सोमवार को अपने अगले मैच में उरुग्वे से मुकाबला करेगी।

# वापस लौटे हेजलवुड आरसीबी से जुड़ेंगे



■ **प्लेऑफ में खेलेने के लिए टीम से फिर जुड़े जोश हेजलवुड**

**बेंगलुरु, वार्ता।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के सबसे सफल गेंदबाज जॉश हेजलवुड कंधे की चोट से उबरने के बाद यहां लौट आए हैं। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने रविवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर जॉश हेजलवुड के वापसी की जानकारी देते हुए कहा कि उसके तेज गें. दबाज हेजलवुड प्लेऑफ में खेलने के लिए ऑस्ट्रेलिया से भारत वापस लौट आए है। वह इस सत्र में आरस. ीबी के सबसे अच्छे गेंदबाज रहे हैं। उन्होंने 17-27 की औसत और 8-44 की इकॉनमी से 18 विकेट लिये है और आईपीएल 2025 में चौथे सबसे अधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं। आरसीबी प्लेऑफ में पहुंच चुकी है, लेकिन शुक्रवार को हैदराबाद से साथ उच्च स्कोर वाले मुकाबले में हार के बाद उसके आईपीएल की अंक तालिका में शीर्ष दो में रहने की उम्मीद को झटका लगा था। ऐसा माना जा रहा है कि ऐसे समय में हेजलवुड की वापसी उसके लिए उपयोगी सिद्ध होगी। आईपीएल के एक सप्ताह के लिए स्थगित किए जाने पर वह ऑस्ट्रेलिया लौट गए थे। वहां वह रिहैब करने के साथ-साथ द. अफ्रीका के खिलाफ डब्ल्यूटीसी के फाइनल की तैयारी के तहत ब्रिस्बेन में अभ्यास भी कर रहे थे।

# चेन्नई ने गुजरात को 83 रनों से हराया



**जीटी हारकर भी आईपीएल टेबल टॉपर, सीएसके सबसे नीचे**

**अहमदाबाद, वार्ता।** चेन्नई सुपरकिंग्स ने आईपीएल 2025 के 67वें मुकाबले में गुजरात टाइटंस को 83 रन से हरा दिया है। जीटी यह मैच हारकर भी पाइंट्स टेबल के टॉप पर है, जबकि सीएसके यह मैच जीतकर भी 10वें स्थान पर रही है। रविवार के पहले मुकाबले में 231 रन का टारगेट चेज कर रही गुजरात की टीम 18.3 ओवर में 147 रन पर ऑलआउट हो गई। नूर अहमद और अंशुल कम्बोज ने 3-3 विकेट झटके। रवींद्र जडेजा को दो विकेट मिले। गुजरात के ओपनर साई सुदर्शन ने सबसे ज्यादा 41 रन बनाए। अरशद खान ने 20 रन का योगदान दिया। अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में चेन्नई ने टॉस जीतकर बैटिंग चुनी। टीम ने 20 ओवर में 5 विकेट पर 230 रन बनाए थे। रवींद्र जडेजा 21 रन बनाकर नाबाद लौटे। जबकि डेवाल्ड ब्रेविस ने 23 बाल पर 57 रनों की पारी खेली। डेवोन कान्वे (52 रनद्ध ने भी अर्धशतक लगाया। ओपनर आयुष म्हात्रे ने 34, उर्विल पटेल ने 37 रन बनाए। प्रसिद्ध कृष्णा को दो विकेट मिले। ब्रेविस को प्लेयर आफ द मैच चुना गया। गुजरात ने लगातार दूसरा मैच गंवाया है। टीम के पास 18 अंक हैं। इस हार के बाद गुजरात को टॉप-2 में फिनिश करने के लिए अन्य टीमों के प्रदर्शन पर निर्भर रहना होगा। चेन्नई ने सीजन में चौथा मैच गंवाया है। धोनी की टीम 14 मैचों के बाद 8 अंक ही हासिल कर सकी है। टीम पाइंट्स टेबल के 10वें स्थान पर है।

## संन्यास पर सोचने के लिए मेरे पास अभी बहुत समय है: धोनी

**अहमदाबाद , वार्ता।** चेन्नई सुपर किंग्स के कप्तान महेन्द्र सिंह धोनी ने आज कहा कि संन्यास पर सोचने के लिए मेरे पास अभी बहुत समय है। यहां इंडियन प्रीमियर लीग में अपने आखिरी मैच में गुजरात टाइटंस को 83 रनों से शिकस्त देने के बाद संवाददाता सम्मेलन में धोनी कहा कि हमारा सत्र अच्छा नहीं गया। इस सत्र में हमारा क्षेत्ररक्षण भी अच्छा नहीं रहा। उन्होंने कहा कि आज के मैच में हमने परफेक्ट प्रदर्शन किया और हमारा क्षेत्ररक्षण भी अच्छा रहा। हमने कई अच्छे कैच पकड़े हैं। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि मेरे पास फैसला लेने के लिए चार पांच महीने हैं, कोई जल्दबाजी नहीं है। शरीर को फिट रखना जरूरी है। अब रांची जाऊंगा, थोड़ी बाइक राइड्स का आनंद उठाऊंगा। मैं ये नहीं कह रहा कि मैं अब रिटायर हो रहा हूं, और ये भी नहीं कह रहा कि मैं वापस आ रहा हूं।

### धामी सरकार में धाकड़ पकड़ व भाजपा के कद्दावर नेताओं में शुमार हैं पूर्व कैबिनेट मंत्री

# जनपद में अलग सियासी रुतबा रखते हैं स्वामी यतीश्वरानंद

## स्वामी जी को चुनाव हराने के बाद हरिद्वार ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के अवाम को भी अब हो रहा है मलाल

**अख्तर मालिक**

**रुड़की।** सूबे की धामी सरकार में जनपद में सबसे धाकड़ मजबूत पकड़ रखने वाले पूर्व कैबिनेट मंत्री स्वामी यतीश्वरानंद का चुनाव हारने के बाद आज भी जनपद में अलग ही सियासी रुतबा है। सियासी व प्रशासनिक हालातों पर गौर करें तो हरिद्वार जिले में स्वामी यतीश्वरानंद के रुतबे के सामने जीते हुए विधायक भी कहीं नहीं टिकते हैं। अब तो हरिद्वार ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र से स्वामी जी को चुनाव हराने वाली कांग्रेस विधायक अनुपमा रावत तो स्वामी जी के रूतबे के सामने कहीं भी नहीं टिकती दिखाई देती। जिस तरह से स्वामी यतीश्वरानंद चुनाव हारने के बाद भी अपने विस क्षेत्र में बुनियादी विकास करा रहे है। क्षेत्र की आवाम की समस्याओ को तुरंत निस्तारण कर रहे हैं उससे तो ऐसा लगता है कि क्षेत्र की आवाम को भी स्वामी जी को चुनाव हराने का खुले तौर पर मलाल हो रहा है। क्योंकि स्वामी जी बेखौफ बोल्डली अधिकारियों से बात करने व काम कराने का अंदाज अब क्षेत्र के लोगों में मजबूत जगह बना चुका है। इसमें कोई शक नहीं कि आने वाले 2027 के विधानसभा चुनाव में स्वामी जी एक बार फिर ऐतिहासिक जीत दर्ज करेंगे।



**❖हरिद्वार ग्रामीण विस क्षेत्र में स्वामी के सामने विधायक बनकर भी अनुपमा का नही दिखता कोई सियासी वजूद**

**❖यतीश्वरानंद चुनाव हार कर भी विस क्षेत्र में लिख रहे हैं बुनियादी विकास की नई इबारत**

अवगत करा दें कि पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता स्वामी यतीश्वरानंद भले ही 2022 का विधानसभा चुनाव हार गए हो लेकिन चुनाव हारने के बाद भी जिस तरह से स्वामी यतीश्वरानंद जिस तरह से अपने विधानसभा क्षेत्र में लगातार बुनियादी विकास कर रहे हैं और क्षेत्र के सभी वर्ग लोगों की इमानदारी से समस्याओं का निस्तारण कर रहे हैं उससे बिल्कुल साफ हो जाता है कि चुनाव हारने के बाद भी स्वामी जी हरिद्वार ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र की जनता के लिए विधायक ही हैं। क्योंकि पूर्व कैबिनेट मंत्री स्वामी यतीशरानंद की धामी सरकार में आज भी जनपद के सभी सत्ताधारी नेताओं के मुकाबले सबसे धाकड़ यानि मजबूत पकड़ है अपने विधानसभा क्षेत्र तो क्या पूरे हरिद्वार जनपद में स्वामी जी का अलग ही सियासी रुतबा है। जिला प्रशासन हो या सियासी हालत हो स्वामी जी हर मामले में पहले पायदान पर खड़े दिखाई दे रहे हैं आगे सियासी हालत भले ही कुछ भी हो लेकिन फिलहाल राज्य की धामी सरकार में पूर्व कैबिनेट मंत्री स्वामी यतीश्वरानंद आज भी एक कैबिनेट मंत्री की तरह ही आवाम के काम कर रहे हैं। अपने विधानसभा क्षेत्र में जिस तरह से वह बुनियादी विकास कर रहे हैं वहां के विधानसभा क्षेत्र के लोगों को अब शायद खुद ही उनको हराने का मलाल हो रहा है। क्योंकि उन्हें हराकर विधायक बनने वाली अनुपमा रावत तो स्वामी जी के सामने किसी भी एतबार से कहीं नहीं टिक पा रही है खासकर अपने विधानसभा क्षेत्र में भी जिस तरह से अनुपम रावत को लेकर आवाज आ रही हैं उनका अपना वोट बैंक भी उनसे नाराज दिखाई दे रहा है उससे अनुपमम रावत का सियासी ग्राफ काफी नीचे गिर गया है।

पूर्व कैबिनेट मंत्री स्वामी यतीश्वरानंद के सियासी वजूद की बात करें तो जनपद हरिद्वार में स्वामी जी का अलग ही सियासी रुतबा है भले ही वह पिछला चुनाव हार गए हो लेकिन धामी सरकार मे वह जनपद के सबसे कददावर मजबूत नेताओं में शुमार है। हरिद्वार जिला प्रशासन में स्वामी जी का अलग ही रुतबा है भले ही सामने सत्ताधारी पार्टी के ही विधायक क्यों न हो लेकिन विधायक न होते हुए भी स्वामी जी का अलग से रुतबा है अधिकारियों में उनकी अलग पहचान है। जनहितों के लिए बेबाक बेखौफ होकर आवाम को भी इंसाफ दिलाने के लिए स्वमी जी की कार्यशैली ने भी आवाम के दिलों में अब ओर मजबूत जगह बना ली है। स्वामी जी जनहितों की योजनाओं को जनता तक पहुंचाने के लिए लगातार खुद प्रयास करने के अलावा अधिकारियों को भी जिस तरह से दौडा देते हैं उससे भी आमजन प्रभावित हो रहे हैं। स्वामी जी भाजपा को मजबूत करने के लिए भी वह हर स्तर से जी जान से जुटे हुए है।

अगर पूर्व मंत्री के सियासी रूतबे का इस बात से भी अंदाजा लगाया जा सकता है कि अब तक विधानसभा चुनाव के बाद जो भी चुनाव हुए हैं जनपद हरिद्वार के उन तमाम चुनाव में स्वामी यतीश्वरानंद का अपना अलग रुतबा दिखा है और सूबे के मुखिया धाकड धामी भी स्वामी पर पूरा भरोसा करते दिख रहे हैं और जिसकी एक वजह यह भी है कि स्वामी जी को धामी जो भी काम सौंपते हैं वह उसकी पूरी ईमानदारी जिम्मेदारी के साथ पूरा भी करके दिखाते हैं। कुल मिलाकर चुनाव हारने के बाद भी पूर्व मंत्री स्वामी जी अपनी कार्यशैली के दम पर जनपद में अपना सियासी रूतबा बढाने में कामयाब रहे हैं। स्वामी जी ने जिस तरह से अपनी कार्यशैली के जरिए अपनी हरिद्वार ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र की आवाम के दिलों में जगह बनाने में कामयाब रहे हैं जो 2027 के विधानसभा चुनाव में स्वामी जी की जीत की इबारत बनेगी।

# दो नशा तस्कर दबोचे, 38.75 ग्राम अवैध स्मैक बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** एसएसपी प्रमेन्द्र सिंह डोबाल द्वारा ड्रग्स फ्री देवभूमि मिशन को सफल बनाने हेतु नशा तस्करों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने हेतु निर्देशित क्रम में कोतवाली रुड़की व एएनटीएफ की संयुक्त टीम को बड़ी सफलता हाथ लगी।



जानकारी के अनुसार अवैध मादक पदार्थ, नशाखोरी की रोकथाम हेतु क्षेत्र लगातार ऐक्टिव रहते हुए कोतवाली रुड़की व एएनटीएफ की संयुक्त टीम द्वारा दिनाँक 25.05.2025 को पीरबाबा कालोनी से आगे नहर पटरी से ०२ अभियुक्तों लोकेश सिंह यादव व मोहित पाठक को दबोच कर अभि0 लोकेश से 19.70 ग्राम अवैध स्मैक व अभियुक्त मोहित पाठक 19.05 ग्राम अवैध स्मैक बरामद किया गया। 'गिरफ्तार आरोपियों के नाम लोकेश सिंह यादव पुत्र श्री राजेन्द्र यादव निवासी मोहनपुरा मौहम्मदपुर कोतवाली सिविल लाईन रूडकी जिला हरिवार, मोहित पाठक पुत्र गंगाधर पाठक निवासी सोनाली पुरम निकट प्रेमकुँज द्वार कोतवाली रूडकी जनपद हरिद्वार पूछताछ में पुलिस को आरोपी ने बताया कि वह लंबे टाइम से नशे का कारोबार करते हैं और बाहर से लाकर क्षेत्र में बेचते हैंपुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट का मुकदमा दर्ज कार्यालय पेश किया जहां से उन्हें जेल भेज दिया। 'विवरण पुलिस टीम कोतवाली रुड़की मणिभूषण श्रीवास्तव प्रभारी निरीक्षक को0 रुड़की एसएसआई विनोद थपलियाल उ0नि0 सूरत शर्मा को0 रूडकी कानि0 अमित रावत5 कानि0 नीरज नेगी हेकानि0 संदीप एएनटीफ टीम मायापुर हरिद्वार' उप नि रंजीत तोमरहेड का मुकेशहेड का राजवर्धनहेड का सुनील का. सतेंद्र कुमार शामिल रहे।

### ग्रामोत्थान ( रीप ) परियोजना ने लक्सर की रोशन ने बनाई पहचान

# इलेक्ट्रॉनिक व्यवसाय कर आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ाए कदम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** जनपद हरिद्वार के लक्सर विकासखंड स्थित अकोढ़ा कलां गांव की निवासी श्रीमती रोशन पत्नी संजीत, ग्रामोत्थान (रीप) परियोजना के सहयोग से इलेक्ट्रॉनिक व्यवसाय में एक नई पहचान बना चुकी हैं । उनकी कहानी आर्थिक संघर्ष से आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ते कदम का एक प्रेरणादायक उदाहरण है। पहले, रोशन देवी एक सूक्ष्म स्तर पर इलेक्ट्रॉनिक की दुकान चलाती थीं, जिससे उन्हें प्रति माह 5,000 से 6,000 की आय होती थी । यह आय उनके परिवार की जरूरतों को पूरा करने के लिए अपर्याप्त थी, जिससे उन्हें आर्थिक तंगी का सामना करना पड़ता था। इसी बीच, वित्तीय वर्ष 2024-2025 में, ग्रामोत्थान (रीप) परियोजना की टीम ने उनके व्यवसाय का अवलोकन किया और उनकी इलेक्ट्रॉनिक शॉप को आय का एकमात्र स्रोत पाया । टीम ने उन्हें बड़े स्तर पर व्यवसाय करने के लिए प्रोत्साहित किया और परियोजना से अंशदान के लिए आवेदन करने का सुझाव दिया ।

रोशन देवी ष्उजालाष स्वयं सहायता समूह की एक सक्रिय सदस्य हैं, जिसका गठन 29 नवंबर 2021 को हुआ था और यह ष्राधेष ग्राम संगठन तथा ष्आदर्श बहुउद्देश्यीय स्वायत्त सहकारिताष (ब्स्थ) से जुड़ा हुआ है । इस गतिविधि के लिए परियोजना से उन्हें ष्75,000 का अंशदान प्राप्त हुआ। इसके अतिरिक्त, उन्होंने अपनी स्वयं की बचत से 1,25,000 का अंशदान किया और 1,00,000 का बैंक ऋण भी प्राप्त किया । इस गतिविधि के लिए कुल ष्3,00,000 के निवेश से उन्होंने अपनी इलेक्ट्रॉनिक दुकान को बड़े स्तर पर विस्तारित किया। इस सहयोग से रोशन देवी ने अपनी दुकान में इलेक्ट्रॉनिक सामान की एक विस्तृत श्रृंखला शामिल की है। अब उनकी मासिक आय बढ़कर ष्10,000 से 12,000 तक पहुंच गई है । रोशन देवी का कहना है कि परियोजना के सहयोग से वह अपने परिवार का भरण-पोषण अच्छे से कर पा रही हैं और सम्मानजनक जीवन जी रही हैं । उनकी यह सफलता साबित करती है कि सही मार्गदर्शन, वित्तीय सहायता और स्वयं की मेहनत से ग्रामीण महिलाएं भी सफल उद्यमी बन सकती हैं और आत्मनिर्भर भारत के सपने को साकार कर सकती हैं।



### चेकिंग के दौरान वाहन रुकने के इशारे से नाराज कार चालक ने

# ड्यूटी पर तैनात होमगार्ड जवान से बदसलूकी, फाड़ी वर्दी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंगलौर।** मंगलौर नहर के पुल पर चेकिंग के दौरान यातायात में तैनात होमगार्ड ने कार चालक को रुकने का इशारा करने से नाराज कार चालक ने गुस्से में ड्यूटी पर तैनात होमगार्ड के जवान की वर्दी फाड़ डाली और उसके साथ बदसलूकी की जिस पर होमगार्ड के साथी पुलिस कर्मियों ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

जानकारी के अनुसार मंगलौर नहर के पुल पर चेकिंग के दौरान तैनात होमगार्ड ने कार चालक को रुकने का इशारा करने से नाराज कार चालक ने गुस्से में ड्यूटी पर तैनात होमगार्ड के जवान की वर्दी फाड़ डाली। शनिवार को ग्राम टिकोला कला के रहने वाले होमगार्ड जवान निर्दोष कुमार की ड्यूटी मंगलौर नहर पुल पर यातायात व्यवस्था में लगी थी जो की कड़ी धूप और गर्मी में अपनी ड्यूटी को बखूबी अंजाम दे रहे थे वहां से गुजर रही गाड़ियों को संकेत का पालन कर रहे थे वही नहर पटरी रुड़की की तरफ से एक स्कॉर्पियो कार को दूर से होमगार्ड द्वारा इशारा किया गया परंतु कार चालक को होमगार्ड जवान का संकेत न गवारा लगा वही चालक ने कार से उतरकर होमगार्ड जवान के साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट करने लगा विरोध करने पर आरोपी ने होमगार्ड की पहनी हुई वर्दी को फाड दी। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने चालक को गिरफ्तार कर लिया। कोतवाली प्रभारी शांति कुमार ने बताया कि अमित सिंह पुत्र सुरेंद्र सिंह निवासी नारसन खुर्द के खिलाफ सरकारी कार्य में बाधा डालने और मारपीट के संबंध में मुकदमा दर्ज कर न्यायालय में पेश किया गया है। और स्कॉर्पियो कार को मोटर वाहन अधिनियम में सीज किया गया है।

## परशुराम सेना ने निकाली शोभायात्रा

**रुड़की।** परशुराम जयंती के अवसर पर परशुराम सेवा द्वारा शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा नगर के विभिन्न स्थानों में गई जहां उनका फूल वर्षा से स्वागत किया गया। भगवान परशुराम जयंती के उपलक्ष में आयोजित शोभायात्रा डीएवी डिग्री कॉलेज के समीप स्थित आर्य उपवन से शुरू हुई जो कि आजाद नगर चौक, बी एसएम तिराहा, गोल चौराहा, सिविल लाइंस राजपूताना, मेन बाजार अनाज मंडी आदि स्थानों पर होते हुए भगवान परशुराम घाट पर सम्पन्न हुई। वहां सभी ने भगवान परशुराम की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। यात्रा संयोजक विनय शर्मा ने कहा कि हमें गर्व होना चाहिए कि हम परशुराम, भगवान विष्णु के छठे अवतार एवं भगवान शिव के परम भक्त भगवान परशुराम की जयंती मना रहे हैं उनसे हमें अन्याय और अत्याचार के खिलाफ लड़ने की प्रेरणा मिलती है।

# उत्तराखंड राज्य हज समिति में तीन महिलाओं को दी गई जगह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिरान कलियर।** उत्तराखण्ड राजय हज समिति में इस बार धामी सरकार ने महिलाओं का कद बढा दिया है। तीन महिलाओं का सदस्य के तौर पर नामित किया गया है। जिसके बाद आज राज्य हज समिति पिरान कलियर में नव नियुक्त तमाम सदस्यों का परिचय कार्यक्रम हुआ। एक दूसरें को बधायी दी। वहीं पूर्व हज कमेटी चेयरमैन खतीब अहमद ने सभी सदस्यों को शाल उढाकर समान किया। ओर भविष्य में हज यात्रा को अधिक सगुम व सुविधा प्रदान करने की बाबत बताया।

**❖राज्य हज समिति कलियर में सदस्यों का हुआ परिचय कार्यक्रम, खतीब अहमद ने शॉल ओढ़ाकर किया सम्मानित**

उत्तराखण्ड राज्य हज समिति में पहली बार तीन महिला सदस्यों को नामित किया है। जिसके बाद धामी व भाजप प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भटट व भाजपा संगठन का शुक्रिया अदा किया गया। आज हज हाउस पिरान कलियर में नव नियुक्त हज कमेटी सदस्यों का परिचय कार्यक्रम हुआ जिसमें बधाई दी।




इस अवसर पर खतीब अहमद व उत्तराखण्ड वक्फबोर्ड अध्यक्ष शादाब शम्स, विधायक हाजी मौ. शहजाद व अन्य लोग मोजूद रहे। सभी ने हज यात्रियों को और सुविधा देने व हज यात्रा को ओर बेहतर तरीके से करने को राय रखी।

**आवश्यक सूचना**

मंगलौर में समाचार व विज्ञापन के लिए संपर्क करें

फिरोज खान

(संवाददाता मंगलौर)

मो. नं० 9368483651

कार्यालय : आनंद मार्केट, मलानपुरा मंगलौर।

# मंगलौर के पास फोरलेन को किया वन वे, वाहनों को किया डायवर्ट, लगा जाम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंगलौर।** नगला इमरती में हाईवे पर बैरिकेड लगाकर वाहनों को रोका गया है। वहीं, वाहनों को लक्सर की ओर डयवर्ट किया गया है। डाइवर्जन करने से टी प्वाइंट के चलते कई लेन बनाकर बनाकर खड़े हैं जिससे जाम की समस्या हो रही है।

मंगलौर के पास हरिद्वार जाने के लिए फोरलेन को पुलिस प्रशासन ने रविवार को वन वे कर दिया है। इस वजह से वाहनों को हरिद्वार जाने के लिए तीस किलोमीटर घुमाकर भेजा जा रहा है। ऐसे में रोडवेज चालको ने डाइवर्जन से जाने के लिए इंकार कर दिया है। जिसके चलते यहां अफरा तफरी का महौल बना हुआ है। कुछ ड्राइवरों की पुलिस से नोकझोंक भी हुई। वहीं, वन वे होने से यहां करीब तीन किलोमीटर लंबा जाम भी लगा है। जिससे यात्रियों को भी परेशान हो रही है। जानकारी के अनुसार, नगला इमरती में हाईवे पर बैरिकेड लगाकर वाहनों को रोका गया है। वहीं, वाहनों को लक्सर की ओर डयवर्ट किया गया है। डाइवर्जन करने से टी प्वाइंट के चलते कई लेन बनाकर बनाकर खड़े हैं जिससे जाम की समस्या हो रही है।

# लापता गुमशुदा को पुलिस ने तलाश कर परिजनों को सौंपा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** पुलिस के द्वारा सोनपुर रेलवे स्टेशन बलिया यूपी से लापता गुमशुदा बुजुर्ग को शकुशल बरामद कर परिजनों के सुपुत्र कर दिया है। राजीव रौथाण कोतवाली प्रभारी लक्सर ने जानकारी देते हुए बताया 24 मई 2025 को चेतक कर्मगणों लक्सर क्षेत्र में एक बुजुर्ग दिखाई दिया जिससे चेतक क्रमगणो द्वारा पूछताछ कर उसके परिजनों के संबंध में जानकारी के गई गुमशुदा बुजुर्ग दिमाग की रूप से अवस्त होने के कारण अपना पता स्पष्ट नहीं बता पा रहा था पुलिस द्वारा उक्त गुमशुदा बुजुर्ग की फोटो सोशल मीडिया के माध्यम से वायरल करने के बाद गुमशुदा के परिजनों की जानकारी जुटाई गई 28 मई 2025 को सोहनपुर रेलवे स्टेशन से लापता हो गया था तब से परीजन गुमशुदा की तलाश कर रहे थे गुमशुदा मानसिक रूप से अवस्त होने के कारण भटकता हुआ लक्सर आ गया था जो रात्रि में चेतक को मेला चेतक क्रमगणों द्वारा गुमशुदा के परिजनों की जानकारी कर परिजनों को कोट वाली लकसर पर बुलाकर उस बुजुर्ग को साकुशल परिजनों के सुपुर्द किया गया परिजन नेअपने बुजुर्ग को पाकर लक्सर पुलिस को सैलुट किया है।

### कलियर विधायक फुरकान ने हकीमपुर तुर्रा में किया

# इंटरलॉकिंग टाइल्स सड़क का शिलान्यास

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिरान कलियर।** विधानसभा पिरान कलियर क्षेत्र के हकीमपुरतुर्रा गांव में राज्य योजना से बनने वाली सड़क का शिलान्यास विधायक हाजी फुरकान अहमद ने फीता काटकर किया।

जानकारी के अनुसार कलियर विधायक हाजी फुरकान अहमद ने बताया कि हकीमपुर तुर्रा गांव में करीब 30 लाख रुपए की लागत से राज्य योजना से बनने वाली इंटरलॉकिंग टाईल्स सड़क का फीता काटकर शिलान्यास किया है। यह सड़क जर्जर हो चुकी थी। ग्रामीणों ने इस सड़क को बनाने की मांग की थी।सड़क बनने से लोगों को आने जाने राहत मिलेगी। उन्होंने कहा कि इसके अलावा भी महत्वपूर्ण सड़कों को बनाए जाने का प्रयास किया जा रहा है। जल्द ही उनको भी बनाया जाएगा।उन्होंने कहा कि क्षेत्र में हर गांव को मुख्य सड़कों से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। इस मौके पर प्रधान नदीम, अमीर आलम फारूक, इनाम, मुजाहिर, हाजी, हारून, शहनाजर, अबुल, सतीश सैनी, नकली सैनी, गोविंदा, मोहतरीम, मेहरबान, मोहतसीन, शाहरुख, खुर्शीद, सलमान, आवेश, शाबान, मौजूद रहें।




### क्षत्रिय सम्राट पृथ्वीराज चौहान की जयंती के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित

# वक्ताओं ने समाज की एकजुटता व नशाखोरी से दूर रहने पर दिया बल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** क्षत्रिय सम्राट पृथ्वीराज चौहान की जयंती के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। वक्ताओं ने समाज के संगठित होने पर बल दिया और अपने गौरवशाली इतिहास के बार में आने वाली पीढ़ी को जागरूक करने की बात कही और युवाओं को नशे के दुष्परिणाम बताए। कार्यक्रम में राजपूत समाज के लोगों ने बढ़ चढ़कर प्रतिभाग किया।

लक्सर रोड स्थित एक वेंकट हॉल में रूप सिंह पुंडीर एवं जितेंद्र पुंडीर की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि राज्य मंत्री जयपाल सिंह चौहान, विशिष्ट अतिथि पूर्व मेयर यशपाल राणा एवं अन्य अतिथियों ने दीप जलाकर और सम्राट पृथ्वीराज चौहान के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया। मुख्य अतिथि डॉ जयपाल सिंह चौहान ने समाज को एक साथ लेकर चलने की बात कही। उन्होंने कहा कि संगठन में बड़ी शक्ति है और संगठित रहकर ही किसी समाज या राष्ट्र का विकास हो सकता है। पूर्व मेयर यशपाल राणा ने कहा समाज में जो कुरीतियां है उन पर ध्यान देना होगा। उन्होंने कहा कि शिक्षित होने पर बल दें और अपनी प्रतिभा के अनुसार हर क्षेत्र में भागीदारी प्रबल रूप से करें। इसके साथ तेज सिंह राणा ने आरक्षण में संशोधन,यूसीसी में परिवर्तन की मांग की।




# सम्पादकीय

सोमवार, 26 मई 2025

## नया भारत

रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मन की बात कार्यक्रम का 122वां एपिसोड प्रस्तुत हुआ। इस एपिसोड में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अन्य मुद्दों के साथ-साथ ऑपरेशन सिंदूर व सेना के पराक्रम पर खुलकर बात की। उन्होंने कहा कि जिस सटीकता के साथ हमारी सेनाओं ने सीमा पार के आतंकी ठिकानों को ध्वस्त किया वह अद्भुत है। ऑपरेशन सिंदूर ने दुनियाभर के आतंक के खिलाफ लड़ाई को एक नया उत्साह दिया है। पीएम मोदी ने कहा कि हमारे जवानों ने आतंक के अड्डों को तबाह किया, यह उनका अदम्य साहस था और उनकी सफलता में शामिल थी भारत में बने हथियार, उपकरणों और तकनीकी ताकत। ऑपरेशन सिंदूर में आत्मनिर्भर भारत का संकल्प भी था, हमारे इंजीनियर, हमारे टैक्नीशियन हर किसी का पसीना इसमें शामिल है। उनके अनुसार ऑपरेशन सिंदूर सिर्फ एक सैन्य मिशन नहीं है, यह हमारे संकल्प, साहस और बदलते भारत की तस्वीर है और इस तस्वीर ने पूरे देश को देश के भाव से भर दिया है। यही कारण है कि देश के कई शहरों में, गांवों में, छोटे कस्बों में तिरंगा यात्राएं निकल रही हैं। सोशल मीडिया पर कविताएं लिखी जा रही हैं, संकल्प गीत गाए जा रहे हैं और छोटे बच्चे पेंटिंग्स बना रहे हैं। बिहार के कटिहार, यूपी के कुशीनगर के साथ-साथ अन्य शहरों में भी ऑपरेशन सिंदूर के दौरान जन्मे बच्चों का नाम सिंदूर रखा गया है। इसमें कोई दोराय नहीं है कि ऑपरेशन सिंदूर को लेकर पूरे देश में एक गजब का जज्बा देखने में आ रहा है। पूरा देश एकजुटता के साथ अपनी सेना के साथ खड़ा हुआ है और इस युद्ध की खास बात यह है कि भारत की तरफ से जो हथियार इस्तेमाल किए गए, जिन्होंने सटीक परिणाम दिए वे भारत में ही बने हैं। इस तरह हम कह सकते हैं कि रक्षा के क्षेत्र में अब भारत किसी का मोहताज नहीं रहा है और उसे अपनी रक्षा व लड़ाई के लिए किसी की तरफ देखने की आवश्यकता नहीं है। भारत ने यह भी साफ किया है कि उसकी लड़ाई किसी देश से नहीं बल्कि आतंकवाद के खिलाफ है। पाकिस्तान में भी दोनों स्थानों पर हमारी सेना ने कार्रवाई की है, वे आतंकी ठिकानों पर की गई है, जिसमें सैकड़ों आतंकवादी मारे गए। भारत को बार-बार कहने के बावजूद भी यह कार्रवाई आतंकवाद के विरुद्ध है। पाक की तरफ से बेहद कड़ी प्रतिक्रिया देखने में आई है। जिससे पाक का चेहरा पूरी दुनिया में बेनकाब हुआ कि वह न केवल आतंकवादियों को पालता-पोसता है बल्कि उनका पूरी तरह संरक्षण करता है। पीएम मोदी ने अपने मन की बात कार्यक्रम में उन्हीं तमाम बातों का जिक्र किया और भारत की सेना की इस बात के लिए प्रशंसा की कि उसने अपने काम को बड़ी कुशलता से अंजाम दिया। विकट परिस्थितियों में देश की जनता ने जिस तरह की एकजुटता दिखाई और अपनी सेना का मनोबल बढ़ाया, ऐसी मिसाल कम ही देखने को मिलती है। तिरंगा यात्राएं जगह-जगह निकलना इस बात का ठोस परिणाम हैं कि हमारे लिए अपनी सेना के लिए बहुत सम्मान है।

## सेना के खिलाफ बदजुबानी कर रहे भाजपा नेता



भाजपा और उसके नेता नैतिकता को ताक पर रखकर ऑपरेशन सिंदूर की सफलता का श्रेय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को देने की हो में बहादुर सेना तथा हमले के पीड़ितों को अपमानित कर रहे हैं, लेकिन उन पर कोई कार्रवाई नहीं हो रही है, भाजपा नेता एक के बाद एक पहलगाम हमले के पीड़ितों और सेना के खिलाफ बदजुबानी कर रहे हैं, लेकिन श्री मोदी और भाजपा नेतृत्व उनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं कर रहा है, ऐसा लगता है कि शीर्ष नेतृत्व से आदेश पाकर वे जहां मौका मिले ऑपरेशन सिंदूर का श्रेय प्रधानमंत्री को दे रहे हैं, श्रेय देने की होड़ में भाजपा नेता संयम खोते हुए अपनी भाषा भूल गए और सेना का अपमान करने लगे।

**-अलका लांबा, अध्यक्ष, महिला कांग्रेस**

# हमारे बीच पहुंचे कोविड-19 के दो नए वेरिएंट्स





**एम. इमरान**

भारत में कोविड-19 के नए वेरिएंट्स NB.1.8.1 और LF.7 की पहचान एक महत्वपूर्ण चेतावनी के रूप में देखी जा रही है। कोविड-19 महामारी, जिसने 2020 में पूरी दुनिया को झकझोर कर रख दिया था, समय-समय पर अपने नए स्वरूपों में सामने आती रही है। यह वायरस निरंतर रूपांतरण (म्यूटेशन) के माध्यम से नए वेरिएंट्स उत्पन्न करता है जो कभी-कभी अधिक संक्रामक और खतरनाक बन सकते हैं। भारत सरकार के स्वास्थ्य विभाग और भारतीय सार्स-कोविड जीनोमिक्स कंसोर्टियम INSACOG के अनुसार, इन नए वेरिएंट्स पर निगरानी बढ़ा दी गई है और वैज्ञानिक समुदाय इनकी विशेषताओं को गहराई से समझने की कोशिश कर रहा है।

### NB.1.8.1

NB.1.8.1 वेरिएंट अप्रैल 2025 में तमिलनाडु में पहली बार पाया गया जबकि LF.7 वेरिएंट मई 2025 में गुजरात में चार लोगों में पाया गया। इन दोनों वेरिएंट्स को विश्व स्वास्थ्य संगठन ने Variants Under Monitoring की श्रेणी में रखा है, जिसका अर्थ है कि ये वेरिएंट्स कुछ विशेष गुणों के कारण निगरानी के योग्य हैं। इनमें ऐसे म्यूटेशन्स पाए गए हैं जो वायरस को शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली से बच निकलने में मदद कर सकते हैं, जिससे यह ज्यादा तेजी से फैल सकता है और टीकाकरण के प्रभाव को कम कर सकता है।

NB.1.8.1 वेरिएंट में A435S/ V445H और T478I जैसे म्यूटेशन्स पाए गए हैं जो वायरस के स्पाइक प्रोटीन को प्रभावित करते हैं। यह वही स्पाइक प्रोटीन है जो वायरस को मानव कोशिकाओं से जोड़ने और उनमें प्रवेश करने में सहायता करता है। अगर इस प्रोटीन में परिवर्तन होता है, तो वायरस अधिक संक्रामक हो सकता है और कुछ मामलों में यह प्रतिरक्षा प्रणाली द्वारा पहचाना नहीं जा सकता। इससे पहले ओमिक्रॉन और डेल्टा जैसे वेरिएंट्स में भी इसी प्रकार के म्यूटेशन्स देखे गए थे, जिससे इनकी संक्रामकता बढ़ गई थी।

### LF.7

LF.7 वेरिएंट की उत्पत्ति संभवत: ओमिक्रॉन परिवार से हुई है, जो पहले ही कई उपवेरिएंट्स उत्पन्न कर चुका है। LF.7 की विशेषताओं पर अब तक बहुत कम जानकारी उपलब्ध है, लेकिन विशेषज्ञों का मानना है कि यह भी तीव्र गति से फैल सकता है और लोगों को संक्रमित करने की क्षमता रखता है। इस वेरिएंट से संबंधित मामलों की संख्या अभी तक सीमित है, लेकिन इसे हल्के में नहीं लिया जाना चाहिए क्योंकि प्रारंभिक मामलों से ही महामारी की दूसरी लहरें शुरू हो चुकी हैं।

इन वेरिएंट्स के प्रसार की संभावना को देखते हुए हमें न केवल सतर्क रहने की आवश्यकता है, बल्कि अपने व्यक्तिगत और सामाजिक व्यवहार में भी सावधानी अपनानी होगी। टीकाकरण, स्वच्छता, मास्क पहनना, सामाजिक दूरी बनाए रखना और समय-समय पर जांच कराना ये सभी आवश्यक कदम हैं जो इस संक्रमण से बचने में मदद कर सकते हैं। आइए इन सभी उपायों को विस्तार से समझते हैं। सबसे पहले बात करें टीकाकरण की। आज भी टीकाकरण ही कोविड-19 के विरुद्ध सबसे प्रभावी हथियार है। भले ही नए वेरिएंट्स किसी हद तक प्रतिरक्षा प्रणाली को चकमा देने में सक्षम हों, लेकिन टीकाकरण से शरीर को गंभीर बीमारी से बचाव मिलता है। यह देखा गया है कि जिन लोगों को कोविड-19 के खिलाफ पूरी तरह से टीका लगाया गया है, उन्हें संक्रमित होने पर भी गंभीर लक्षण नहीं होते और अस्पताल में भर्ती होने की आवश्यकता नहीं पड़ती। यदि आप पात्र हैं और आपने बूस्टर डोज नहीं ली है, तो बिना देर किए बूस्टर डोज जरूर लें। दूसरा महत्वपूर्ण उपाय है मास्क का उपयोग। कई लोग अब यह सोचने लगे हैं कि महामारी खत्म हो चुकी है, लेकिन वायरस अभी भी हमारे बीच है और नए स्वरूपों में आ रहा है। विशेष रूप से बंद जगहों, बाजारों, भीड़-भाड़ वाले स्थानों और सार्वजनिक परिवहन में मास्क पहनना अत्यंत आवश्यक है। मास्क न केवल दूसरों को आपसे संभावित संक्रमण से बचाता है, बल्कि आपको भी संक्रमित हवा से बचाने में मदद करता है।

हाथों की स्वच्छता भी एक बुनियादी लेकिन अत्यंत प्रभावी उपाय है। वायरस हाथों के माध्यम से मुंह, नाक और आंखों तक पहुंच सकता है, जिससे संक्रमण की संभावना बढ़ जाती है। इसलिए दिन में कई बार साबुन और पानी से हाथ धोना या अल्कोहल-बेस्ड सैनिटाइजर का उपयोग करना आवश्यक है, खासकर जब आप बाहर से घर लौटते हैं, भोजन से पहले या किसी वस्तु को छूने के बाद। सामाजिक दूरी भी एक अहम भूमिका निभाती है। संक्रमण से बचने के लिए यह जरूरी है कि हम सार्वजनिक स्थानों पर लोगों से कम से कम छह फीट की दूरी बनाए रखें। यह विशेष रूप से तब और भी जरूरी हो जाता है जब आपको किसी के लक्षण जैसे कि खांसी, बुखार या गले में खराश नजर आएं। कई लोग लक्षणों के बावजूद बाहर निकलते हैं, जिससे संक्रमण फैलने का खतरा बढ़ जाता है।

स्वास्थ्य निगरानी या सेल्फ मॉनिटरिंग भी बेहद जरूरी है। अगर आपको कोविड-19 जैसे लक्षण महसूस होते हैं जैसे कि बुखार, थकान, गले में खराश, सिरदर्द, खांसी, सांस लेने में कठिनाई, या स्वाद और गंध का चला जाना . तो आपको तुरंत जांच करानी चाहिए और खुद को दूसरों से अलग कर लेना चाहिए। यदि जांच में संक्रमण की पुष्टि होती है, तो स्वास्थ्य विभाग द्वारा सुझाई गई होम आइसोलेशन की गाइडलाइंस का पालन करना चाहिए। इन सबके अलावा मानसिक रूप से जागरूक और सकारात्मक रहना भी अत्यंत आवश्यक है। महामारी के दौरान मानसिक स्वास्थ्य पर बहुत प्रभाव पड़ा है और नए वेरिएंट्स की खबरें फिर से चिंता पैदा कर सकती हैं। लेकिन यदि हम सतर्कता, सावधानी और विज्ञान पर विश्वास बनाए रखें, तो इन वेरिएंट्स का सामना बेहतर तरीके से कर सकते हैं।

सरकार और स्वास्थ्य एजेंसियां समय-समय पर दिशा-निर्देश और सलाह जारी करती रहती हैं। जनता का यह कर्तव्य बनता है कि वे इन निर्देशों का पालन करें और अफवाहों पर विश्वास न करें। सोशल मीडिया पर फैलाई जा रही असत्य खबरों से बचें और केवल विश्वसनीय स्रा. ेतों से ही जानकारी प्राप्त करें। आज की तारीख में वैज्ञानिक और चिकित्सक समुदाय ने कोविड-19 के खिलाफ काफी हद तक सफलता प्राप्त की है। उनके अथक प्रयासों के कारण ही हम आज इस महामारी को बेहतर तरीके से समझ पा रहे हैं और इससे निपटने के लिए आवश्यक कदम उठा पा रहे हैं, लेकिन यह लड़ाई अब भी पूरी नहीं हुई है। नए वेरिएंट्स, चाहे वे अभी कम प्रभावी दिखें, लेकिन समय के साथ उनके प्रभाव गंभीर हो सकते हैं। इसलिए जरूरी है कि हम सामूहिक रूप से जिम्मेदारी निभाएं और कोविड-19 की रोकथाम के लिए हरसंभव उपाय करें। यही समय है कि हम अपनी व्यक्तिगत और सामाजिक जिम्मेदारियों को समझें और सतर्कता के साथ आगे बढ़ें। यदि आप माता-पिता हैं, तो अपने बच्चों को भी टीकाकरण के लिए प्रोत्साहित करें और उन्हें स्वच्छता के नियमों के पालन की शिक्षा दें। यदि आप वरिष्ठ नागरिकों के साथ रहते हैं, तो उन्हें अतिरिक्त देखभाल की आवश्यकता होती है क्योंकि ये नए वेरिएंट्स बुजुर्गों को अधिक प्रभावित कर सकते हैं। वहीं जो लोग पहले से किसी बीमारी से ग्रसित हैं जैसे कि मधुमेह, उच्च रक्तचाप, अस्थमा या हृदय रोग, उन्हें और अधिक सतर्क रहने की आवश्यकता है।

कोविड-19 से संबंधित किसी भी लक्षण को नजर. अंदाज न करें। संक्रमण का समय रहते पता चलना और इलाज शुरू करना ही आगे की जटिलताओं से बचने का सबसे बड़ा उपाय है। यदि आपको कोविड-19 की पुष्टि होती है तो स्वयं को आइसोलेट करें और अपने संपर्क में आए लोगों को सूचित करें ताकि वे भी सतर्क हो सकें।

# रोज खाली पेट पिएं भीगे मुनक्के का पानी

**इसके अलावा मुनक्का एनीमिया से छुटकारा भी दिलाता है। इसमें भरपूर मात्रा में आयरन, फोलेट और विटामिन बी होता है, जो हीमोग्लोबिन बढ़ाने में मदद करता है और खून की कमी को दूर करता है। मुनक्का एक ऐसा सूपरफूड है, जो कब्ज से राहत दिलाने में मदद करता है, फाइबर से भरपूर मुनक्का पाचन तंत्र को मजबूत करता है।**

रोज सुबह खाली पेट भीगे मुनक्के का पानी पीना सेहत के लिए बहुत फायदेमंद माना जाता है। यहां जानिए मुनक्के का पानी किन 5 बड़ी बीमारियों में राहत देने में मददगार हो सकता है। सुबह की शुरुआत अगर सेहतमंद तरीके से की जाए तो पूरा दिन अच्छा गुजरता है। आयुर्वेद में कुछ ऐसे घरेलू उपाय बताए गए हैं जो रोजाना की छोटी-छोटी दिक्कतों को जड़ से दूर कर सकते हैं। इन्हीं में से एक है मुनक्के का पानी। रोज सुबह खाली पेट भीगे मुनक्के का पानी ढ्ढडनदां ॅजमतत्रः पीना कई बीमारियों से बचाव में मददगार माना जाता है। आइए जानते हैं मुनक्के का पानी पीने से किन 5 बड़ी हेल्थ प्रॉब्लम्स में राहत मिल सकती है।



### 1. पेट की समस्याएं होती हैं दूर

आजकल की खराब लाइफस्टाइल और खानपान की वजह से कब्ज, गैस और एसिडिटी जैसी दिक्कतें आम हो गई हैं। मुनक्का फाइबर से भरपूर होता है जो पाचन तंत्र को दुरुस्त रखने में मदद करता है। अगर आप रोज सुबह खाली पेट मुनक्के का पानी पीते हैं तो पेट साफ रहता है और कब्ज से राहत मिलती है।

### 2. खून की कमी होगी दूर

अगर शरीर में खून की कमी यानी एनीमिया है तो मुनक्का आपके लिए बहुत फायदेमंद हो सकता है। इसमें आयरन, कॉपर और विटामिन ठ-कॉम्प्लेक्स होता है जो रेड ब्लड सेल्स बढ़ाने में मदद करता है। नियमित रूप से मुनक्के का पानी पीने से शरीर में खून की मात्रा बढ़ती है और कमजोरी दूर होती है।

### 3. दिल रहेगा हेल्थी

मुनक्का हार्ट के लिए भी बहुत अच्छा माना जाता है। इसमें पोटैशियम और एंटीऑक्सीडेंट्स होते हैं, जो ब्लड प्रेशर को कंट्रोल में रखते हैं और कोलेस्ट्रॉल कम करते हैं। इससे दिल की बीमारियों का खतरा कम होता है। अगर आप दिल की सेहत को लेकर सजग हैं तो मुनक्के का पानी आजमा सकते हैं।

### 4. इम्युनिटी बढ़ाने में मददगार

मौसम बदलते ही अगर आपको बार-बार सर्दी-जुकाम हो जाता है तो आपकी इम्युनिटी कमजोर हो सकती है। मुनक्का शरीर की रोग-प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने में मदद करता है। इसमें नैचुरल शुगर और एंटी-बैक्टीरियल गुण होते हैं जो शरीर को वायरस और बैक्टीरिया से लड़ने की ताकत देते हैं।

### 5. ब्लड शुगर रहता है कंट्रोल

भले ही मुनक्का मीठा होता है, लेकिन इसमें जो मिठास होती है वो धीरे-धीरे पचती है। इससे शुगर तेजी से नहीं बढ़ता। डायबिटीज के मरीज भी डॉक्टर से पूछकर थोड़ी मात्रा में इसे ले सकते हैं। इससे एनर्जी भी मिलती है और शुगर भी कंट्रोल में रहता है।

### सेवन

रात को 7-8 मुनक्के को एक ग्लास पानी में भिगो दें। सुबह छानकर पी लें और चाहें तो मुनक्के को चबा भी सकते हैं। इसे रोजाना करने से कुछ ही दिनों में असर दिखने लगेगा।

# देश की राजनीति में अपशब्दों का बढ़ता प्रचलन!



**विनीत नारायण**

भारत, जिसे दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र कहा जाता है, एक ऐसा देश है जहां विविधता उसकी ताकत और चुनौती दोनों है। यहां की राजनीति में विभिन्न दलों के राजनेता अपने विचारों, नीतियों और नेतृत्व के माध्यम से जनता का विश्वास जीतने का प्रयास करते हैं, लेकिन हाल के वर्षों में, भारतीय राजनीति में अपशब्दों और गैर-जिम्मेदाराना बयानों का बढ़ता उपयोग एक गंभीर मुद्दा बन गया है। यह न केवल सार्वजनिक विमर्श के स्तर को नीचे लाता है, बल्कि यह लोकतंत्र के मूल सिद्धांतों, जैसे स्वतंत्रता, समानता, सम्मान और संवादके खिलाफ भी है। भारतीय राजनीति में अपशब्दों का प्रयोग पहले कतई नहीं होता था, लेकिन हाल के दशकों में इसकी तीव्रता और आवृत्ति में चिंताजनक वृद्धि हुई है। विभिन्न दलों के राजनेता, चाहे वे सत्ताधारी हों या विपक्षी, अक्सर एक-दूसरे पर निजी हमले करने, अपमानजनक टिप्पणियां करने और समाज को विभाजित करने वाले बयान देने में संकोच नहीं करते। उदाहरण के लिए, कुछ राजनेताओं ने अपने विरोधियों को नीच, मवाली, गद्दार, जैसे शब्दों से संबोधित किया है। ऐसे बयानों का उद्देश्य अक्सर अपने समर्थकों को उत्तेजित करना और विपक्ष को कमजोर करना होता है। लेकिन यह लोकतांत्रिक मर्यादाओं को तोड़ता है। 2017 में, एक सांसद ने एक धार्मिक आयोजन में जनसंख्या वृद्धि के लिए एक विशेष समुदाय को जिम्मेदार ठहराते हुए कहा, देश में समस्याएं खड़ी हो रही हैं जनसंख्या के कारण। इसके लिए हिंदू जिम्मेदार नहीं हैं। जिम्मेदार तो वो हैं जो चार बीवियों और चालीस बच्चों की बात करते हैं। इस तरह के बयान न केवल सांप्रदायिक तनाव को बढ़ावा देते हैं, बल्कि समाज में विभाजन को और गहरा करते हैं। बढ़ती जनसंख्या चिंता का विषय है पर उस पर प्रहार जनसंख्या नियंत्रण की नीति बना कर किया जाना चाहिए न कि केवल भड़काऊ बयान देकर। लोकतंत्र का गुण यह है कि ए जनता की भागीदारी, स्वतंत्र अभिव्यक्ति और विचारों के खुले आदान-प्रदान का मौका देता है। भारत का संविधान, विशेष रूप से अनुच्छेद 19, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की गारंटी देता है। लेकिन इसके साथ ही यह अपेक्षा भी करता है कि यह स्वतंत्रता जिम्मेदारी के साथ प्रयोग की जाए। जब राजनेता अपशब्दों और गैर-जिम्मेदाराना बयानों का सहारा लेते हैं, तो वे लोकतंत्र के सिद्धांतों का उल्लंघन करते हैं। जब राजनेता नीतियों और विचारों के बजाय व्यक्तिगत हमलों और अपशब्दों का प्रयोग करते हैं, तो यह विमर्श का स्तर गिराता है। सार्वजनिक जीवन में हमें एक-दूसरे की नीयत पर भरोसा करना चाहिए, हमारी आलोचना नीतियों पर आधारित होनी चाहिए, व्यक्तित्व पर नहीं। आज के काफी राजनेताओं का व्यवहार इस सिद्धांत के विपरीत हो रहा है। गत दस वर्षों से मुसलमानों के लेकर कार्यकर्ताओं और नेतृत्व के लगातार आने वाले विरोधी बयानों ने देश में भ्रम की स्थिति पैदा कर दी। उदाहरण के लिए, एकमहिला नेता ने 2014 में एक सभा में लोगों को हरामजादोंह्न और हहरामजादोंह्न में बांटने की बात कही। दूसरी तरफ सरसंघचालक डॉ मोहन भागवत कहते हैं कि 'हिंदू और मुसलमानों का डीएनए एक है, या मुसलमानों के बिना हिंदुत्व नहीं हैं।' ऐसे विरोधाभासी बयानों से समाज में वैमनस्य और भ्रम की स्थिति फैलती है। जब राजनेता गैर-जिम्मेदाराना बयान देते हैं, तो यह लोकतांत्रिक संस्थाओं, जैसे संसद और न्यायपालिका, के प्रति जनता के विश्वास को कम करता है। उदाहरण के लिए, 2024 में एक सांसद ने भाजपा पर संविधान को हजार घावों से खून बहाने का आरोप लगाया, जबकि भाजपा नेताओं ने विपक्षी नेताओं पर संविधान का अपमान करने का आरोप लगाया। इस तरह के आपसी आरोप-प्रत्यारोप संसद जैसे मंच की गरिमा को कम करते हैं। अपशब्दों और गैर-जिम्मेदाराना बयानों का उपयोग अक्सर असहमति को दबाने के लिए किया जाता है। पत्रकारों और आलोचकों को प्रेस्टीट्यूट जैसे शब्दों से संबोधित करना या उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई करना अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को सीमित करता है। यह लोकतंत्र के लिए खतरा है, क्योंकि असहमति और आलोचना लोकतंत्र के आधार हैं। राजनेताओं के अपशब्द और गैर-जिम्मेदाराना बयान समाज पर गहरा प्रभाव डालते हैं। यह बयान न केवल जनता के बीच नकारात्मक भावनाओं को भड़काते हैं, बल्कि सामाजिक समरसता को भी नुकसान पहुंचाते हैं। सोशल मीडिया के युग में, जहां ए बयान तेजी से वायरल होते हैं, इनका प्रभाव और भी व्यापक हो जाता है। इससे न केवल राजनीतिक तनाव बढ़ता है, बल्कि सामाजिक ध्रुवीकरण भी होता है। इसके अलावा, जब राजनेता लैंगिक, धार्मिक या जातीय आधार पर अपमानजनक टिप्पणियां करते हैं, तो यह समाज के कमजोर वर्गों, जैसे महिलाओं, अल्पसंख्यकों और दलितोंके प्रति असंवेदनशीलता को बढ़ावा देता है। उदाहरण के लिए, 2013 में एक नेता ने अपनी ही पार्टी की सांसद को सौ टंच माल कहकर संबोधित किया, जो न केवल अपमानजनक था, बल्कि लैंगिक रूप से असंवेदनशील भी था। इस समस्या से निपटने के लिए कई कदम उठाए जा सकते हैं। चुनाव आयोग को राजनेताओं के अपशब्दों और गैर-जिम्मेदाराना बयानों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करनी चाहिए। 2019 में, चुनाव आयोग ने कुछ नेताओं को नोटिस जारी किए थे, लेकिन ऐसी कार्रवाइयों को और प्रभावी करने की आवश्यकता है।मीडिया को भी गैर-जिम्मेदाराना बयानों को बढ़ावा देने के बजाय, स्वस्थ विमर्श को प्रोत्साहित करना चाहिए। सोशल मीडिया पर भी ऐसी सामग्री को नियंत्रित करने के लिए नीतियां बनानी चाहिए। जनता को जागरूक करने की आवश्यकता है कि वे ऐसे नेताओं का समर्थन न करें जो अपशब्दों और विभाजनकारी बयानों का सहारा लेते हैं। शिक्षा और जागरूकता अभियान इस दिशा में मदद कर सकते हैं।राजनेताओं को अपने बयानों के लिए जवाब. देह ठहराया जाना चाहिए। संसद और विधानसभाओं में आचार समितियों को और सक्रिय करना होगा। जब से संसद की कार्यवाही का सीधा प्रसारण टीवी पर होना शुरू हुआ है, तब से देश के कोने-कोने में बैठे आम जन अपने राजनेताओं का आचरण देख कर उनके प्रति हेय.ष्टि अपनाने लगे हैं। युवा पीढ़ी पर तो इसका बहुत ही खराब असर पड़ रहा है। भगवान कृष्ण भगवद गीता में कहते हैं कि बड़े लोग जैसा आचरण करते हैं तो समाज उनका वैसे ही अनुसरण करता है। नेताओं के उद्दंड व्यवहार से समाज में अराजकता और हिंसा बढ़ रही है जो सबके लिए चिंता का विषय होना चाहिए।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)



# टैरिफ-जाल के सहारे ट्रम्प की भारत पर नजर

## अमेरिका की नौ बड़ी कंपनियां 80% प्रोडक्ट बाहर बना रहीं

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प भले ही एपल को भारत में स्मार्टफोन न बनाने के लिए धमका रहे हों, लेकिन खुद यूएस डिपार्टमेंट आफ कामर्स की रिपोर्ट बताती है कि अमेरिका हर साल 425 लाख करोड़ रुपये के उत्पाद और सेवाएं (भारत की जीडीपी से 32 प्रतिशत ज्यादा) दुनिया से आयात करता है। 9 बड़ी अमेरिकी कंपनियां अपने 80प्रतिशत उत्पाद दूसरे देशों में बनाती या खरीदती हैं।

2002 में 77 प्रतिशतअमेरिकी मेड इन यूएसए प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करते थे। 2023 में यह संख्या घटकर सिर्फ 46 प्रतिशत रह गई है। अमेरिका में 90 प्रतिशत इलेक्ट्रिक सामान, 50 प्रतिशत दवाएं, 75 प्रतिशत कपड़े, 60 प्रतिशत घरेलू सामान बाहर से आ रहे हैं। सरकार न



**अमेरिका में 90% प्रतिशत इलेक्ट्रिक सामान, 50% दवाएं, 75 फीसद कपड़े, 60 फीसद घरेलू सामान बाहर से आ रहे**

कोविड के बाद अमेरिका ने देसी मैन्युफैक्चरिंग पर जोर दिया। 300 कंपनियां इसमें शामिल हुईं, लेकिन अमेरिका में 3207 रुपये/घंटे की मजदूरी के चलते वे उत्पादन शुरू नहीं कर पाईं। चीन में यह 116 रुपये है। कोविड के बाद के दो साल में अमेरिका की इंपोर्टेड प्रोडक्ट्स पर निर्भरता 34 प्रतिशत से 52 प्रतिशत हो गई है। एपल पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाने की धमकी दे रहे अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प दक्षिण कोरियाई स्मार्टफोन मैन्युफैक्चरर्स सैमसंग पर भी एक्शन ल

**कोविड के बाद के दो साल में अमेरिका की इंपोर्टेड प्रोडक्ट्स पर निर्भरता 34% से 52% हो गई है**

सकते हैं। ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट बताती है कि सैंमसंग पर भी टैरिफ की तलवार लटकी है, क्योंकि ट्रम्प ने कहा कि टैरिफ उन सभी कंपनियों पर लागू होगा, जो अमेरिका से बाहर अपने उत्पाद बना रही हैं। भारत के कुल स्मार्टफोन फोन निर्यात में एपल और सैमसंग का योगदान 94 प्रतिशत है। 2024 में इसमें 6 प्रतिशत की बढ़ोतरी भी इन्हीं दो कंपनियों की वजह से हुई। सैमसंग भारत में 6 करोड़ स्मार्टफोन हर साल बना रही है। भारत में अगले साल तक सैमसंग 9.3 करोड़ फोन बनाने लगेगी। अमेरिका दुनियाभर से सामान ले रहा, लेकिन दिक्कत सिर्फ भारत से है।

### निम्न अमेरिकी कंपनियों की विस्तृत रिपोर्ट

**1 एपल:**

29 लाख करोड़ रुपये के उत्पाद अमेरिका से बाहर बनाता है। इसमें 1.87 लाख करोड़ का उत्पादन भारत में है। वह अपने 80 प्रतिशत आईफोन, 55 प्रतिशत आईपेड और 80 प्रतिशत मैकबुक चीन में बनाता है। वियतनाम में 65 प्रतिशत एयरपोड और 90प्रतिशत एपल वाच बनाता है। ताइवान में हिस्सेदारी 2 से 5 प्रतिशत तो ब्राजील और थाईलैंड में 1-1 प्रतिशत है। अमेरिका में सिर्फ मैक प्रो, एआई सर्वर चिप कंपोनेंट ही बनाता है।

**2 गूगल:**

60 से 70 प्रतिशत फोन चीन, 20 से 30 प्रतिशत वियतनाम और 10 प्रतिशत भारत में बनाती है। अमेरिका में एक फोन नहीं बनाती। सालाना बाहरी उत्पादन 44 हजार करोड़ रुपये है।

**3 टेस्ला:**

55 प्रतिशत उत्पाद चीन, 10 प्रतिशत जर्मनी, शेष 35 प्रतिशत अमेरिका में बनाती है। कंपनी आने वाले दिनों में भारत में उत्पादन करना चाहती है। टेस्ला के राजस्व में बाहर से बने उत्पादों की हिस्सेदारी 4.25 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा है।

**4 ऐनवीडिया:**

चिप मेकर। 60-70 प्रतिशत जीपीयू, टेंसर चिप और टेग्रा एसओसी चीन और ताइवान में बनाती है। महज 5-10 प्रतिशत उत्पाद ही अमेरिका और इतना ही दक्षिण कोरिया में उत्पादन है। इसका सालाना 10.20 लाख करोड़ रुपये का उत्पादन अमेरिका से बाहर का है।

**5 नाइकी:**

इसका 50 प्रतिशत उत्पादन वियतनाम, 20 प्रतिशत चीन, 20 प्रतिशत इंडोनेशिया, 5-10 प्रतिश तथाईलैंड, 1-5 प्रतिशत अमेरिका में है। 4.33 लाख करोड़ का उत्पादन बाहर करती है।

**6 जानसन एंड जानसन:**

फार्मा और कंज्यूमर हेल्थ प्रोडक्ट बनाने वाली कंपनी अपने 40 प्रतिशत उत्पाद ही अमेरिका में बनाती है। शेष 30 प्रतिशत यूरोप 15 प्रतिशत चीन और 10 प्रतिशत भारत में बनाती है। बाहर बने उत्पादों का मूल्य 3.23 लाख करोड़ रुपये है।

**7 प्राक्टर एंड गेंबल:**

उपभोक्ता उत्पाद बनाने वाली यह कंपनी 40 प्रतिशत उत्पाद अमेरिका, 15 प्रतिशत चीन, 15 प्रतिशत यूरोप और 5-10 प्रतिशत उत्पाद फीलीपींस, थाईलैंड और भारत में बनाती है।

# ट्रम्प ने रूस पर मिसाइल तकनीक चोरी का जड़ा इल्जाम

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने रूस पर अमेरिका की हाइपरसोनिक मिसाइल टेक्नोलाजी को चुराने का आरोप लगाया। ट्रम्प ने कहा कि हाइपरसोनिक तकनीक को हमने डिजाइन किया है। उन्होंने दावा किया कि ओबामा के राष्ट्रपति रहते रूस ने इस चोरी को अंजाम दिया। ट्रम्प शनिवार को यूएस मिलिट्री एकेडमी, वेस्ट पाइंट के दीक्षांत समारोह में शामिल होने पहुंचे थे। उन्होंने एकेडमी से पासअकिमीट हुए 1000 कैडेट को संबोधित भी किया।

मेरे सामने मैदान में मौजूद हर कैडेट को आज की सुबह का आनंद लेना चाहिए, क्योंकि यह एक ऐसा दिन है जिसे आप कभी नहीं भूलेंगे। थोड़ी देर बाद आप मानव इतिहास की सबसे प्रतिष्ठित सैन्य अकादमी से पासअकिमीट होंगे और दुनिया की अब तक की सबसे महान और सबसे शक्तिशाली सेना में अधिकारी बनेंगे। इस दौरान ट्रम्प ने यह भी बताया कि 8 कैडेट ने हाइपरसोनिक मिसाइल को बनाने का चैलेंज लिया है, जिनका इस्तेमाल अमेरिका कर सकता है। ट्रम्प ने सेना में ट्रांसजेंडर की भर्ती पर लगाए गए बैन को सही ठहराते हुए बचाव भी किया। ट्रम्प ने सभी कैडेट को बधाई देते हुए उन्हें विजेता बताया। पासअकिमीट होने वाले इन कैडेट में 250 महिला

**आरोप: ओबामा के राष्ट्रपति रहते ऐसा हुआ, सेना में ट्रांसजेंडर्स की भर्ती बैन करने को सही ठहराया**
**ट्रम्प ने सभी कैडेट को बधाई देते हुए उन्हें विजेता बताया**

कैडेट भी शामिल थीं। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प मिलिट्री हेलिकाप्टर से एकेडमी पहुंचे। ट्रम्प ने भाषण के दौरान ट्रांसजेंडर व्यक्तियों को सेना में सेवा देने से बैन करने पर अपने प्रशासन की तारीफ भी की। उन्होंने कहा कि हमने अपने सैनिकों को विभाजनकारी ट्रेनिंग से आजाद कर दिया है। अब हमारे देश में क्रिटिकल रेस थ्योरी या ट्रांसजेंडर फार एवरीबाडी को महिला या पुरुष सैनिकों पर थोपा नहीं जाएगा। राष्ट्रपति ट्रम्प ने 27 जनवरी को एक कार्यकारी आदेश के जरिए अमेरिकी सेना में ट्रांसजेंडर व्यक्तियों की भर्ती और सेवा पर प्रतिबंध लगा दिया। इस आदेश में कहा गया कि सेना में जेंडर के होने से अनुशासन, एकजुटता पर असर पड़ता है। फिलहाल ट्रांसजेंडर को नौकरी से निकालने का मामला अभी कोर्ट में है। अगले महीने इस पर फैसला आ सकता है। अमेरिकी सेना में लगभग 21 लाख सक्रिय सैनिक हैं।

# शांति और सद्भाव में विश्वास करता है भारत: रविशंकर प्रसाद

**नई दिल्ली/श्रीनगर।** ऑपरेशन सिंदूर और पहलगाम आतंकी हमले पर पाकिस्तान की सच्चाई बताने के लिए भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद के नेतृत्व वाला डेलीगेशन भारत से रवाना हो गया है।

ये डेलीगेशन 25 मई से 7 जून तक यूरोप के छह देशों- फ्रांस, इटली, डेनमार्क, इंग्लैंड, बेल्जियम और जर्मनी का दौरा करेगा। रवाना होने से पहले रविशंकर ने कहा कि हम दुनिया को साफ-साफ बताएंगे कि भारत शांति और सद्भाव में विश्वास करता है, लेकिन अगर निर्दोष भारतीयों पर बर्बर हमला होता है तो उसका जवाब जरूर दिया

**लेकिन अगर हमारी माताओं- बहनों का सिंदूर उजाड़ा, तो ऑपरेशन सिंदूर से जवाब मिलेगा**

जाएगा। अगर हमारी बहनों-बेटियों का सिंदूर कोई उजाड़ेगा तो उसे ऑपरेशन सिंदूर के जरिए जवाब देंगे। उन्होंने कहा कि हम दुनिया को बताएंगे कि आतंकवाद एक वैश्विक कैंसर है और इसका केंद्र पाकिस्तान है। हम ये भी बताएंगे कि इस आतंकवाद के खिलाफ दुनिया को एकजुट होकर एक ही आवाज में बोलने की जरूरत है। डेलीगेशन में शामिल शिवसेना (यूबीटी) सांसद प्रियंका चतुर्वेदी ने कहा, हमारा संदेश बहुत स्पष्ट है। पाकिस्तान आज 'आतंकिस्तान' बन गया है। सभी आतंकवादियों की जड़ें पाकिस्तान में पाई जाती हैं। आतंकवाद के प्रति जीरो टालरेंस का हमारा संकल्प पाकिस्तान को कमजोर करेगा और उसके 'आतंकवाद' को खत्म करेगा। ऑपरेशन सिंदूर की जानकारी देने के लिए भारत से सभी 7 डेलीगेशन रवाना हो गए हैं। इनमें से 6 डेलिगेशन अपने-अपने निर्धारित देश पहुंच गए हैं। दो डेलीगेशन 21 मई को, एक 22 मई को, तीन 24 मई को और एक डेलीगेशन 25 मई को विदेश रवाना हुआ।

# डैनियल नोबोआ ने इक्वाडोर के राष्ट्रपति के रूप में ली शपथ

**क्विटो।** इक्वाडोर के राष्ट्रपति डैनियल नोबोआ ने शनिवार को क्विटो में नेशनल असेंबली में एक समारोह के दौरान अपने पहले पूर्ण कार्यकाल के लिए शपथ ली। अप्रैल में फिर से चुनाव जीतने वाले 37 वर्षीय व्यवसाई, जिन्होंने ने 2023 के अंत में स्नैप चुनाव जीतने के बाद अभी-अभी अपना 18 महीने का प्रारंभिक कार्यकाल पूरा किया था। उनका नया कार्यकाल 2029 तक चलेगा। नोबोआ ने शासन में एक नया दृष्टिकोण लाने का संकल्प लिया। उन्होंने कहा कि हम चक्रों को तोड़ने आए हैं। उन्होंने स्थाई परिवर्तन की आवश्यकता पर भी जोर दिया।

# इजरायल का कहर जारी: नौ बच्चों की मौत

## इजरायल के युद्ध में अब तक कम से कम 53901 फलस्तीनी मारे गए और 122,593 घायल हुए

**खान यूनिस।** गाजा में एक डॉक्टर के घर पर हुए इजरायली हवाई हमले में उसके दस बच्चों में से नौ की मौत हो गई है। नासेर अस्पताल के एक डॉक्टर के अनुसार, डॉ. अला अल-नज्जर का एक बच्चा और उनके पति घायल हो गए, लेकिन बच गए। अस्पताल में काम करने वाले ब्रिटिश सर्जन ग्रीम ग्रूम ने जीवित बचे 11 वर्षीय बच्चे का ऑपरेशन किया।

उन्होंने बीबीसी को बताया कि यह 'असहनीय रूप से क्रूर' है कि उनकी मां जिन्होंने बाल रोग विशेषज्ञ के रूप में बच्चों की देखभाल में कई साल बिताए एक ही मिसाइल हमले में अपने लगभग सभी बच्चों को खो सकती हैं। अल जजीरा की रिपोर्ट के अनुसार इजरायल की सेना ने कहा कि वह 'गैर-संलग्न नागरिकों को

**अस्पताल में काम करने वाले ब्रिटिश सर्जन ग्रीम ग्रूम ने जीवित बचे 11 वर्षीय बच्चे का ऑपरेशन किया**

नुकसान पहुंचाने के दावे की समीक्षा कर रही है।' इजरायली सेना ने कहा कि उसके विमान ने शुक्रवार को खान यूनिस में कई संदिग्धों पर हमला किया था। हमास द्वारा संचालित स्वास्थ्य मंत्रालय के निदेशक द्वारा साझा किए गए एक वायरल वीडियो में खान यूनिस में हमले के मलबे से छोटे जले हुए शवों को उठाया गया था। इजरायल रक्षा बलों (आईडीएफ) ने कहा कि उसके 'विमान ने कई संदिग्धों पर हमला किया, जिनकी पहचान खान यूनिस के क्षेत्र में आईडीएफ सैनिकों के बगल में एक संरचना से संचालन करते हुए की गई थी।' आईडीएफ ने कहा, ''खान यूनिस क्षेत्र एक खतरनाक युद्ध क्षेत्र है। वहां अभियान शुरू करने से पहले आईडीएफ ने अपनी सुरक्षा के लिए इस क्षेत्र से नागरिकों को निकाला। स्वास्थ्य मंत्रालय के निदेशक डॉ. मुनीर अलबोर्श ने 'एक्स' पर कहा कि डॉ. अल-नज्जर के पति हम्दी के अपनी पत्नी को काम पर ले जाने के बाद घर लौटने के कुछ ही मिनटों बाद अल-नज्जर के घर पर हमला किया गया। डॉ. ग्रूम ने कहा कि बच्चों के पिता बहुत बुरी तरह से घायल हो गए, उनके 'सिर में गहरी चोट' आई। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार गाजा पर इजरायल के युद्ध में कम से कम 53,901 फलस्तीनी मारे गए और 122,593 घायल हुए। अल जजीरा की रिपोर्ट के अनुसार हालांकि सरकारी मीडिया कार्यालय ने मृतकों की संख्या 61,700 से अधिक बताई।

# पाकिस्तान में आंधी-तूफान से 19 लोगों की मौत, 90 घायल

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्वी पंजाब प्रांत में शनिवार को आंधी-तूफान और ओलावृष्टि के कारण कम से कम19 लोगों की मौत हो गई और 90 अन्य घायल हो गए। खराब मौसम की वजह से कई जिलों में भारी बारिश हुई और तेज हवाएं चलीं जिससे व्यापक स्तर पर जानमाल का नुकसान हुआ।

एक आधिकारिक बयान में रविवार को यह जानकारी दी गई। प्रांतीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (पीडीएमए) द्वारा जारी बयान में कहा गया है कि प्रांत के कई जिलों में मुख्य रूप से मकान ढहने और पेड़ गिरने से मौतें हुईं। तूफान और वर्षा के कारण कई स्थानों पर मिट्टी के मकान और कमजोर इमारतें गिर गईं। स्थानीय रिपोर्टों के अनुसार तूफान में पेड़ गिरने, बिलबोर्ड उखड़ने और सौर पैनलों को नुकसान पहुंचने की घटनाएं भी व्यापक रूप से हुई जिससे बड़ी संख्या में लोग मारे गये और घायल हुए। पूरे प्रांत में यातायात काफी प्रभावित हुआ। मोटरवे पुलिस ने खराब दृश्यता और तूफान के कारण सड़क मार्ग को कई स्थानों पर बंद कर

**खराब दृश्यता और तूफान के कारण सड़क मार्ग को कई स्थानों पर बंद कर दिया था**

दिया था। प्रांत की राजधानी लाहौर में भी उड़ान संचालन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। परेशान और घबराए हुए यात्रियों का एक वीडियो सोशल मीडिया पर देखा गया। कराची से लाहौर जाने वाली एक निजी एयरलाइन की उड़ान को अल्लामा इकबाल अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतरने का प्रयास करते समय बड़ी समस्या का सामना करना पड़ा। विमानन सूत्रों ने बताया कि पायलट ने अशांत मौसम को देखते हुए लैंडिग को रोक दिया और हवाई यातायात नियंत्रण के निर्देशों के बाद विमान को सुरक्षित रूप से कराची वापस कर दिया। सूत्रों ने कहा कि हवाई यातायात नियंत्रण से निर्देश प्राप्त करने के बाद विमान सुरक्षित रूप से कराची के दक्षिणी बंदरगाह शहर में लौट आया, जबकि कई अन्य उड़ानें भी तेज हवाओं के कारण विलंबित हुईं।



**गुरुग्राम। भारी बारिश के बाद दिल्ली-गुरुग्राम एक्सप्रेस-वे पर जलभराव वाले रोड पर चलते वाहन।**

# मुनीर ने फील्ड मार्शल बनने पर डिनर दिया

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के आर्मी चीफ आसिम मुनीर ने फील्ड मार्शल का पद मिलने के बाद शनिवार रात डिनर का आयोजन किया। इस डिनर में राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी और पीएम शहबाज शरीफ भी शामिल हुए। पीपुल्स पार्टी के लीडर और पूर्व विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो भी डिनर में शामिल होने पहुंचे। मुनीर ने भारत के साथ संघर्ष के दौरान तेजी से फैसले लेने के लिए पाकिस्तान की पालिटिकल लीडरशिप को शुक्रिया कहा है।

डिनर में पाकिस्तान की सीनेट के अध्यक्ष, नेशनल असेंबली के अध्यक्ष, केंद्रीय मंत्री,

**पीएम शहबाज और राष्ट्रपति जरदारी पहुंचे और पूर्व विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो भी शामिल हुए**

राज्यपाल, मुख्यमंत्री, जाइंट चीफ आफ स्टाफ कमेटी के अध्यक्ष, वायु सेना प्रमुख, नौसेना प्रमुख, तीनों सेनाओं के वरिष्ठ अधिकारी और प्रमुख राजनीतिक दलों के सीनियर लीडर शामिल थे। प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ आज से तुर्की, ईरान, अजरबैजान और ताजिकिस्तान देशों के दौरे पर जाएंगे। यहां पर भारत के साथ हुए तनाव को लेकर पाकिस्तान के पक्ष रखेंगे।

# अफगानिस्तान में बारूदी सुरंगों से गई 200 लोगों की जान

**काबुल।** अफगानिस्तान में दशकों तक चले संघर्षों के बाद, अब भी ज़मीन में दबे बारूदी सुरंगों से जान जाने का खतरा बना हुआ है। इन्हीं सुरंगों के कारण परवान प्रांत के कोह सफी जिले के एक गांव में तीन दशकों में अब तक करीब 200 लोगों की जान जाने की खबर है। अफगानिस्तान के दूरस्थ गांव जौज़ाक में आज भी ज़मीन में दबे बारूदी सुरंगों का खतरा बना हुआ है। यहां करीब एक हजार परिवार रहते हैं। टोलो न्यूज़ को स्थानीय निवासी मोहसिन खान ने बताया कि पिछले 30 वर्षों में बारूदी सुरंगों ने लगभग 200 लोगों की जान ले ली है और कई लोग घायल भी हुए हैं। एक अन्य ग्रामीण उमर गुल ने कहा कि जहां भी जाओ, हर पहाड़ी और खेत में बारूदी सुरंगें बिछी हैं।

# ऑपरेशन सिंदूर से खौफ के साये में पाक

## चीन की सहायता से कर रहा अपने परमाणु शस्त्रागार का आधुनिकीकरण

**वाशिंगटन।** पहलगाम हमले के बाद भारत के आपरेशन सिंदूर से पाकिस्तान अब तक खौफ में है। उसे अपनी स्थिति का अंदाजा हो गया है, इसीलिए वह चीन की मदद लेकर अपने परमाणु शस्त्रागार को विकसित कर रहा है। ऐसा दावा अमेरिका ने अपनी एक रिपोर्ट में किया है। अमेरिकी रक्षा खुफिया एजेंसी द्वारा रविवार को जारी 'विश्व खतरा आकलन रिपोर्ट 2025' में पाकिस्तान को लेकर कई दावे किए हैं।

इसमें कहा गया है कि पाकिस्तान चीन से सैन्य और आर्थिक सहायता लेकर अपने परमाणु शस्त्रागार का आधुनिकीकरण कर रहा है। इतना ही नहीं, इसमें यह भी कहा गया है कि वह भारत को अपने अस्तित्व के लिए खतरा मानता है। बता दें कि अमेरिकी खुफिया एजेंसी द्वारा

**अमेरिकी रक्षा खुफिया एजेंसी ने रिपोर्ट मं 2024 में पाकिस्तान को लेकर कई दावे किए**

जारी की गई यह रिपोर्ट अमेरिकी प्रतिनिधि सभा की सशस्त्र सेवा उपसमिति के लिए बनाई गई है। 'विश्व खतरा आकलन रिपोर्ट 2025' में पाकिस्तान की सेना उसके सैन्य अभियानों और परमाणु हथियारों के बारे में विस्तार के जानकारी दी गई है। इसमें दावा किया गया है कि आने वाले साल में पाकिस्तान की शीर्ष प्राथमिकता सैन्य ढांचे को विकसित और मजबूत करने के साथ ही क्षेत्रीय पड़ोसियों के साथ सीमा पार होने वाली झड़पें और अपने परमाणु शस्त्रागार का निरंतर आधुनिकीकरण शामिल होगा। अमेरिकी रिपोर्ट में कहा गया है कि पाकिस्तान भारत को अपने अस्तित्व के लिए सबसे बड़ा खतरा मानता है। ऐसे में वह भारत की सैन्य ताकत का मुकाबला करने के लिए खुद को और अपनी सेना को विकसित कर रहा है। वहीं, वह अपने परमाणु हथियारों सहित उनकी सुरक्षा और कमान प्रणाली को भी विकसित और आधुनिक प्रौद्योगिकी से लैस कर रहा है। इसके लिए वह विदेशी आपूर्तिकर्ताओं और बिचौलियों से सामूहिक विनाश के हथियार (डब्ल्यूएमडी) से जुड़े सामान खरीद रहा है। इसमें चीन उसका सबसे बड़ा मददगार है। रिपोर्ट के मुताबिक, पाकिस्तान चीन से सामूहिक विनाश के हथियार (डब्ल्यूएमडी) विकसित करने के लिए सामग्री और प्रौद्योगिकी हासिल कर रहा है। इनमें से ज्यादातर सामग्री हांगकांग, सिंगापुर, तुर्की और संयुक्त अरब अमीरात जैसे देशों के जरिये हो रहे हैं। पहलगाम आतंकी हमले में 26 लोगों की मौत के बाद भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ आपरेशन सिंदूर को अंजाम दिया इस आपरेशन में भारत ने 7 मई को पाकिस्तान और पीओके में कई आतंकी ठिकानों पर सटीक हवाई हमले किए। इसके जवाब में पाकिस्तान ने 8, 9 और 10 मई को भारतीय सैन्य ठिकानों पर हमलों की कोशिश की, जिसका भारत ने कड़ा जवाब दिया। पाकिस्तान को सबसे बड़ा झटका 10 मई की सुबह लगा, जब भारतीय वायुसेना ने पाकिस्तान के सैन्य ठिकानों पर हवाई हमले किए, जिनमें हवाई अड्डे, रडार इकाइयां और गोला-बारूद के भंडार शामिल थे।

Contact for admission
Seats are Limited
Low Neet Score.... Low Budget Student's (Don't Worry)
Register Today....and Get Discount
Complete Your MBBS in just 20 to 23 Lakhs (Approx) Including
Tuition Fee, Hostel Fee, Food 3 Times, Visa Ext., Insurance
Medical, Transportation, Laundry & FMGE Coaching By
Experts Regularly (No Extra, No Hidden Charges
➢Russia
➢Georgia
➢Kazakistan
➢Kyragyzstan
➢Uzbekistan
➢Iran
➢Bangladesh
➢Nepal
➢China
➢Europe
➢Egypt
➢Armenia
➢U.K.
➢Canada
➢U.S.A.
Anjum Kaleem
8384872313
9457439020
No need to go Delhi or
NCR, Come to Bijnor
100% Sure and Safe
India's Leading Education Consultancy
M.B.B.S./MD
Since 2010
ABROAD ADMISSION, Guidance For India & Counselling
Top Govt. Universities NMC, WHO,
WFME, UNESCO, US Assmebly
Approved Universities
Indian Hostel And Mess Available
Lowest Price Packages
www.mbbsbijnor.com
M.B.B.S. ABROAD CONSULTACNCY
Office Add. : Moin ka Chauraha Opposite
Tiranga Enterprice, Chahshreen B-21, Bijnor